हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

सोन वर्षा वाणी

दुमका,औरंगाबाद, आरा, एवं पटना से प्रकाशित

Page 11

खेल

रोनाल्डो ने फीफा वर्ल्ड कप को लेकर की भविष्यवाणी, एक बार फिर ब्राजील खिताब जितेगी

Page 10

देश

एनसीपी विलय की चर्चा के बीच सुनेत्रा पवार के घर पहुंचे शरद पवार, पार्थ और जय संग हुई...

रजि नं.-JHAHIN/2022/82776

• दुमका • शुक्रवार • 06 फरवरी 2026 • वर्ष 04 • अंक 352 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने सिद्धिविनायक मंदिर में किया विघ्नहर्ता का दर्शन

एजेंसी, मुंबई । टी20 वर्ल्ड कप शुरू होने से दो दिन पहले भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने गुरुवार को मुंबई स्थित सिद्धिविनायक मंदिर में भगवान गणेश का दर्शन किया। यह जानकारी सिद्धिविनायक मंदिर के सूत्रों ने दी। भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच गौतम गंभीर आज सुबह मुंबई में दादर में स्थित सिद्धिविनायक मंदिर में पहुंचे और आरती में हिस्सा लिया। इसके बाद गंभीर ने भगवान का गणेश का दर्शन किया और टीम के लिए आशीर्वाद मांगा। सात फरवरी से टी 20 वर्ल्ड कप शुरु होने जा रहा है। उल्लेखनीय है कि गौतम गंभीर 2024 में भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच नियुक्त हुए थे, जिसके बाद उनकी कोचिंग में भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी (2025) खिताब जीता। पिछले साल हुए एशिया कप में भी भारत चैंपियन बना, इसके अलावा टी20 में भारत ने शानदार प्रदर्शन किया। गंभीर ने आज सिद्धिविनायक मंदिर में भगवान गणेश से टीम इंडिया के सफल होने की कामना की है।

लखनऊ विश्वविद्यालय में शोधार्थियों से संवाद करेंगे मोहन भागवत

एजेंसी, लखनऊ । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत 18 फरवरी को यहां लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में शोधा र्थियों से संवाद करेंगे। इस दौरान डॉ. भागवत 'संघ यात्रा के 100 वर्ष' पर विद्यार्थियों को संबोधित भी करेंगे। संघ के प्रचार विभाग के मुताबिक सरसंघचालक डॉ. भागवत दो दिवसीय दौरे पर 17 फरवरी को लखनऊ आएंगे और 18 फरवरी को लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में शोधार्थियों से संवाद करेंगे। इस संवाद सत्र में विभिन्न विश्वविद्यालयों में शोध कार्य कर रहे करीब 300 विद्यार्थी शामिल होंगे। इस अवसर पर सरसंघचालक 'संघ यात्रा के 100 वर्ष' विषय पर विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे। डॉ. भागवत 18 फरवरी की शाम को गोमतीनगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में संघ की ओर से आयोजित प्रमुख जन संगोष्ठी को संबोधित करेंगे। इस गोष्ठी में विभिन्न श्रेणियों के प्रमख लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। गोष्ठी के बाद प्रश्नोत्तर सत्र भी रहेगा। इसमें लोग सीधे सरसंघचालक से संघ से जुड़े विषयों पर प्रश्न पूछ सकते हैं।

छत्तीसगढ़ के बीजापुर मुठभेड़ में 1 नक्सली ढेर, एके-47 बरामद

एजेंसी, बीजापुर । छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच जारी मुठभेड़ के बीच अबतक 1 नक्सली का शव एवं एके-47 हथियार मौके से बरामद किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण बस्तर के पेद्दागेलूर जंगल क्षेत्र में डीआरजी और सीआरपीएफ कोबरा के जवान मोर्चा संभाले हुए हैं। फिलहाल, इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार मुठभेड़ में मिला एक पुरूष नक्सली का शव डीव्हीसीएम कैडर का नक्सली कमांडर उधम सिंह का बताया जा रहा है। उधम सिंह लाटून नंबर 30 का कमांडर था, और वह जागूरगुंडा एरिया कमेटी का कमांडर भी है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि बीजापुर जिले के दक्षिण क्षेत्र में सशस्त्र नक्सलियों की मौजूदगी की जानकारी के आधार पर सर्च अभियान शुरू किया। अभियान के दौरान सुरक्षाबल और नक्सलियों के बीच आज गुरूवार सुबह 7:30 बजे से रुक-रुक कर मुठभेड़ जारी है। मुठभेड़ मे अब तक 1 नक्सली का शव एवं एके-47 हथियार मौके से बरामद किया गया है। अभियान पूर्ण होने के पश्चात विस्तृत रिपोर्ट अलग से साझा की जाएगी।

केंद्रीय बजट में झारखंड की हुई है उपेक्षा :मुख्यमंत्री

एजेंसी। कोडरमा

राज्य के मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय अध्यक्ष हेमन्त सोरेन ने गुरुवार को कोडरमा के लोकाई में कहा कि इस बार के केंद्रीय बजट में झारखंड की उपेक्षा की गयी है। खनिज मामलों में धनी राज्य झारखंड यदि इन संसाधनों को दूसरे राज्यों में भेजने पर पांबदी लगा दे तो देश की आर्थिक स्थिति कमजोर हो जायेगी। सोरेन ने झामुमो में शामिल हुए लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि कोडरमा जिले में झारखंड मुक्ति मोर्चा अपने राजनीतिक कार्यक्रमों को आगे बढाते हुए एक और कड़ी जोड़ रही है। एक लंबे समय के बाद अलग अपना राज्य बना। 25वां साल का यह झारखंड प्रदेश बिहार के एक कोने में बसता था, नतीजा झारखंड प्रदेश कई मायनो में पिछड़ा रहता था। आजादी के लिए भारत देश को कितना संघर्ष करना पड़ा, वो आप सबको पता है। कितने लोग जेल गए, ना जाने कितने लोग देश के लिए कुरबान हो गए। ठीक उसी प्रकार जब ये भारत देश आज़ादी का सपना भी नहीं देखा था उससे कई वर्षों आगे से झारखंड में यहां के आदिवासी मूलवासी अंग्रेजों से लोहा लेते रहे। हजारीबाग जेल से लेकर झारखंड के हर कोने के जेल झारखंड के आंदोलनकारियों से भरा पड़ा था, तब ये राज्य मिला। यह ऐसा राज्य है जिसने सदियों से सिर्फ देने का काम किया। उन्होंने कहा कि कोयला, लोहा, अबरख सारा कुछ हम लोग दिया। हमारे खनिज संपदा से दिल्ली, मुंबई, गुजरात चमकता रहा। हम लोग अंधकार में गरीबी में रहने को मजबूर हुए और योजनाबद्ध तरीके से झारखंड को गरीब राज्य बनाने का काम किया गया। देश के आजाद होने के बाद कारखाने उद्योग लगे लेकिन दुर्भाग्य उसका लाभ हमारे झारखंड के भाइयों को नहीं मिला। झारखंड गरीब है वो इसलिए गरीब है कि और राज्यों को आगे बढ़ाना है। दिल्ली, मुंबई, गुजरात तो आगे बढ़ाना है तो वाहन चलाएगा कौन, सड़क, बिल्डिंग बनाएगा कौन, फैक्ट्री चलेगा तो उसको चलाएगा कौन। उसके लिए तो मजदूर चाहिए इसीलिए झारखंड बिहार को लोगों ने मजदूर बनाके छोड़ दिया। लेकिन अब झारखंड बदल रहा है, झारखंड को वैश्विक मंच पर पहुंचाने का काम किया, विदेश में यहां के नौजवान पढ़ाई कर रहे हैं। सोरेन ने यह भी कहा कि शालिनी गुप्ता के नेतृत्व में मजबूती मिलेगी। अब दो आंख और होगी और हम और अच्छे तरीके से कोडरमा को देख सकेंगे। इस दौरान राज्य के मंत्री सुदीव्य कुमार सोनू, पार्टी नेता प्रणव वर्मा, पूर्व विधायक केदार हाजरा, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जानकी यादव के साथ पार्टी के अन्य नेता मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बिरेन्द्र पांडेय जबकि संचालन जिला सचिव पवन माइकल कुजूर ने किया। कोडरमा में दिखेगा बदलावः सुदीव्य राज्य के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि साल 2019 में विधानसभा के चुनाव में झारखंड की जनता ने हेमन्त सोरेन के साथ चलने का निर्णय किया। चाहे वह सर्वजन पेंशन योजना हो, चाहे वह सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना हो, चाहे वो मंईयां सम्मान हो। जब 2024 का चुनाव आया तो झारखंड के बड़े भूभाग में और झारखंड के ज्यादा इलाके से लोगों ने हेमन्त सोरेन के पीछे चलने का संकल्प लिया और आज देखकर यह खुशी हो रही है कि कोडरमा की जनता ने भी हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में करवट लेने का मन बना लिया है और अब यहां भी बदलाव दिखेगा। वहीं, झामुमो में शामिल होने के बाद अपने सम्बोधन में शालिनी गुप्ता ने कहा कि आज यहां नयी ऊर्जा और जुनून है, आज एक नई दिशा मिलने वाली है और हम सब लोगों ने जो 15 साल से लगातार संघर्ष किया, तपस्या की। आज उसके नवीनीकरण का दिन है। उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में असम से आये एक मुख्यमंत्री ने कहा था कि झारखंड हमारा होगा। पर झारखंड उनका हुआ नहीं, लेकिन उन्हें मैं जरुर कहना चहती हूं कि झारखंड जिनका था, जिनसे है, उन्हीं का है और उन्हीं का रहेगा। कार्यक्रम के दौरान भीम साहू, बिरेन्द्र साहू, सूर्यदेव मोदी, प्रवीण चंद्रवंशी, दुर्गा शाही, आईडी राम, कल्याणी सिंह, शमशुल खान, बृजनंदन यादव सहित अन्य मौजूद थे।

मुख्यमंत्री को पौधा देकर उपायुक्त ने किया स्वागत : कोडरमा आगमन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पौधा भेंट कर उपायुक्त ऋतुराज ने स्वागत किया। हेलीकॉप्टर से कोडरमा के जेजे कॉलेज पहुंचने पर पर मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। उनकी सुरक्षा और कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्था को लेकर उपायुक्त ऋतुराज के अलावा पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, उप विकास आयुक्त रवि जैन भी मौजूद थे। वहीं कार्यक्रम स्थल पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव सहित झामुमो के कई अन्य नेता भी मौजूद रहे।

पुलिस की जांच में खुलासा- फिल्म जगत के पांच नामी शख्स अंडरवर्ल्ड के निशाने पर

एजेंसी, मुंबई

फिल्म निर्माता रोहित शेट्टी के घर पर हुई फायरिंग मामले की छानबीन में पता चला है कि पांच नामी फिल्मी हस्तियां भी अंडरवर्ल्ड के निशाने पर हैं। इन पांचों को रंगदारी के लिए धमकी दिए जाने की जानकारी मुंबई पुलिस को मिली है, लेकिन इनमें से किसी ने भी अब तक पुलिस संपर्क नहीं किया है। इससे पुलिस स्तब्ध हैं, हालांकि पुलिस इस संबंध में सतर्क होकर आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

फिल्म निर्माता रोहित के आवास पर हुई फायरिंग मामले की छानबीन कर रहे अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि फिल्म निर्माता रोहित शेट्टी के आवास पर रविवार को आधी रात में अज्ञात आरोपितों ने पर ६ राउंड फायरिंग की थी। इस मामले में पुलिस ने पुणे से ४ लोगों को गिरफ्तार किया है। इस मामले की जांच के दौरान पुलिस को चौंकाने वाली जानकारी मिली है कि सिर्फ रोहित शेट्टी ही नहीं, बल्कि बॉलीवुड के ५ बड़े स्टार्स गैंगस्टर्स के निशाने पर हैं।

पुलिस की जांच में पता चला है कि फरार गैंगस्टर शुभम लोणकर इस फायरिंग की जिम्मेदारी लेते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट डाली थी। सोशल मीडिया पर लोणकर ने यह भी दावा किया है कि रोहित सहित पांच फिल्मी हस्तियों को रंगदारी मांगने के फोन काल आए हैं, लेकिन रोहित शेट्टी सहित किसी ने भी पुलिस को इसकी जानकारी नहीं दी है। सोशल मीडिया के पोस्ट पर लोणकर के पोस्ट की छानबीन से पता चला है कि रंगदारी की धमकी की बात सही है, लेकिन धमकी मिलने के बाद भी फिल्मी हस्तियों को चुप रहना समझ में नहीं आ रहा है। हालांकि, सुरक्षा के हिसाब से पुलिस अपना काम कर रही है।

झारखंड में फिर बढ़ेगी ठंड:अगले 24 घंटे में 5 डिग्री तक गिरेगा पारा, हिमालय की बर्फबारी का दिखेगा असर

रांची । राजधानी रांची समेत पूरे झारखंड में अगले 24 घंटों के दौरान ठंड बढ़ने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार से राज्य में तापमान में गिरावट शुरू होगी और रात के समय कनकनी बढ़ेगी। सुबह के समय कुहासा छाने की भी संभावना जताई गई है। अगले पांच दिनों के भीतर रांची के न्यूनतम तापमान में करीब पांच डिग्री तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है। राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में सुबह हल्के से मध्यम कुहासे का असर देखने को मिलेगा। बुधवार को राजधानी समेत राज्य के कुछ हिस्सों में हल्के बादल छाए रहे, लेकिन शुक्रवार से आसमान साफ होने की संभावना है, जिससे सर्द हवाओं का प्रभाव और बढ़ेगा।

सर्द हवाओं से बढ़ेगी ठिठुरन, तापमान में आएगी गिरावट : मौसम विभाग के अनुसार उत्तर से आने वाली सर्द हवाओं के कारण राज्य में ठंड बढ़ेगी। राजधानी रांची में बुधवार को न्यूनतम तापमान 13.1 डिग्री और अधिकतम 26.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, पिछले 24 घंटों के दौरान रांची का अधिकतम तापमान 26.3 और न्यूनतम 13.2 डिग्री रहा था। राजधानी का अधिकतम तापमान सामान्य से करीब दो डिग्री अधिक रहा, जबकि पूरे राज्य में अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री तक ऊपर चल रहा है। हालांकि आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री तक गिरावट की संभावना है, जिससे रात के समय ठिठुरन बढ़ेगी। मौसम विभाग का अनुमान है कि आठ फरवरी तक ठंड का असर बना रहेगा।

इन जिलों के लिए जारी हुआ यलो अलर्ट : मौसम विभाग ने राज्य के उत्तर-पश्चिमी हिस्सों में घने कुहासे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। गुरुवार को पलामू, गढ़वा और चतरा जिलों में घना कोहरा छाने की चेतावनी दी गई है। इन इलाकों में विजिबिलिटी 50 से 100 मीटर तक सिमट सकती है। रांची और आसपास के क्षेत्रों में भी सुबह के समय हल्का कुहासा छाया रह सकता है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार हिमालय में पश्चिमी विक्षोभ के कारण हुई बर्फबारी और उत्तर भारत में हुई बारिश के बाद ठंडी हवाएं झारखंड पहुंच रही हैं, जिससे ठंड का असर और तेज होगा।

हिमालय की बर्फबारी का दिखेगा असर : रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य में मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। अगले 24 घंटों के बाद ठंड और बढ़ सकती है। न्यूनतम के साथ-साथ अधिकतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की जाएगी। खूंटी, गुमला, पलामू, हजारीबाग और रामगढ़ में न्यूनतम तापमान 9 डिग्री तक पहुंच सकता है। दक्षिणी जिलों पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम तथा खरसावां में भी न्यूनतम तापमान 11 से 13 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है। सुबह हल्का कोहरा और दिन में ठंडी हवाएं लोगों को ठंड का एहसास कराएंगी।

सेशेल्स के राष्ट्रपति सात दिन के दौरे पर पहुंचे भारत, चेन्नई में हुआ स्वागत

एजेंसी, चेन्नई

सेशेल्स के राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी पहली बार भारत की यात्रा पर आए हैं।चेन्नई के हवाई अड्डे पर तमिलनाडु सरकार के आदि-द्रविड़ कल्याण मंत्री मथिवेंदन और चेन्नई की मेयर प्रिया सहित अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। सेशेल्स के राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी ने अक्टूबर 2025 में पद की शपथ ली थी। वे पहली बार भारत की यात्रा पर आए हैं। हर्मिनी सात दिन तक भारत प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे दिल्ली में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ अंतरराष्ट्रीय मुद्दों, द्विपक्षीय संबंधों और विभिन्न समझौतों पर बातचीत करेंगे।

ऊर्जा सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता, वेनेजुएला समेत किसी भी नए विकल्पों के मूल्यांकन के लिए तैयार: भारत

एजेंसी, नई दिल्ली

भारत ने कहा है कि मौजूदा अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों को देखते हुए उसकी सबसे बड़ी प्राथमिकता अपने 140 करोड़ लोगों की ऊर्जा सुरक्षा है। वह वेनेजुएला समेत किसी भी नए आपूर्ति विकल्प के वाणिज्यिक लाभों का मूल्यांकन करने के लिए तैयार है। भारत ने दोहराया कि वह ऊर्जा आपूर्ति में विविधता लाने का पक्षधर है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को यहां साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में एक बार फिर ऊर्जा जरूरतों और लाभकारी मूल्यों को निर्णय का आधार बताया। उन्होंने दोहराया कि भारत आपूर्ति में विविधता लाने का पक्षधर है। भारत की इस टिप्पणी को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान से जोड़कर देखा जा रहा है, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि भारत रूसी तेल खरीदी बंद करने पर सहमत हो गया है। उल्लेखनीय है कि भारत और अमेरिका के बीच हाल ही में व्यापार समझौता सम्पन्न हुआ है। समझौते के बाद अमेरिका ने भारतीय समानों पर लग रहा अतिरिक्त टैरिफ हटा लिया है। वहीं ट्रम्प ने दावा किया है कि भारत रूस से तेल खरीदी नहीं करेगा और वेनेजुएला को प्राथमिकता देगा। जायसवाल ने भारत अमेरिकी समझौते से जुड़े कई प्रश्नों के उत्तर दिए। प्रवक्ता ने राष्ट्रपति ट्रंप के दावे पर कहा, "ऊर्जा आपूर्ति के संबंध में सरकार ने कई मौकों पर सार्वजनिक रूप से बयान दिया है। सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता 140 करोड़ भारतीयों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना है। भारत की रणनीति रही है कि अपने इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बाजार स्थितियों और बदलते वैश्विक घटनाक्रम के अनुरूप ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाए। भारत के सभी कदम इसी बात को ध्यान में रखकर उठाए गए हैं और भविष्य में भी उठाए जाएंगे।" ट्रम्प के वेनेजुएला से तेल खरीद से संबंधित दावों पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि वेनेजुएला भारत का ऊर्जा क्षेत्र, व्यापार और निवेश को लेकर लंबे समय से सहयोगी रहा है।

हिमाचल में 9 फरवरी से फिर बर्फबारी, लाहौल स्पीति में सीजन की सबसे सर्द रात

एजेंसी, शिमला

हिमाचल प्रदेश में पिछले दिनों हुई व्यापक बर्फबारी के बाद फिलहाल मौसम खुलने से लोगों को कुछ राहत जरूर मिली है। लेकिन यह राहत ज्यादा दिनों तक टिकने वाली नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार 9 फरवरी से प्रदेश में एक बार फिर मौसम का मिजाज बिगड़ने वाला है। इससे पहले ही ठंड ने अपना असर तेज कर दिया है और इस सर्दी के मौसम की सबसे ठंडी रात दर्ज की गई है। जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के कुकुमसेरी में न्यूनतम तापमान शून्य से 14.9 डिग्री नीचे पहुंच गया।

पिछले दो दिनों से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में मौसम साफ बना हुआ है। गुरुवार को भी धूप खिलने से शिमला सहित कई इलाकों में मौसम सुहावना हो गया है। हालांकि मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने अगले 24 घंटों के दौरान राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी की संभावना जताई है। साथ ही निचले और मैदानी इलाकों में घने कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके बाद 7 और 8 फरवरी को पूरे प्रदेश में मौसम साफ रहने का अनुमान है।

मौसम विभाग के अनुसार 9 फरवरी से पश्चिमी विक्षोभ एक बार फिर सक्रिय होगा। इसके असर से 9 से 11 फरवरी के बीच ऊंचाई वाले इलाकों में बारिश और बर्फबारी जबकि मध्य पर्वतीय और मैदानी क्षेत्रों में बारिश होने के आसार हैं। इस दौरान शिमला और मनाली जैसे प्रमुख हिल स्टेशनों पर भी बर्फ गिरने की संभावना जताई गई है। इस सर्दी के मौसम में शिमला और मनाली में अब तक दो बार हिमपात हो चुका है। 23 जनवरी को हुए पहले भारी हिमपात से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ था और सैकड़ों सड़कें बंद हो गई थीं। इस बीच, राज्य के निचले भागों में कोहरे ने भी लोगों की परेशानी बढ़ाई है।

अमेरिका खत्म करना चाहता है चीन का दबदबा, भारत सहित 50 देशों को कर रहा एकजुट

एजेंसी, वाशिंगटन

अमेरिका के नेतृत्व में वैश्विक अर्थव्यवस्था और भविष्य की तकनीक को सुरक्षित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक रणनीतिक कदम उठाया गया है। चीन के वर्चस्व को चुनौती देते हुए अमेरिका ने करीब 50 देशों के एक शक्तिशाली ट्रेडिंग ब्लॉक का प्रस्ताव रखा है। इस वैश्विक गठबंधन का मुख्य उद्देश्य क्रिटिकल मिनरल्स (महत्वपूर्ण खनिजों) के उत्पादन, प्रोसेसिंग और कीमतों को स्थिर रखना है ताकि अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला किसी एक देश के नियंत्रण में न रहे। 4 फरवरी, 2026 को वाशिंगटन में आयोजित क्रिटिकल मिनरल्स मिनिस्टीरियल के दौरान इस बड़े रोडमैप की घोषणा की गई, जिसे भविष्य की तकनीक पर नियंत्रण सुरक्षित करने की एक निर्णायक वैश्विक रणनीति माना जा रहा है। इस महत्वपूर्ण सम्मेलन के दौरान अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने स्पष्ट किया कि अमेरिका और उसके सहयोगियों को एक ऐसा मजबूत ढांचा तैयार करना होगा, जिसमें टैरिफ और न्यूनतम कीमतों (फ्लोर प्राइस) के माध्यम से घरेलू और मित्र देशों के उत्पादकों की रक्षा की जा सके। वेंस ने कहा कि अमेरिका रेयर अर्थ और अन्य क्रिटिकल मिनरल्स के लिए बेसलाइन कीमतें तय करने पर विचार कर रहा है ताकि चीन जैसे देश कीमतों को कृत्रिम रूप से गिराकर प्रतिस्पर्धियों को बाजार से बाहर न कर सकें। उन्होंने इस ब्लॉक को साथी और सहयोगियों के बीच एक सुरक्षित जोन करार दिया, जिसका लक्ष्य किसी तीसरे पक्ष पर निर्भरता को पूरी तरह खत्म करना और मित्र देशों के बीच संयुक्त उत्पादन को बढ़ावा देना है।

इस पहल का मुख्य केंद्र लिथियम, कोबाल्ट, निकेल और रेयर अर्थ एलिमेंट्स जैसी उन धातुओं को चीन के प्रभाव से मुक्त करना है, जो स्मार्टफोन, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), सेमीकंडक्टर और मिसाइल गाइडेंस सिस्टम के लिए अनिवार्य हैं। वर्तमान में चीन दुनिया के लगभग 70 प्रतिशत रेयर अर्थ खनन और 90% प्रोसेसिंग पर नियंत्रण रखता है और अक्सर कूटनीतिक विवादों के दौरान इनके निर्यात को हथियार के रूप में इस्तेमाल करता है।

हिन्दी दैनिक
सोन वर्षा वाणी
दुमका, शुक्रवार 6 फरवरी 2026

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper

संक्षिप्त समाचार

धनबाद के डीसी-एसपी ने डिस्पैच और रिसीविंग सेंटर का किया निरीक्षण

रांची, एजेंसी। नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 को लेकर धनबाद जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और त्रुटिरहित तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार 02 फरवरी 2026 को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन और वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने विभिन्न चुनावी केंद्रों का निरीक्षण किया। प्रशासन की ओर से यह निरीक्षण चुनावी तैयारियों की अंतिम समीक्षा के तौर पर किया गया। उपायुक्त और एसएसपी ने बिरसा मुंडा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्थित डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया। यहां मतदान कर्मियों के लिए तैयार की गई व्यवस्थाओं, सामग्री वितरण प्रणाली और सुरक्षा इंतजामों की गहन जांच की गई। इसके बाद धनबाद पॉलिटेक्निक स्थित रिसीविंग सेंटर पहुंचकर मतगणना के बाद ईवीएम और चुनाव सामग्री जमा कराने की प्रक्रिया की समीक्षा की गई। प्रशासनिक अधिकारियों ने टाउन हॉल के सामने विवाह भवन स्थित मटेरियल सेल का भी निरीक्षण किया। यहां चुनाव से जुड़ी सामग्री के भंडारण, आवंटन और रिकॉर्ड संधारण की व्यवस्था की जांच की गई। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी सामग्री समय पर और सही तरीके से मतदान दलों तक पहुंचे, इसमें किसी तरह की लापरवाही न हो। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त आदित्य रंजन ने कार्य में लगे पदाधिकारियों और कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्वाचन से संबंधित प्रत्येक गतिविधि की सतत और बारीकी से निगरानी की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर छोटी सी भी चूक पूरे चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती है, इसलिए जिम्मेदारी और सतर्कता के साथ काम करें। उपायुक्त ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग, झारखंड द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित कोषांगों को आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया। समयबद्ध तरीके से कार्य निष्पादन और स्पष्ट जिम्मेदारी तय करने पर विशेष जोर दिया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि मतदान और उससे जुड़े सभी चरणों में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी जाएगी। संवेदनशील और अति संवेदनशील इलाकों पर विशेष नजर रखी जा रही है। पुलिस और प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल के साथ कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, उप विकास आयुक्त सन्नी राज, एसडीएम लोकेश बारंगे, निदेशक डीआरडीबी राजीव रंजन, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश बाउरी समेत कई अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने अपने-अपने स्तर पर चुनावी तैयारियों की जानकारी साझा की और आवश्यक निर्देश प्राप्त किए।

चतरा में जिला आयुष पदाधिकारी गिरफ्तार, महिला चिकित्सक से रिश्वत मांगने का आरोप

चतरा, एजेंसी। चतरा जिले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जिला आयुष पदाधिकारी राम प्रकाश वर्मा को 10 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई हजारीबाग एसीबी की टीम ने चतरा स्थित जिला आयुष कार्यालय में की। आरोपी अधिकारी पर अपने ही विभाग में कार्यरत महिला आयुष चिकित्सक से विभागीय कार्य के निष्पादन के बदले अवैध राशि की मांग करने का आरोप है। गिरफ्तारी की खबर फैलते ही स्वास्थ्य विभाग समेत अन्य सरकारी कार्यालयों में दिनभर चर्चा का माहौल बना रहा। एसीबी की इस कार्रवाई को भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि शिकायतकर्ता कोई आम नागरिक नहीं, बल्कि विभाग की ही चिकित्सक हैं। एसीबी के अनुसार, टंडवा में पदस्थापित आयुष चिकित्सक डॉ। प्रिया कुमारी से जिला आयुष पदाधिकारी राम प्रकाश वर्मा लगातार विभागीय कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए रिश्वत की मांग कर रहे थे। इससे परेशान होकर डॉ। प्रिया कुमारी ने हजारीबाग एसीबी कार्यालय में इसकी लिखित शिकायत की। शिकायत मिलने के बाद एसीबी एसपी आरिफ एकराम के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने पूरे मामले का गुप्त रूप से सत्यापन किया। जांच के दौरान शिकायत सही पाए जाने पर एसीबी ने आरोपी अधिकारी को रंगे हाथ पकड़ने के लिए ट्रैप की योजना बनाई। योजना के तहत चिकित्सक को तय रकम लेकर अधिकारी के पास भेजा गया। निर्धारित योजना के अनुसार जैसे ही डॉ। प्रिया कुमारी ने कार्यालय में राम प्रकाश वर्मा को 10 हजार रुपये की रिश्वत दी, पहले से मौजूद एसीबी टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उन्हें रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। एसीबी ने रिश्वत की पूरी रकम मौके से बरामद कर ली। इसके बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए आरोपी अधिकारी को अपने साथ हजारीबाग ले जाया गया, जहां उससे पूछताछ की जा रही है। एसीबी अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि इस मामले में विभाग के अन्य अधिकारी या कर्मचारी भी शामिल हैं या नहीं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि भ्रष्टाचार के खिलाफ एसीबी का अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

झामुमो का 54वां स्थापना दिवस

सीएम हेमंत ने गुरुजी को दी श्रद्धांजलि

धनबाद, एजेंसी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गोल्फ ग्राउंड में झामुमो के 54वें स्थापना दिवस समारोह में हिस्सा लिया। मंत्री सुदिव्य सोनू और हफीजुल हसन के साथ-साथ अन्य कई व्यक्ति भी मंच पर मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने शहीदों की याद में बने स्मारक पर फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने मंच पर रखी दिशोम गुरु शिबू सोरेन की तस्वीर पर फूल चढ़ाकर उन्हें भी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मंच से मंत्रियों ने मांग की कि गुरुजी को भारत रत्न दिया जाए।

समारोह में दूर-दराज के आदिवासी बहुल इलाकों से बड़ी संख्या में लोग समारोह में शामिल हुए। पंडाल के बाहर भी भीड़ जमा थी। यह पहली बार था कि गुरुजी मंच पर मौजूद नहीं थे; उनकी जगह उनकी तस्वीर रखी थी। मुख्यमंत्री और अन्य लोगों ने मंच से गुरुजी के आंदोलन और उनके संघर्षों की कहानी बताई। मुख्यमंत्री ने मंच से बीजेपी पर हमला बोला और असम के आदिवासियों की दुर्दशा के बारे में भी बात की। उन्होंने कोयला खनन में लगी आउटसोर्सिंग कंपनियों में स्थानीय युवाओं को 75 प्रतिशत रोज़गार सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने युवाओं को संदेश दिया कि अगर आउटसोर्सिंग कंपनियां रोजगार नहीं देती हैं, तो उन्हें उन कंपनियों पर कब्जा कर लेना चाहिए।

उन्होंने मंच से सभी को 'जोहार' कहकर अभिवादन किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि आज आदिवासी शब्द 'जोहार' को हर जगह समर्थन मिल रहा है। अपने लंदन दौरे का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड के उनके भाइयों ने उन्हें 'जोहार' कहकर अभिवादन किया।

उन्होंने कहा कि पहले उनका कार्यक्रम शाम को होता था, लेकिन नगर निकाय चुनावों के लिए आचार संहिता के कारण इस साल का समारोह दिन में आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि उन्हें शाम के बाद माइक्रोफोन इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं है। उन्होंने कहा कि उन्हें धूप, गर्मी या ठंड से कोई फर्क नहीं पड़ता। वे अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए हमेशा मजदूरों के साथ खड़े रहते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक जगह है जहां से मार्गदर्शक नेताओं ने ऐतिहासिक घोषणाएं की हैं। हमारे नेताओं ने उपलब्धियों की लंबी लकीरें खींची हैं। अलग राज्य की घोषणा, साथ ही जल, जंगल और जमीन के मुद्दे, इसी मैदान से किए गए थे। कई नेता और नायक अब हमारे साथ नहीं हैं। मार्गदर्शक नेताओं के उस समूह में एक व्यक्ति ऐसा है जिसकी पहचान न केवल राज्य में बल्कि देश में भी अलग है। गुरुजी, जिन्होंने आदिवासियों, मूल निवासियों और दलितों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी, आज हमारे बीच नहीं हैं। गुरुजी की कमी सिर्फ झामुमो पार्टी के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे झारखंड के लिए एक दुख की बात है। यह दिन, उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ-साथ राज्य के विकास पर सोचने का भी दिन है। इस मैदान में स्थापना दिवस मनाना खास अहमियत रखता है; यह एक अलग पहचान बनाता है।

धनबाद में कई नायकों का जन्म हुआ। उन्होंने गरीबों और मूल निवासियों की रक्षा के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी। झारखंड में ऐसे बहादुर शहीद हुए हैं जिन्होंने भूख-प्यास सहकर आजादी के लिए लड़ाई लड़ी। उनका साथ हमें एक अनोखी पहचान देता है।

उन्होंने कहा कि मूलवासियों और आदिवासियों के साथ-साथ जो लोग राज्य के बाहर से आए हैं, वे भी गर्व से खुद को झारखंडी कहते हैं। इन लोगों का पालन-पोषण यहीं हुआ और वे ऊंचे पदों पर पहुंचे। सिर्फ व्यक्ति ही नहीं, बल्कि झारखंड ने देश चलाने में भी अहम योगदान दिया है। यह भी सच है कि यहां के लोगों ने अत्याचार, गरीबी और अशिक्षा का सामना किया है।

हमारे मार्गदर्शक, गुरुजी ने अलग राज्य के लिए बिगुल फूंका था। उन्होंने झारखंड के आदिवासी और मूल निवासियों के विकास के लिए लड़ने का नारा दिया। झारखंड आंदोलन में कितने लोग शहीद हुए, कितनी महिलाओं ने अपने पति खोए, कितने बच्चे अनाथ हो गए।

चाईबासा में बुजुर्ग महिला की पीट-पीटकर हत्या, 12 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली

चाईबासा, एजेंसी। जिले के टोंटो थाना क्षेत्र के हुसूपी गांव में अंधविश्वास ने एक बार फिर एक बुजुर्ग महिला की जान ले ली। डायन-बिसाही के आरोप में 57 वर्षीय महिला पवदनी सुरीन की भीड़ ने बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। यह घटना मंगलवार देर रात की बताई जा रही है, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई है।

मिली जानकारी के अनुसार, गांव के कुछ लोगों को संदेह था कि महिला जादू-टोना करती है और इसी कारण गांव में बीमारियां फैल रही हैं। इसी शक के आधार पर एक समूह ने उनके घर में घुसकर उन पर हमला कर दिया। लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया गया।

हमले के दौरान महिला चीखती-चिल्लाती रही, लेकिन डर के कारण कोई भी उन्हें बचाने सामने नहीं आया। बाद में परिजनों और पड़ोसियों ने उन्हें अस्पताल ले जाने का प्रयास किया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम में उनके शरीर पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए हैं। घटना के 12 घंटे बीत जाने के बावजूद पुलिस ने अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं की है। टोंटो थाना पुलिस जांच की बात कह रही है। इस हत्याकांड के बाद हुसूपी गांव में भय का माहौल है। कई परिवार अपने घरों में सहमे हुए हैं, खासकर बुजुर्ग महिलाएं, जिन्हें भी इसी तरह निशाना बनाए जाने का डर सता रहा है। सामाजिक कार्यकर्ताओं और मानवाधिकार संगठनों ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में अंधविश्वास के खिलाफ व्यापक जागरूकता अभियान चलाने की अपील की गई है।

गिरिडीह में स्कूल वैन पलटी, तीन बच्चे घायल, बिना फिटनेस-इंश्योरेंस चल रही थी वैन

गिरिडीह, एजेंसी। गिरिडीह जिले के तिसरी थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह उस समय अफरातफरी मच गई, जब उज्ज्वल पब्लिक स्कूल की एक वैन सड़क हादसे का शिकार हो गई। बुटवरिया से बच्चों को लेकर स्कूल जा रही वैन नवनिर्मित पीसीसी सड़क के मोड़ पर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई।

हादसे के समय वैन में करीब 10 बच्चे सवार थे। वैन पलटते ही बच्चों के रोने-चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़े। स्थानीय लोगों की मदद से सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इस दुर्घटना में तीन बच्चों को हल्की चोटें आईं, जबकि अन्य बच्चे बाल-बाल बच गए। हादसे में बुटवरिया निवासी 12 वर्षीय मुस्कान कुमारी (पिता गणेश पासवान), 8 वर्षीय बिपिन सिंह (पिता शारदा सिंह) और 10 वर्षीय मरिता बेसरा घायल हो गए। ग्रामीणों और परिजनों की मदद से तीनों बच्चों को तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिसरी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। डॉक्टरों के अनुसार, बच्चों की हालत खतरे से बाहर है। इलाज के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। परिजनों ने बताया कि वैन चालक तेज गति से वाहन चला रहा था। उन्होंने यह भी कहा कि इससे पहले भी चालक को कई बार सावधानी से वाहन चलाने की हिदायत दी गई थी, लेकिन वह अक्सर तेज रफ्तार में ही गाड़ी चलाता था, जिसका नतीजा यह हादसा बनकर सामने आया।

हादसे के बाद ग्रामीणों ने सड़क किनारे गड्ढे नहीं भरे जाने और चालक के कथित तौर पर अप्रशिक्षित होने का आरोप लगाया। ग्रामीणों का कहना है कि चालक के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस है या नहीं, इसकी भी जांच होनी चाहिए। एम-परिवहन पोर्टल पर वाहन संख्या जेएच10बीटी3853 की जानकारी खंगालने पर चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। रिकॉर्ड के अनुसार, इस स्कूल वैन का फिटनेस प्रमाणपत्र 28 मार्च 2021 को ही समाप्त हो चुका है, जबकि वाहन का बीमा 25 मार्च 2020 को खत्म हो गया था।

इसके बावजूद यह वाहन बच्चों को स्कूल लाने-ले जाने में इस्तेमाल किया जा रहा था। उल्लेखनीय है कि संबंधित निजी विद्यालय पूर्व में भी विवादों में रहा है, जब एक छात्र के साथ शिक्षक द्वारा मारपीट के मामले में विभागीय जांच हुई थी। इस घटना ने एक बार फिर निजी स्कूलों की मनमानी, प्रशासनिक लापरवाही और विभागीय निगरानी की पोल खोल दी है।

झारखंड में बिहार के शख्स की हत्या, श्मशान काली मंदिर में पूजा के बहाने बुलाया

देवघर, एजेंसी। देवघर जिले के जसीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत डिगरिया पहाड़ के 62 माइल के पास सड़क किनारे स्थित एक पुलिया के नीचे अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद किया गया। सुबह-सुबह शव देख स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई और मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए। सूचना मिलने पर जसीडीह थाना की पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान बिहार के जमुई जिले के लहुआ गांव निवासी लड्डू उर्फ हेमंत यादव (42 वर्ष) के रूप में की गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया और पोस्टमॉर्टम के लिए देवघर सदर अस्पताल भेज दिया। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने मौत के कारणों को संदिग्ध बताया है।

मृतक के पिता सुग्रीव यादव और अन्य परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और शव की पहचान की। परिजनों ने पुलिस को बताया कि गांव के ही कुछ परिचित लोग लड्डू यादव के घर आए थे। उन्होंने देवघर स्थित श्मशान काली मंदिर में पूजा-अर्चना कराने की बात कही और उसे अपने साथ ले गए। परिजनों के अनुसार, शाम को मोबाइल पर संपर्क करने पर लड्डू ने बताया था कि वह जल्द ही घर लौट आएगा। इसके बाद देर रात तक वह वापस नहीं लौटा। रात में कई बार फोन करने पर पहले घंटी जाती रही, फिर अचानक मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। इसके बाद परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारों के यहां उसकी खोजबीन की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। सुबह पुलिया के नीचे शव मिलने की सूचना के बाद परिजनों को अनहोनी की आशंका सच होती नजर आई। परिजनों ने आरोप लगाया कि साजिश के तहत लड्डू यादव की हत्या की गई और सबूत छिपाने के इरादे से शव को पुलिया के नीचे फेंक दिया गया। परिजनों का कहना है कि मृतक का मोबाइल फोन भी शव के पास नहीं मिला है, जिससे मामला और भी संदेहास्पद हो गया है।

लड्डू यादव मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। वह अपने पीछे तीन पुत्रियां और दो पुत्रों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गया है। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी एसआई सच्चिदानंद कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और हर पहलु से जांच शुरू की। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

रांची में चोरों का बढ़ता हौसला : थाने से चंद दूरी पर स्थित जेवर दुकान से 16 किलो चांदी उड़ाई

रांची, एजेंसी। राजधानी में एक जेवर दुकान को चोरों ने निशाना बनाते हुए सोलह किलो चांदी पर हाथ साफ कर दिया है। हैरत की बात है कि जिस जेवर की दुकान को चोरों ने निशाना बनाया है, वो स्थानीय थाने से कुछ ही दूरी पर स्थित है। चोरी किए गए चांदी की कीमत 50 लाख बताई जा रही है।

राजधानी रांची में चोरों का मनोबल लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा मामला रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र का है। सुखदेव नगर थाना क्षेत्र में थाने से महज कुछ सौ मीटर दूर एक ज्वेलर्स को चोरों ने अपना निशाना बनाया है। चोरों ने दुकान से करीब 16 किलो चांदी की चोरी कर ली और फरार हो गए। घटना के बाद दुकान संचालक ने पुलिस को सूचना दी, लेकिन जांच में अब तक कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है। दुकान के सीसीटीवी फुटेज में एक चोर की साफ तस्वीर कैद हुई है। जिसने अंदर घुसकर चोरी की है। वहीं दुकान के बाहर 6 अन्य चोर पहरे की तरह खड़े थे। चोरों ने जेवर दुकान में पहुचने के साथ ही बाहर के सीसीटीवी कैमरे को ऊपर की तरफ मोड़ दिया था। चोर दुकान का ताला तोड़कर अंदर जाते दिखे हैं। दुकान में सिर्फ एक चोर गया और मुंह में टॉर्च लेकर गहनों की तलाश करता हुआ दिख रहा है।

सुखदेवनगर थाना प्रभारी सुनील कुमार कुशवाहा ने बताया कि जेवर दुकान के मालिक के द्वारा दिए गए आवेदन में 16 किलो चांदी चोरी होने की बात कही गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश में जुटी हुई है।

बोकारो में हाथियों ने 3 लोगों को कुचल कर मारा

रामगढ़, एजेंसी। बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड अंतर्गत छुटकी पुन्नू गांव में हाथियों ने एक बार फिर रौद्र रूप दिखाया है। हाथियों के झुंड ने एक ही करमाली परिवार के तीन सदस्यों की जान ले ली, जबकि पांच अन्य ग्रामीण घायल हो गए। ग्रामीणों के अनुसार बुधवार की शाम करीब 7 बजे हाथियों का झुंड गांव में घुस आया था। उस समय ग्रामीणों ने मशाल, शोर और अन्य उपायों से हाथियों को किसी तरह भगा दिया। हालांकि खतरा टला नहीं था। गुरुवार तड़के करीब 3 बजे हाथियों का झुंड दोबारा गांव में घुसा और इस बार जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने घरों के गेट तोड़े और अंदर घुसकर सो रहे लोगों पर हमला कर दिया।

हाथियों के अचानक हमले से गांव में अफरा-तफरी मच गई। घरों के भीतर सो रहे बुजुर्ग जान बचाने के लिए बाहर निकले, लेकिन हाथियों ने उन्हें चारों ओर से घेर लिया। हाथियों ने पटक-पटक कर तीन लोगों को कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान गंगा करमाली, कमली देवी और गणेश करमाली की पत्नी भगिया देवी के रूप में हुई है। सभी एक ही परिवार के सदस्य बताए जा रहे हैं। इस हमले में पांच अन्य ग्रामीण भी घायल हो गए, जिन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीन लोगों की एक साथ मौत से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

यह पहली घटना नहीं है। बीते 25 जनवरी को गोमिया प्रखंड के सुदूरवर्ती दरहाबेड़ा गांव में हाथियों के कुचलने से करमचंद सोरेन की मौत हो गई थी। उस घटना पर मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने संज्ञान लेते हुए वन विभाग को सख्त निर्देश दिए थे। इसके बावजूद हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ दिन पहले रामगढ़ जिले में हाथियों ने रविंद्र दांगी को मारुति वैन से खींचकर मार डाला था। लगातार हो रही घटनाओं से ग्रामीण दहशत में हैं। वन विभाग पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं करने का आरोप लगा रहे हैं।

गोमिया क्षेत्र में लगातार हो रही मौत की घटनाओं को लेकर विभाग के प्रति ग्रामीणों में भारी आक्रोश है और बचाव के लिए संसाधनों की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार सालों भर उसका आना-जाना लगा रहता है। जिसके चलते आए दिन ऐसी घटनाएं हो रही हैं।

ग्रामीणों की मांग है कि गांव से रजरप्पा जाने वाली रोड में लाइट की व्यवस्था की जाए। सड़क के किनारे बड़ा ड्रेनेज बनाया जाए जिससे हाथी सड़क पर सीधे नहीं पहुंच सके।

रांची के खादगढ़ा बस स्टैंड में लगातार आगजनी की घटनाओं का खुलासा, एक गिरफ्तार

रांची, एजेंसी। खादगढ़ा बस स्टैंड पर लगातार हो रही आगजनी की घटनाओं में पुलिस ने एक संदिग्ध आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर लोअर बाजार थाने की पुलिस ने अर्जुन भोक्ता नामक आरोपी को पकड़ा, जिसके कब्जे से माचिस का डिब्बा और लाइटर बरामद हुआ। प्रारंभिक जांच में आरोपी पर जानबूझकर आग लगाने का शक है।

रांची के सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि 1 फरवरी 2026 को दोपहर करीब 2:30 बजे खादगढ़ा बस स्टैंड पर खड़ी छह बसों में अचानक आग लग गई थी, जिसमें सभी बसें जलकर खाक हो गईं। इस घटना की जांच जारी थी, उसी दौरान 2 फरवरी को बस टर्मिनल के सामने खड़ी सीटी बस (रजिस्ट्रेशन नंबर छ्व॥01स्न-6969) में फिर आग लग गई। राहत की बात यह रही कि समय रहते आग बुझा ली गई।

जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल में एक संदिग्ध व्यक्ति का हाथ फुटेज में कैद हुआ। फुटेज में देखा गया कि बस में आग लगने से ठीक पहले वह व्यक्ति हाथ में कपड़ा लिए बस में घुसा और बाहर निकलते ही आग भड़क उठी। पुलिस ने आगे जांच की तो 1 फरवरी की घटना वाली पहली जलकर खाक हुई बस के पांच मिनट पहले भी यही व्यक्ति उसी बस के पास से गुजरता नजर आया।

इन सुरागों के आधार पर लोअर बाजार थाने में 3 फरवरी को कांड संख्या 31/2026 धारा 326(द्द)/327(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। विशेष टीम ने छापेमारी कर आरोपी को उसके घर से दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी अर्जुन भोक्ता है, जो रांची के सिकिदरी का रहने वाला है। गिरफ्तार आरोपी के पास से एक माचिस का डिब्बा और एक लाइटर भी बरामद किया गया है।

रांची के सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि आरोपी को जिस समय पकड़ा गया वह अत्यधिक नशे में था या तो उसने शराब का नशा किया था या फिर डेंड्रॉइट का। सिटी एसपी के अनुसार, इस मामले में दर्जनों लोगों से पूछताछ की गई है। लेकिन अंत में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

खादगढ़ा बस स्टैंड में भीषण आग लगी कि यह पहली घटना नहीं है जिसे किसी नशेड़ी या फिर सिरफिरे के द्वारा अंजाम दिया गया हो। साल 2023 में जून महीने में भी 9 बसों में आग लगी थी। जून महीने में 5 घंटे के अंतराल में खादगढ़ा बस स्टैंड में दो बार भीषण आग लगी थी, इस आग लगी में 8 बसें जलकर पूरी तरह से खाक हो गई, जबकि एक बस को अग्निशमन विभाग के द्वारा बचा लिया गया था। 9वें बस में आंशिक रूप से नुकसान हुआ था, लेकिन बाकी आठ बसें तो पूरी तरह से जल कर राख हो गई थीं।

पहली वारदात में कुल 5 बसों में अचानक आग लगी थी आनन-फानन में दमकल के वाहनों को बुलाया गया लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ, नतीजा चार बसें जलकर पूरी तरह से खाक हो गई थी। पहली अगलगी कि घटना के बाद दमकल के 5 वाहनों ने 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया था। आग पर काबू पाने के बाद दमकल के वाहन वापस चले गए। आग पर काबू पाने के बाद पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई और सीसीटीवी फुटेज खंगालने लगी ताकि आग कैसे लगी इसकी जांच हो जाए। लेकिन तभी अचानक खादगढ़ा बस स्टैंड में एक बार फिर से भगदड़ मच गई।

5 घंटे के अंतराल में दूसरी बार बस स्टैंड में खड़ी चार बसों में आग लग चुकी थी। एक बार फिर से अग्निशमन विभाग को मामले की जानकारी दी गई। इस बार भी दमकल के वाहनों को खादगढ़ा बस स्टैंड पहुंचने में लगभग आधा घंटा लग गए। लेकिन आग की लपटें इतनी तेज थी कि देखते ही देखते एक बार फिर से चार बसें जलकर खाक हो गईं। दूसरी बार भी दमकल के 6 वाहनों ने 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया था। बाद में सीसीटीवी जांच में यह बात सामने आई कि एक नाबालिग द्वारा बसों में स्प्रिट छिड़क कर आग लगायी गयी थी। जिसके बाद आरोपित नाबालिग को पुलिस के द्वारा निरुद्ध किया गया था।

नगर निकाय चुनाव नामांकन पत्र की समीक्षा के बाद सभी 18 प्रत्याशी अध्यक्ष की रेस में शामिल

संवाददाता

साहिबगंज। नगर निकाय आम चुनाव 2026 के लिए गुरुवार को नामांकन पत्रों की जांच का कार्य संपन्न हो गया. नामांकन पत्रों की जांच के बाद साहिबगंज नगर परिषद क्षेत्र से सभी 18 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैद्य पाए गए. इस प्रकार साहिबगंज नगर परिषद क्षेत्र से अध्यक्ष पद के लिए सभी 18 प्रत्याशी चुनावी मैदान में रह गए हैं. आज नाम वापस लेने की अंतिम तिथि है. नामांकन वापसी के पश्चात शनिवार को सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह का आवंटन कर दिया जाएगा इसके बाद चुनाव प्रचार में तेजी आने की संभावना है।

नगर परिषद के विभिन्न वार्डों से 11 नामांकन पत्र हुए रद्द- निकाय चुनाव में नामांकन समाप्ति के उपरांत गुरुवार को हुए नामांकन पत्रों की जांच के पश्चात वार्ड नंबर 1 से वार्ड नंबर 28 तक नामांकन दाखिल करने वाले सभी प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जांच की गई. चार अलग-अलग निर्वाची पदाधिकारी के द्वारा सात - सात वार्ड के प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जांच की गई. नामांकन पत्रों की जांच के उपरांत वार्ड संख्या 1 से वार्ड संख्या 7 तक के कुल 30 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाए गए जबकि एक प्रत्याशी के नामांकन पत्र को जाति प्रमाण पत्र समर्पित नहीं करने के कारण अस्वीकृत कर दिया गया. इसी प्रकार वार्ड संख्या आठ से वार्ड संख्या 14 के बीच कुल 32 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था जिसमें जांच के बाद चार प्रत्याशियों के नामांकन रद्द कर दिए गए। जिन प्रत्याशियों के नामांकन रद्द किए गए उनमें से दो प्रत्याशी के वर्ष 2013 के बाद दो से अधिक संतान होने के कारण नामांकन रद्द किए गए जबकि दो प्रत्याशियों का नामांकन समय पर जाति प्रमाण पत्र नहीं प्रस्तुत किए जाने के कारण रद्द किया गया. इसी प्रकार वार्ड नंबर 15 से वार्ड नंबर 21 तक के लिए कल 28 प्रत्याशियों ने नामांकन प्रपत्र दाखिल किया था जिसमें तीन प्रत्याशियों के नामांकन पत्र रद्द किए गए. जिनमें से दो प्रत्याशियों ने समय पर जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया था जिसके कारण नामांकन रद्द किया गया जबकि एक प्रत्याशी के 2013 के बाद दो से अधिक संतान होने के कारण नामांकन प्रपत्र रद्द किया गया. वार्ड नंबर 22 से 28 में कुल 39 प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल किया था जिसमें से 3 प्रत्याशी के 3 संतान के कारण नामांकन रद्द किए गए।

चार वार्ड से केवल एक-एक प्रत्याशी मैदान में - साहिबगंज नगर परिषद क्षेत्र के तीन अलग-अलग वार्डो से नामांकन पत्र की समीक्षा के उपरांत केवल एक-एक प्रत्याशी ही मैदान में रह गए हैं. जिनमें से वार्ड नंबर 3 से 2 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था जिन में से एक प्रत्याशी रीना कुमारी का नामांकन जाति प्रमाण पत्र नहीं प्रस्तुत किए जाने के कारण रद्द कर दिया गया. इस प्रकार वार्ड नंबर 3 से केवल संजू देवी एकमात्र प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गई है. जबकि वार्ड नंबर 8 से केवल रश्मि चौखानी ने ही नामांकन पत्र दाखिल किया था जिनकी समीक्षा के उपरांत नामांकन पत्र स्वीकृत कर लिया गया. इसी प्रकार वार्ड नंबर 16 से केवल अमृता कुमारी ने नामांकन प्रपत्र दाखिल किया था जिनका नामांकन जांच के उपरांत सही पाया गया. वार्ड नं 28 से 3 प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल किया था जिसमें जांच के उपरांत दो प्रत्याशी का नामांकन रद्द कर दिया गया। अब इस वार्ड में केवल एक प्रत्याशी पार्वती उरांव ही चुनाव मैदान में रह गई है।ऐसे में चारों ही प्रत्याशी के विजय होने की औपचारिक घोषणा ही मात्रा बाकी रह गई है।

मैट्रिक व इंटर परीक्षा के तीसरे दिन शांतिपूर्ण माहौल में हुई परीक्षा, मैट्रिक में 730 और इंटर में 973 परीक्षार्थी रहे उपस्थित

संवाददाता

साहिबगंज। झारखंड अधिविध परिषद (जैक) द्वारा आयोजित मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 के तीसरे दिन जिलेभर के परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं कदाचार-मुक्त वातावरण में परीक्षाएं संपन्न हुईं। प्रशासनिक सतर्कता और कड़ी निगरानी के बीच परीक्षार्थियों ने अनुशासन के साथ परीक्षा में भाग लिया। तीसरे दिन पहली पाली में मैट्रिक की परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें वाणिज्य एवं गृह विज्ञान विषय की परीक्षा ली गई। शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर कुल 732 परीक्षार्थियों को परीक्षा में शामिल होना था, जिनमें से 730 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 2 छात्र-छात्राएं अनुपस्थित पाए गए। वहीं, इंटरमीडिएट परीक्षा के अंतर्गत गणित एवं सांख्यिकी विषय की परीक्षा आयोजित की गई। इसके लिए कुल 984 परीक्षार्थियों को नामांकित किया गया था, जिनमें से 973 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इस प्रकार इंटर परीक्षा में कुल 11 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में संपन्न कराई जा रही है। कदाचार रोकने के लिए उड़नदस्ता दलों की भी तैनाती की गई है। उन्होंने कहा कि अब तक परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से संचालित हो रही है और किसी भी केंद्र से किसी तरह की अनियमितता की सूचना नहीं मिली है। प्रशासन ने परीक्षार्थियों से शेष परीक्षा भी इसी तरह अनुशासन के साथ देने की अपील की है, वहीं परीक्षा केंद्रों के आसपास निषेधाज्ञा का सख्ती से पालन कराया जा रहा है ताकि परीक्षा की शुचिता बनी रहे।

सेवानिवृत्त शिक्षक-शिक्षिकाओं को दी गई भावभीनी विदाई

संवाददाता

साहिबगंज। साहिबगंज जिले में बीते तीन महीनों के दौरान सेवानिवृत्त हुए शिक्षक-शिक्षिकाओं को शिक्षा विभाग की ओर से भावभीनी विदाई दी गई। झारखंड शिक्षा परियोजना कार्यालय के समीप स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय पुलिस लाइन परिसर में आयोजित समारोह में नवंबर 2025 से जनवरी 2026 के बीच सेवानिवृत्त हुए कुल 16 शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष ने सेवानिवृत्त शिक्षक-शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने अपने लंबे सेवाकाल में शिक्षा के क्षेत्र को अपना बहुमूल्य समय और समर्पण दिया है। अब जीवन का यह चरण परिवार के साथ समय बिताने और स्वस्थ एवं सुखद जीवन जीने का है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति सरकारी सेवा की एक सतत प्रक्रिया है, जो निरंतर चलती रहती है, लेकिन शिक्षक के रूप में दिया गया योगदान सदैव स्मरणीय रहता है। जिला शिक्षा अधीक्षक ने सभी सेवानिवृत्त शिक्षक-शिक्षिकाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें स्वस्थ जीवन के लिए शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। जानकारी के अनुसार नवंबर 2025 में साहिबगंज जिले से छह, दिसंबर में पांच और जनवरी 2026 में पांच शिक्षक-शिक्षिकाएं सेवानिवृत्त हुए हैं। कार्यक्रम का माहौल आत्मीय और भावुक रहा, जहां सहकर्मियों ने सेवानिवृत्त शिक्षकों के साथ बिताए गए कार्यकाल को याद करते हुए उनके योगदान को सराहा।

साहेबगंजः आलिया मदरसा शिक्षक संघ ने पंकज मिश्रा से की मुलाकात; सातवां वेतनमान और सरकारी सुविधाओं की रखी मांग

संवाददाता

साहेबगंज। झारखंड के राजकीय प्रस्वीकृत गैर सरकारी सहायता प्राप्त आलिया मदरसा के शिक्षकों की समस्याओं के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। बुधवार को जिला परिषद अध्यक्ष मोनिका किस्कू एवं झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य मुजीबुर्रहमान के नेतृत्व में 'ऑल झारखंड मदरसा टीचर्स एसोसिएशन' के एक प्रतिनिधिमंडल ने झामुमो केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता पंकज मिश्रा से मुलाकात की। इस मुलाकात में साहिबगंज, गोड्डा और पाकुड़ जिले के आलिया मदरसा एसोसिएशन के अध्यक्ष, सचिव और सदस्य शामिल हुए। प्रतिनिधिमंडल ने आलिया मदरसा की दयनीय स्थिति और शिक्षकों के समक्ष आ रही वित्तीय कठिनाइयों पर विस्तार से चर्चा की।

एसोसिएशन ने पंकज मिश्रा के समक्ष अपनी निम्नलिखित मांगों को प्रमुखता से रखाः

1. सरकारी सुविधाएंः आलिया मदरसा को बुनियादी सरकारी आधारभूत सुविधाएं मुहैया कराना।
2. समग्र शिक्षा अभियानः मदरसा शिक्षा को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए इसे 'समग्र शिक्षा अभियान' के दायरे में लाना।
3. सातवां वेतनमानः शिक्षकों को लंबे समय से प्रतीक्षित सातवें वेतनमान का लाभ प्रदान करना।

झामुमो केंद्रीय सचिव पंकज मिश्रा ने शिक्षकों की सभी मांगों को अत्यंत गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने आश्वासन दिया कि आलिया मदरसा के शिक्षकों का योगदान समाज के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, "आपकी सभी मांगों और बिंदुओं से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अवगत कराया जाएगा। हमारी सरकार शिक्षा और शिक्षकों के हितों के प्रति संवेदनशील है, जल्द ही इन समस्याओं का उचित समाधान निकाला जाएगा।" इस अवसर पर झामुमो जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, केंद्रीय समिति सदस्य संजय मिश्रा, जिला युवा मोर्चा उपाध्यक्ष मोहम्मद अली और एजाज अंसारी मौजूद थे। शिक्षक संघ की ओर से प्रदेश सचिव हमीदुल गाजी, प्रदेश संयुक्त सचिव मोहम्मद मुख्तारूल हक, साहिबगंज जिला सचिव मोहम्मद अलाउद्दीन, गोड्डा जिला सचिव अबुल कलाम, पाकुड़ जिला अध्यक्ष बदरुल अलम, पाकुड़ जिला सचिव मोहम्मद सलाहुद्दीन, हाफिज अमीर हमजा, अब्दुल मन्नान सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। प्रतिनिधिमंडल ने पंकज मिश्रा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री के संज्ञान में मामला जाने से उनके वर्षों पुराने मुद्दों का निपटारा हो सकेगा।

साहेबगंजः संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर चित्रांकन प्रतियोगिता आयोजित, विजेताओं को डॉ. सुरेंद्रनाथ ने किया पुरस्कृत

संवाददाता

साहेबगंज। भारतीय संविधान की 75वीं वर्षगांठ के ऐतिहासिक अवसर पर संस्कार भारती द्वारा स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में एक भव्य चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के भीतर छिपी रचनात्मक प्रतिभा को उजागर करना और उन्हें संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूक करना था। प्रतियोगिता के उपरांत आयोजित समारोह में सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह को मुख्य रूप से संबोधित करते हुए आरएसएस (RSS) के जिला संपर्क प्रमुख डॉ. सुरेंद्रनाथ तिवारी ने विद्यार्थियों को जीवन के अनमोल मंत्र दिए। उन्होंने कहाः "विद्यार्थियों को अपने जीवन में कठोर अनुशासन और पूर्ण ईमानदारी को अपनाना चाहिए। मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता। जो छात्र गुरुओं का सम्मान करते हुए अपनी शिक्षा को समर्पण के साथ ग्रहण करते हैं, वे ही भविष्य में श्रेष्ठ नागरिक बनकर देश का नाम रोशन करते हैं।" वहीं, संस्कार भारती के संरक्षक भावेश ठाकुर ने कहा कि बच्चों की नैसर्गिक प्रतिभा को निखारने के लिए संस्कार भारती निरंतर इस तरह के प्रयास करती रहेगी।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर

चित्रांकन प्रतियोगिता में नन्हें कलाकारों ने अपनी तूलिका से सुंदर आकृतियां उकेरीं। निर्णायकों के मूल्यांकन के आधार पर निम्नलिखित विजेताओं की घोषणा की गईः

प्रथम स्थानः श्रेया कुमारी
द्वितीय स्थानः प्रतीक कुमार
तृतीय स्थानः दुर्गा कुमारी

इसके अतिरिक्त, सात अन्य बच्चों को उनकी उत्कृष्ट कलाकृति के लिए सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुनील कुमार पंडित, अध्यक्ष सत्यजीत कृष्णा, संरक्षक भावेश ठाकुर, जिला मंत्री डॉ. ममता विद्यार्थी, सह मंत्री शालिनी गुप्ता, शिक्षा प्रमुख श्वेता दत्ता गुंजा, चैताली रॉय चौधरी और अर्चना चैटर्जी सहित विद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में अभिभावक व छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का संकल्प लिया गया।

बरहेटः 1001 कलशों के साथ गूँजा रक्सी गाँव, 9 दिवसीय महारुद्र यज्ञ का भव्य शुभारंभ

संवाददाता

साहेबगंज/बरहेट। प्रखंड के पंचकठिया बाजार पंचायत अंतर्गत रक्सी गाँव में गुरुवार को भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। अवसर था 9 दिवसीय श्रीश्री 1008 महारुद्र यज्ञ के शुभारंभ का, जिसकी शुरुआत भव्य कलश शोभायात्रा और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ की गई। यज्ञ का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह प्रमुख बर्नार्ड मरांडी, एसआई विजय रमानी, यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पंडित, बिट्टू साह, लड्डू भगत और नागराज साह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान विद्वान पंडितों द्वारा किए गए मंत्रोच्चार से वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक हो गया। यज्ञ के पहले दिन आयोजित कलश शोभायात्रा में 1001 कुमारी कन्याओं और महिलाओं ने हिस्सा लिया। सिर पर कलश लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें रक्सी से शुरू होकर बरहेट-बोरियो मुख्य सड़क, पंचकटिया बाजार मार्ग, बाबूपुर शांति नगर और सिंगा होते हुए थाना के समीप गुमानी नदी घाट पहुँचीं। यात्रा के दौरान 'जय श्रीराम', 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयघोष से पूरा इलाका गूँज उठा। इस महारुद्र यज्ञ को संपन्न कराने के लिए विशेष रूप से अयोध्या से यज्ञाचार्य पंडित बाल संत त्यागी महाराज पधारे हैं। उनके और उनके सहयोगी पंडितों के सानिध्य में गुमानी नदी घाट पर वैदिक रीति-रिवाजों के साथ जल भरा गया, जिसके बाद शोभायात्रा पुनः यज्ञ स्थल पहुँची। यज्ञ मंडप में कलशों की स्थापना के साथ ही अखंड रामधुन की शुरुआत की गई। शोभायात्रा में भगवान की सुंदर झांकियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं, जिन पर स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह प्रमुख बर्नार्ड मरांडी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहाः "यज्ञ का आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है।

साहेबगंज सीनियर क्रिकेट लीगः सीए बरहरवा ने माही ब्लू को 18 रनों से हराया, पीयूष गुप्ता बने 'मैन ऑफ द मैच'

संवाददाता

साहेबगंज। जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में स्थानीय सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे सीनियर क्रिकेट लीग टूर्नामेंट में गुरुवार को एक रोमांचक मुकाबला खेला गया। सीए बरहरवा (CA Barharwa) और माही ब्लू (Mahi Blue) के बीच हुए इस मैच में सीए बरहरवा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 18 रनों से जीत दर्ज की। मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सीए बरहरवा की टीम ने निर्धारित 18 ओवरों में 9 विकेट खोकर 144 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से ललित नारायण मंडल ने सबसे अधिक 42 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। वहीं, ईशु डोकानिया ने 26 और मोहम्मद जुनैद रेजा ने 25 रनों का योगदान दिया। माही ब्लू की ओर से गेंदबाजी करते हुए मयंक राज ने घातक स्पेल डाला और 5 विकेट झटके, जबकि हसीबुल इस्लाम ने 3 विकेट लेकर बरहरवा के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने का प्रयास किया। 145 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी माही ब्लू की टीम की शुरुआत संघर्षपूर्ण रही। हालांकि, अमन कुमार ने नाबाद 38 रन और सोहैल शेख ने 27 रनों की जुझारू पारियां खेलीं, लेकिन वे टीम को जीत की दहलीज पार नहीं करा सके। माही ब्लू की पूरी टीम 25.3 ओवर में 126 रनों पर ऑल आउट हो गई। सीए बरहरवा की जीत में गेंदबाजों की भूमिका अहम रही। पीयूष गुप्ता ने 3 विकेट लेकर मध्यक्रम को झकझोर दिया, जबकि सन्नी, सरताज और कृष ने 2-2 विकेट लेकर माही ब्लू की पारी को समेटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के लिए सीए बरहरवा के पीयूष गुप्ता को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। जिला क्रिकेट संघ के सचिव अंकुर सिन्हा ने उन्हें मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। मुकाबले में हयातुल्लाह और तारिक अनवर ने अंपायर की भूमिका निभाई, जबकि श्याम रंजन ने स्कोरर की जिम्मेदारी संभाली। इस अवसर पर टूर्नामेंट इंचार्ज मोहम्मद अशफाक आलम सहित कई क्रिकेट प्रेमी और खिलाड़ी उपस्थित थे। टूर्नामेंट इंचार्ज मोहम्मद अशफाक आलम ने जानकारी दी कि शुक्रवार को लीग का अगला मैच माही येलो बनाम नेताजी क्रिकेट क्लब बी के बीच खेला जाएगा।

गणतंत्र दिवस समारोह 2026
CRICKET LEAGUE
SENIOR
CRICKET ASSOCIATION

साहेबगंजः बिजली योजनाओं में देरी पर उपायुक्त हेमंत सती सख्त; RDSS में धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी, एजेंसी पर कार्रवाई का निर्देश

संवाददाता

साहिबगंज। जिले में विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने और हर गांव तक बिजली पहुँचाने के उद्देश्य से चलायी जा रही योजनाओं की सुस्त रफ्तार पर उपायुक्त (DC) हेमंत सती ने कड़ा रुख अपनाया है। गुरुवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में झारखंड विद्युत आपूर्ति प्रमंडल की समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि बिजली जैसी मूलभूत सुविधा के मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से मुख्यमंत्री उज्जवल झारखंड योजना (MUJY) की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि इस योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि जिन गांवों में अब तक विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित नहीं हो सकी है, वहां प्राथमिकता के आधार पर कार्य पूर्ण करें ताकि ग्रामीणों को समय पर बिजली का लाभ मिल सके। उपायुक्त ने पुनरुत्थान वितरण क्षेत्र योजना (RDSS) की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्य की अत्यंत धीमी रफ्तार पर गहरा असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने पाया कि संवेदक एजेंसी (Contractor Agency) द्वारा कार्य में अनावश्यक विलंब किया जा रहा है। कड़ा रुख अपनाते हुए उपायुक्त ने निर्देश दिया कि कार्य में कोताही बरतने वाली एजेंसी के विरुद्ध विभाग को तत्काल पत्राचार कर सूचित करें और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। उपायुक्त हेमंत सती ने विभाग के अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं को चेतावनी देते हुए कहाः "सभी विद्युत योजनाओं की अब नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जाएगी। यदि भविष्य में किसी भी एजेंसी या पदाधिकारी के स्तर पर लापरवाही पाई गई, तो उनके विरुद्ध कड़ी प्रशासनिक और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हमारा उद्देश्य है कि सरकार की योजनाओं का लाभ धरातल पर दिखे।" इस महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में विद्युत प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता, विद्युत विभाग के अन्य कर्मी और योजनाओं को संचालित कर रही कार्यकारी एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

पूर्व रेलवे

ई-निविदा सं. 265_2025-26 और 266_2025-26, दिनांकः 03.02.2026, वरिष्ठ मंडल अभियंता (IV), पूर्व रेलवे, हावड़ा, नया मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा रेलवे स्टेशन, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **वरिष्ठ डीईएन/4/ हावड़ा। क्रम सं. 1, ई-निविदा सं. 265_2025-26, कार्य का विवरण :** वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के कार्यक्षेत्र में वेल्डिंग पोर्शन की आपूर्ति। **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,93,89,505/-, **बयाना राशि :** रु. 2,47,000/-, **क्रम सं. 2, ई-निविदा सं. 266_2025-26, कार्य का विवरण :** वरिष्ठ मंडल अभियंता/4/हावड़ा के कार्यक्षेत्र में वेल्डिंग पोर्शन की आपूर्ति एवं पर्यवेक्षण सहित एल्यूमिनो थर्मिट एसकेवी प्रक्रिया द्वारा रेल जॉइंटों की वेल्डिंग। **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,02,57,936/-, **बयाना राशि :** रु. 2,01,300/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.) :** शून्य (क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक हेतु)। **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह (क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक हेतु)। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 25.02.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से उपर्युक्त वेबसाइट के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणीः** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्स्ड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-586/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

संक्षिप्त समाचार

सीबीएसई बोर्ड परीक्षा को लेकर उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित

पाकुड़। स्थानीय रविन्द्र भवन टाउन हॉल, पाकुड़ में 10वीं एवं 12वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा को लेकर सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गर्ल्स, पाकुड़ एवं सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस राज +2 के छात्र -छात्राओं के लिए उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ उपायुक्त मनीष कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि बेहतर परिणाम के लिए नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन एवं निरंतर पुनरावृत्ति पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है और परीक्षा में सम्मिलित होना आवश्यक है। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु विशेष पहल की जा रही हैं। बेहतर शैक्षणिक वातावरण के लिए विशेष शैक्षणिक अभियान संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग से इस वर्ष जिले का परीक्षा परिणाम और बेहतर होगा।उपायुक्त ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यदि किसी प्रश्न का उत्तर पूर्ण रूप से ज्ञात न हो, तब भी उससे संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं को अवश्य लिखे।

विद्यार्थियों के बीच परीक्षा प्रवेश पत्र वितरणः कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त मनीष कुमार ने छात्र- छात्राओं के बीच सांकेतिक रूप से एडमिट कार्ड का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षा के लिए शुभकामनाएं देते हुए पूरी मेहनत, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए प्रेरित किया।

लिट्टीपाड़ा में शिक्षकों की मासिक गुरु गोष्ठी आयोजित, कई शैक्षणिक व सामाजिक विषयों पर हुई चर्चा

लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)। लिट्टीपाड़ा प्रखंड संसाधन केंद्र में पश्चिमी क्षेत्र के शिक्षकों की मासिक गुरु गोष्ठी का आयोजन गुरुवार को किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी आतिश भट्टाचार्य ने की। इस दौरान शिक्षा की गुणवत्ता, छात्र उपस्थिति, बालिका शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बीपीओ ने सम्पूर्ण अभियान-2 की समीक्षा करते हुए शिक्षकों को निर्देश दिया कि प्रत्येक विद्यालय में सप्ताह में एक दिन बालिका शिक्षा से संबंधित विशेष कक्षा का आयोजन किया जाए। इस कक्षा में छात्राओं को किशोरावस्था में होने वाले गुप्त रोगों की जानकारी देने के साथ-साथ उनके निराकरण के उपायों पर भी मार्गदर्शन देने को कहा गया। उन्होंने विद्यालयों में बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। इसके लिए 10 फरवरी को सभी विद्यालयों में अभिभावक बैठक आयोजित कर शिक्षा के महत्व के प्रति उन्हें जागरूक करने का निर्देश दिया गया। साथ ही जो बच्चे नियमित रूप से विद्यालय नहीं आ रहे हैं, उन्हें चिन्हित कर अभिभावकों से संपर्क कर बच्चों को विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित करने को कहा गया। बैठक में विद्यालय के कक्षों और शौचालयों की नियमित सफाई पर भी विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा विद्यालय स्तर पर बच्चों के बीच फाइलेरिया की दवा खिलाने को लेकर चर्चा की गई। शिक्षकों को निर्देश दिया गया कि फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की जानकारी बच्चों के माध्यम से अभिभावकों तक पहुंचाई जाए, ताकि वे इस अभियान के प्रति जागरूक हो सकें। गुरु गोष्ठी में सीआरपी, बीआरपी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित थीं। बैठक का उद्देश्य विद्यालयों में शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य और स्वच्छता को भी सुदृढ़ करना बताया गया।

महेशपुर में संपूर्णता अभियान 2.0 की कार्यशाला आयोजित, बीडीओ ने दिए दिशा-निर्देश





महेशपुर (पाकुड़)। प्रखंड सभागार में गुरुवार को संपूर्णता अभियान 2.0 की कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ डॉ. सिद्धार्थ शंकर यादव, सीडीपीओ नीलू रानी और सीएचसी प्रभारी सुनील किस्कू ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला में बताया गया कि संपूर्णता अभियान 2.0 का उद्देश्य छह प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों में शत-प्रतिशत संतृप्ति हासिल करना है। ये संकेतक मुख्य रूप से आईसीडीएस, शिक्षा और पशु चिकित्सा सेवाओं से जुड़े हुए हैं। अभियान के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यक सरकारी सेवाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। बीडीओ डॉ. सिद्धार्थ शंकर यादव ने कहा कि संपूर्णता अभियान 2.0 का मुख्य लक्ष्य ग्रामीणों को बेहतर और समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य, शिक्षा और पशुपालन से जुड़ी सेवाओं को और मजबूत किया जाएगा, ताकि आम लोगों को योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ काम करने का निर्देश दिया। सीएचसी प्रभारी सुनील किस्कू ने कहा कि अभियान के तहत स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, जिससे लोगों को इलाज और स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके। सीडीपीओ नीलू रानी ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग से जुड़ी योजनाओं को अभियान के दौरान प्राथमिकता के आधार पर लागू किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों को इन योजनाओं के प्रति जागरूक करने और अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ने पर जोर दिया। बताया गया कि संपूर्णता अभियान 2.0 का आयोजन प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में भी किया जाएगा, ताकि हर स्तर पर योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

विद्यार्थियों के बीच चलाया गया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

पाकुड़। जिले के मालपहाड़ी क्षेत्र स्थित नबीनगर उच्च विद्यालय, पाकुड़ में छात्र-छात्राओं के बीच सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान डीएसपी जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण नियमों और सावधानियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान डीएसपी ने सड़क सुरक्षा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि सड़क पर चलते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करना, निर्धारित गति सीमा का पालन करना, ट्रैफिक नियमों का सम्मान करना तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करना बेहद जरूरी है। उन्होंने दुर्घटनाओं से जुड़े कई वास्तविक उदाहरण प्रस्तुत कर बच्चों को सतर्क रहने का संदेश दिया। इसके साथ ही नशा मुक्ति पर विशेष जोर दिया गया। डीएसपी ने बताया कि नशे की लत न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती है, बल्कि परिवार और समाज पर भी इसका गंभीर प्रभाव पड़ता है। विद्यार्थियों को नशे से दूर रहकर स्वस्थ और अनुशासित जीवनशैली अपनाने की सलाह दी गई। जागरूकता अभियान के दौरान डायन प्रथा और बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथाओं पर भी चर्चा की गई। बच्चों को इन बुराइयों के खिलाफ जागरूक होने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक के रूप में तैयार करना और उन्हें सामाजिक सरोकारों से जोड़ना बताया गया।

संपूर्णता अभियान 2.0 को सफल बनाने को लेकर कार्यशाला आयोजित, विभिन्न विभागों को सौंपा गया लक्ष्य

निज संवाददाता। अमड़ापाड़ा(पाकुड़)

प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में गुरुवार को संपूर्णता अभियान 2.0 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई. अध्यक्षता बीडीओ प्रमोद कुमार गुप्ता ने की. कार्यशाला में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, कर्मी, पंचायत प्रतिनिधि, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, स्वास्थ्यकर्मी तथा अन्य संबंधित कर्मियों ने भाग लिया. कार्यशाला का उद्देश्य अभियान के तहत निर्धारित सूचकांकों की जानकारी देना एवं योजनाओं का शत-प्रतिशत ससमय लाभ पात्र लाभुकों तक पहुंचाना रहा. वहीं कार्यशाला में बताया गया कि संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत मुख्य रूप से स्वास्थ्य एवं पोषण, पशुपालन तथा शिक्षा क्षेत्र में तय मानकों को पूरा करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है. स्वास्थ्य एवं पोषण के अंतर्गत छह माह से छह वर्ष तक के बच्चों को पूरक पोषण आहार उपलब्ध कराना, आंगनबाड़ी केंद्रों में नामांकित बच्चों का नियमित शारीरिक मापन सुनिश्चित करना, सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालय एवं पेयजल की व्यवस्था सुदृढ़ करना तथा गांव स्तर पर स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस का नियमित आयोजन सुनिश्चित करना शामिल है. इसके अलावा जन्म के समय नवजात शिशुओं का वजन दर्ज करना तथा टीबी के मामलों की समय पर पहचान एवं सूचना सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया. वहीं बीडीओ प्रमोद कुमार गुप्ता ने कहा कि इन कार्यों के क्रियान्वयन में सीडीपीओ, लेडी सुपरवाइजर, सेविका-सहायिका, चिकित्सा पदाधिकारी, एएनएम, सीएचओ एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों की अहम भूमिका तय की गई है.

इन योजनाओं की मॉनिटरिंग पोषण ट्रैकर, एचएमआईएस एवं निक्षय पोर्टल के माध्यम से की जाएगी. जबकि कार्यशाला में पशुपालन विभाग से संबंधित सूचकांकों की भी जानकारी दी गई. इसके तहत मवेशियों में खुरपका-मुंहपका सहित अन्य बीमारियों से बचाव के लिए अधिक से अधिक पशुओं का टीकाकरण सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है. इस कार्य में प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, पशु चिकित्सक एवं पशु मित्रों की जिम्मेदारी तय की गई है तथा इसके लिए भारत पशुधन पोर्टल एवं मोबाइल एप के माध्यम से डाटा संधारण किया जाएगा. वहीं शिक्षा विभाग के अंतर्गत विद्यालयों में छात्राओं के लिए पर्याप्त एवं क्रियाशील शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा सभी विद्यालयों में बालिकाओं के लिए कार्यशील शौचालय उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया. इसके लिए प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, बीपीओ शिक्षा विभाग, विद्यालय प्रधानाध्यापक तथा बीआरपी-सीआरपी को जिम्मेदारी सौंपी गई है. शिक्षा से संबंधित डाटा यू-डाइस प्लस पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा. कार्यशाला में यह भी बताया गया कि संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत निर्धारित सूचकांकों की उपलब्धि तभी मान्य होगी जब संबंधित कार्य पूर्ण होने के साथ-साथ उसकी शत-प्रतिशत प्रविष्टि निर्धारित समय सीमा के भीतर पोर्टल पर की जाएगी. बैठक में मौजूद पदाधिकारियों ने सभी संबंधित कर्मियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए अभियान को सफल बनाने का निर्देश दिया. मौके पर मनरेगा बीपीओ अजय कुमार गुप्ता, बीपीआरओ जिल्लूर रहमान, एई सुनील कुमार सिंह, जेई सोहेल शेख सहित सभी पंचायत सचिव, मुखिया, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं बाल विकास विभाग से जुड़े कर्मी सहित अन्य उपस्थित थे।

सीबीएसई बोर्ड परीक्षा को लेकर उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित

निज संवाददाता। पाकुड़

स्थानीय रविन्द्र भवन टाउन हॉल, पाकुड़ में 10वीं एवं 12वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा को लेकर सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गर्ल्स, पाकुड़ एवं सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस राज +2 के छात्र -छात्राओं के लिए उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ उपायुक्त मनीष कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि बेहतर परिणाम के लिए नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन एवं निरंतर पुनरावृत्ति पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है और परीक्षा में सम्मिलित होना आवश्यक है। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु विशेष पहल की जा रही हैं। बेहतर शैक्षणिक वातावरण के लिए विशेष शैक्षणिक अभियान संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग से इस वर्ष जिले का परीक्षा परिणाम और बेहतर होगा।उपायुक्त ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यदि किसी प्रश्न का उत्तर पूर्ण रूप से ज्ञात न हो, तब भी उससे संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं को अवश्य लिखे।

विद्यार्थियों के बीच परीक्षा प्रवेश पत्र वितरणः कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त मनीष कुमार ने छात्र- छात्राओं के बीच सांकेतिक रूप से एडमिट कार्ड का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षा के लिए शुभकामनाएं देते हुए पूरी मेहनत, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए प्रेरित किया।

अंतर्गत युवा आपदा मित्रों का
07 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

Yuva Aapda Mitra Scheme (YA
अंतर्गत युवा आपदा मित्रों
07 दिवसीय प्रशिक्षण

महेशपुर में किचेन शेड निर्माण में ग्रामीणों ने लगाया अनियमितता का आरोप

निज संवाददाता। महेशपुर(पाकुड़)

महेशपुर प्रखंड के जयपुर पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय अमृतपुर, प्राथमिक विद्यालय दुबराजपुर, और प्राथमिक विद्यालय पत्थरघाटा में डीएमएफटी मद से किचेन शेड का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिसकी प्रक्कित राशि लगभग 9 लाख रुपए है। लेकिन इस निर्माण कार्य में घोर अनियमितता और लापरवाही का मामला सामने आया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री जैसे मिट्टी युक्त बालू, खराब ईंटा, काम दाम का सरिया, पत्थर जैसे खराब मैटेरियल का इस्तेमाल किया जा रहा है। दीवार को एक दीवार के साथ सटा कर दूसरा दीवार खड़ा किया जा रहा है, जिससे किचेन शेड निर्माण के बाद जर्जर होने और कम समय में ही खराब होने की संभावना है।साथ ही निर्माण कार्य में सूचना पट भी नहीं लगाया गया है। निर्माण कार्य में लगे मिस्त्री और लेबर ने बताया कि मनोज चौबे के द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा है।

इस मामले को लेकर कनिया अभियंता कैलाश कुमार ने बताया कि अमृतपुर स्कूल में बालू का क्वॉलिटी खराब है, उसे बदल कर बढ़िया बालू का इस्तेमाल करने बोल दिया गया है। साथ ही इंटा का क्वॉलिटी सही है। लेकिन कनिया अभियंता का यह बयान संदेह के घेरे में है, जिससे यह प्रतीत होता है कि वे इस निर्माण कार्य में संलिप्त है।

महेशपुर में किचेन शेड निर्माण में ग्रामीणों ने लगाया अनियमितता का आरोप

निज संवाददाता। महेशपुर(पाकुड़)

महेशपुर प्रखंड के जयपुर पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय अमृतपुर, प्राथमिक विद्यालय दुबराजपुर, और प्राथमिक विद्यालय पत्थरघाटा में डीएमएफटी मद से किचेन शेड का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिसकी प्रक्कित राशि लगभग 9 लाख रुपए है। लेकिन इस निर्माण कार्य में घोर अनियमितता और लापरवाही का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री जैसे मिट्टी युक्त बालू, खराब ईंटा, काम दाम का सरिया, पत्थर जैसे खराब मैटेरियल का इस्तेमाल किया जा रहा है। दीवार को एक दीवार के साथ सटा कर दूसरा दीवार खड़ा किया जा रहा है, जिससे किचेन शेड निर्माण के बाद जर्जर होने और कम समय में ही खराब होने की संभावना है।साथ ही निर्माण कार्य में सूचना पट भी नहीं लगाया गया है। निर्माण कार्य में लगे मिस्त्री और लेबर ने बताया कि मनोज चौबे के द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस मामले को लेकर कनिया अभियंता कैलाश कुमार ने बताया कि अमृतपुर स्कूल में बालू का क्वॉलिटी खराब है, उसे बदल कर बढ़िया बालू का इस्तेमाल करने बोल दिया गया है। साथ ही इंटा का क्वॉलिटी सही है। लेकिन कनिया अभियंता का यह बयान संदेह के घेरे में है, जिससे यह प्रतीत होता है कि वे इस निर्माण कार्य में संलिप्त है।

ईंट भट्टों पर चला बाल श्रम उन्मूलन और श्रमिक जागरूकता अभियान

निज संवाददाता। पाकुड़

पाकुड़ सदर प्रखंड के विभिन्न ईंट भट्टों में बाल श्रम उन्मूलन और श्रमिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से श्रम विभाग की ओर से विशेष अभियान चलाया गया। श्रम अधीक्षक पाकुड़ के नेतृत्व में यह अभियान ग्राम बेलडांगा, पियादापुर, बल्लभपुर, सेजा, रामचन्द्रपुर, कशीला और नरोत्तमपुर स्थित ईंट भट्टों में संचालित किया गया, जहां टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान ईंट भट्टों पर कार्यरत श्रमिकों और भट्टा संचालकों को बाल श्रम निषेध से जुड़े कानूनों और सरकारी प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी स्थिति में बच्चों से कार्य कराना कानूनन अपराध है और इसके लिए जिम्मेदार व्यक्ति को कड़ी सजा का सामना करना पड़ सकता है। श्रम अधीक्षक गिरीश चन्द्र प्रसाद ने बताया कि किसी भी प्रतिष्ठान या कार्यस्थल पर 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों का नियोजन पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके अलावा 14 से 18 वर्ष आयु वर्ग के किशोरों को भी खतरनाक और जोखिमपूर्ण कार्यों में लगाना कानून के दायरे में अपराध माना जाता है। उन्होंने कहा कि बाल श्रम निषेध अधिनियम का उल्लंघन करने पर संबंधित नियोजक पर 20 हजार से 50 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है या फिर छह माह से दो वर्ष तक की सजा का प्रावधान है। अधिकारियों ने ईंट भट्टा संचालकों को चेतावनी देते हुए निर्देश दिया कि वे कानून का पालन सुनिश्चित करें और किसी भी परिस्थिति में बच्चों को काम पर न रखें। साथ ही श्रमिकों से भी अपील की गई कि यदि कहीं बाल श्रम होता दिखे तो इसकी सूचना तुरंत श्रम विभाग को दें, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके। इस अभियान में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी पाकुड़ सदर अनुप्रिया सोरेन सहित श्रम विभाग के अन्य कर्मी भी शामिल रहे। विभाग की ओर से स्पष्ट किया गया कि बाल श्रम के खिलाफ इस तरह के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे, ताकि बच्चों का भविष्य सुरक्षित किया जा सके और कानून का सख्ती से पालन हो।

नगरपालिका आम निर्वाचन को लेकर सेक्टर व पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

समाहरणालय
पाकुड़

निज संवाददाता। पाकुड़

पाकुड़ में नगरपालिका आम निर्वाचन के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से समाहरणालय सभागार में सेक्टर मजिस्ट्रेटों और पुलिस पदाधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त मनीष कुमार ने की। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स ने निर्वाचन से जुड़ी विभिन्न प्रक्रियाओं, जिम्मेदारियों और सावधानियों की विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर पदाधिकारियों को मतपेटिका खोलने और बंद करने की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया, ताकि चुनाव के दौरान किसी प्रकार की तकनीकी या प्रक्रियागत त्रुटि न हो। प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि सेक्टर और पुलिस पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में मतदान केंद्रों तक पहुंचने वाले मार्गों की स्थिति, उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, संचार व्यवस्था और मतदान केंद्रों की भौतिक स्थिति का अनिवार्य रूप से निरीक्षण करें। उन्होंने नवस्थापित मतदान केंद्रों का व्यापक प्रचार-प्रसार कर मतदाताओं को जागरूक करने पर भी जोर दिया। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सेक्टर पदाधिकारी आदर्श आचार संहिता के पालन, अनधिकृत प्रचार, सरकारी संपत्ति के विरूपण, सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग और अन्य निर्वाचन संबंधी उल्लंघनों पर कड़ी नजर रखें। उन्होंने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित भ्रमण कर मतदाताओं के बीच विश्वास का माहौल बनाए रखना सेक्टर पदाधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी होगी। मतदान की पूर्व संध्या पर सभी मतदान दलों, निर्वाचन सामग्री और सुरक्षा बलों की तैनाती सुनिश्चित करते हुए नियंत्रण कक्ष को खैरियत प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। वहीं मतदान के दिन मतदान प्रारंभ होने की सूचना, सुरक्षा व्यवस्था की सतत निगरानी, मतदान प्रतिशत की नियमित रिपोर्टिंग, प्राप्त शिकायतों का त्वरित निपटारा और मतदान प्रक्रिया के सुचारू संचालन पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। उपायुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि मतदान समाप्ति के बाद मतपेटिकाओं की सीलिंग, आवश्यक प्रपत्रों की पूर्णता और सभी निर्वाचन प्रतिवेदनों को समय पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह निर्वाची पदाधिकारी को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्थापना उप समाहर्ता त्रिभुवन कुमार सिंह, जिला क्रीड़ा पदाधिकारी सह प्रभारी पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग राहुल कुमार सहित सेक्टर पदाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त संपन्न हुई इंटर गणित की परीक्षा

दो केंद्रों पर 968 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा, दो रहे अनुपस्थित

संवाददाता

हरिहरगंज. झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) द्वारा आयोजित विज्ञान संकाय के गणित विषय की परीक्षा हरिहरगंज के दो प्रमुख केंद्रों पर गुरुवार को शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हुई. परीक्षा को लेकर प्रशासन और केंद्र अधीक्षकों द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे. सीता प्लस टू स्कूल में 464 परीक्षार्थी हुए शामिल शहर के सीता टेन +2 उच्च विद्यालय केंद्र पर गणित की परीक्षा पूरी तरह अनुशासित रही. केन्द्राधीक्षक अजय प्रसाद राय की देखरेख में आयोजित इस परीक्षा में कुल 464 परीक्षार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई. केंद्र पर तैनात वीक्षकों ने कड़ाई से जांच के बाद ही छात्रों को हॉल में प्रवेश करने दिया. वहीं, मोतीराज महिला इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र पर भी माहौल पूरी तरह परीक्षा के अनुकूल रहा. यहां कुल 506 परीक्षार्थियों को शामिल होना था, जिनमें से 504 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि दो परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए. केन्द्राधीक्षक राजकुमार दास व दंडाधिकारी शिवशंकर चौधरी ने बताया कि केंद्र पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे, जिससे कहीं भी अव्यवस्था की स्थिति नहीं बनी. परीक्षा को सफल बनाने में उप केन्द्राधीक्षक प्रदीप कुमार सिंह सहित वीक्षक पीयूष कुमार, रिंकू कुमार, प्रवीण मिश्रा, बबलू कुमार, नरेंद्र प्रियदर्शी, अंजू ठाकुर, श्याम देव चौधरी, राजेश कुमार और यमुना रवि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. इसके अलावा डॉ. ओरेंद्र यादव, नवीन कुमार, दिलीप कुमार, डॉ. नागदेव यादव, कन्हाई प्रसाद सिंह, नीरज सिंह, गोपाल शरण राणा, ऋषिकेश कुमार, अरमान अंसारी, आलोक कुमार एवं ईश्वर चंद्र सिंह सहित अन्य शिक्षक भी परीक्षा ड्यूटी पर सक्रिय नजर आए.

महापौर प्रत्याशी नम्रता ने की ऐलान जीत के बाद स्वच्छ जल शिक्षा के साथ दूंगा सभी को सामान

संवाददाता

मेदिनीनगर, पलामू : मेदिनीनगर में लोकतंत्र का महापर्व नगरनिगम चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज कई नए चेहरे ने महापौर का नामांकन किया है उस बीच एक नया युवक्ति का नया चेहरा उभरता हुआ सामने आया है उस लड़की का नाम है नम्रता त्रिपाठी जो झारखंड के पूर्व मंत्री के. एन. त्रिपाठी के पुत्री है, जिनका एक ही नारा है निगम को जीत के बाद स्वच्छ जल शिक्षा के साथ दूंगा सभी को सामान, इस चुनाव में नम्रता त्रिपाठी के आने के बाद कई प्रत्याशियों के चेहरे का रंग फीका पड़ चुका है, कारण कि नम्रता नए पीढ़ी की लड़की है नम्रता के जुनून से कई प्रत्याशी पीड़ित हो चुके है कारण कि नम्रता में जो जुनून है कर गुजरने का ओ किसी में नहीं है नम्रता सोच ली है निगम को क्या जरूरत है नम्रता ने बताई कि लोग केवल बोलते है हम कर के दिखाएंगे क्योंकि हमें जनता के आशीर्वाद से इससे ओर आगे जाना है लोग इतने में सिमट जाते है मगर में जनता से अपील करता हूं कि हमें ओर आगे जाने का आशीर्वाद दें जिससे की हम सभी का सेवा करते रहे उन्होंने कहा कि पिछले 5 सालों में विकास के नाम पर निगम में कुछ नहीं हुआ है लोगों को बरगला कर रखा गया है, मेरे अंदर नए पीढ़ी का नया सोच है स्वच्छ निगम सुंदर निगम जैसे हम घर को सुंदर रखते है उस तरह निगम को सुंदर रखे साथ में निगम के उन सभी घरों में पानी पहुंचे जो पानी के लिए गर्मी समय बूंद बूंद के लिए तरसते हैं मैं वादा करती हूं निगम के जनता से मेरा पहली प्राथमिकता लोगों को पानी देना क्योंकि जल ही हम सभी का जीवन है, नम्रता एल एल बी ओर पी एच डी की डिग्रियां प्राप्त कर चुकी छात्रा है, इसके बावजूद भी उनके अंदर समाज के लिए कुछ करने की भावना है वह युवाओं को ऊंचाइयों तक लेगना चाहती है, बुजुर्गों को सेवा करना चाहती है निगम को स्वच्छ और सुंदर बनाना चाहती है, सभी को गर्मी के मौसम में पानी के लिए तरसता देख लोगों को पानी देना चाहती है,

मीरा देवी व लाल बाबू के खिलाफ एक भी उम्मीदवार नहीं

संवाददाता

पलामू : मेदिनीनगर नगर निगम चुनाव इस बार बहुत ही दिलचस्प होने जा रहा है। यहां एक तरफ मेयर पद के लिए संघर्ष की स्थिति नजर आ रही है। वहीं वार्ड पार्षद भी किसी से कम नजर नहीं आ रहे हैं सभी के बीच कड़ा मुकाबला नजर आ रहा है लेकिन कुछ ऐसे वार्ड हैं। जिसमें आज नामांकन की अंतिम तिथि तक तीन वार्ड से मात्र मात्र एक-एक प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल किया है उनके विरुद्ध एक भी प्रत्याशी नामांकन नहीं भरा है इनका निर्विरोध चुना जाना लगभग तय है। इन वार्ड में सबसे पहले वार्ड नंबर 23 से मेदिनीनगर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष रहे मनोज सिंह अपना पर्चा भरा था। इनके खिलाफ एक भी उम्मीदवार ने आज नामांकन के अंतिम दिन तक किसी ने इनके खिलाफ नामांकन नही किया। यह उनकी लोकप्रियता जनता के प्रति समर्पण और उनके द्वारा किए गए कामों का ही नतीजा नजर आ रहा है कि लोग इनके खिलाफ मैदान में नहीं उतरे। यहां यह लिख देना मुनासिब होगा कि ये पार्षद बनकर डिप्टी मेयर भी बन सकते हैं। मनोज सिंह के खिलाफ अगर एक भी उम्मीदवार उनके खिलाफ चुनावी मैदान में नहीं है तो फिर यह उनकी लोकप्रियता, सामाजिक क्षेत्र में किए गए कार्यों का नतीजा है। जिसे जनता भी स्वीकार करती है। वहीं दूसरी तरफ वार्ड नंबर 5 से चर्चित समाजसेवी राजू तिर्की की पत्नी नीरा देवी जो निवर्तमान पार्षद भी है। इन्होंने भी अपने कार्यकाल में अपने क्षेत्र में विकास की एक लंबी रेखा खींची है और बराबर हर लोगों के सुख-दुख में साथ निभाया है और उनके पति राजू तिर्की के द्वारा किए गए सामाजिक कार्य का नतीजा है कि उनके भी खिलाफ एक भी प्रत्याशी चुनाव मैदान में नहीं है। इनका भी निर्विरोध जीता जाना सुनिश्चित है। अगर हम बात करें वार्ड 29 के नीरवर्तमान पार्षद नवीन कुमार गुप्ता उर्फ लाल बाबू की तीनों ने अपने पिछले कार्यकाल में कुछ ऐसा कार्य कमाल दिखाया है कि जनता उनके काम का कायल है इन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान जनता के हर समस्याओं को दूर करने का काम किया है और सबसे बड़ी उनकी खासियत है कि ये मृदीभाषी मिलनसार, हंसमुख स्वभाव के एक बेहतर इंसान है। शायद यही कारण है कि किसी ने उनके खिलाफ पर्चा दाखिल नहीं किया। आपको बता दे कि नगर निगम में 35 वार्ड का चुनाव होना है। जिसमें अभी दो ऐसे वार्ड है जहां से एक एक प्रत्याशी मैदान में है जहां एक तरफ समाजसेवी राजू तिर्की कि पत्नी नीरा देवी वार्ड पांच से सिंगल उमीदवार वहीं वार्ड 23 से भी मनोज सिंह भी इकलौता उमीदवार है। झारखंड या देश में बहुत ही काम ऐसे जनप्रतिनिधि होते हैं जिनके खिलाफ कोई भी चुनावी मैदान में नहीं उतरता है इनमें मनोज सिंह और मीरा देवी ने बाजी मारी है इस बात की चर्चा सिर्फ निगम क्षेत्र में ही नहीं पलामू में नहीं बल्कि पूरे झारखंड में हो रही है आगे क्या होगा या तो चुनाव के गर्भ में छुपा हुआ है लेकिन इतना तो लिखा ही जा सकता है कि उनकी लोकप्रियता इतना सर चढ़कर बोल रहा है कि उनके खिलाफ एक भी उम्मीदवार चुनाव मैदान में नहीं है।

पुलिस को बड़ी सफलता, ससुराल में चाकू से हमला कर हत्या करने वाला दामाद गिरफ्तार

संवाददाता

छतरपुर पलामू पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। छतरपुर थाना पुलिस ने ससुराल जाकर धारदार चाकू से ससुर, सास, साला और साली पर जानलेवा हमला करने वाले दामाद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस मामले की जानकारी छतरपुर अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी अवध कुमार यादव ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दी। एसडीपीओ ने बताया कि गम्हरिया निवासी बरेवा गांव के 30 वर्षीय लवकुश कुमार यादव ने ससुराल जाकर अपने ससुराल पक्ष पर चाकू से हमला किया था। इस हमले में सदर अस्पताल पलामू में इलाज के दौरान उसके ससुर सुनील यादव की मौत हो गई थी। वहीं सास, साला और साली गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस संबंध में अभियुक्त की पत्नी रीता देवी के फर्दबयान के आधार पर छतरपुर थाना कांड संख्या 15/26 के तहत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया। इसके बाद अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही थी।

जुर्म कबूल, चाकू और खून लगा जैकेट बरामदः–पुलिस ने 4 फरवरी को जपला बाजार के पास से अभियुक्त लवकुश कुमार यादव को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त चाकू और खून लगा जैकेट बरामद किया है। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि उसकी शादी वर्ष 2023 में रीता देवी से हुई थी। शादी के बाद से ही पत्नी और उसके घरवालों के बीच विवाद बना रहता था। छोटी-छोटी बातों को लेकर आए दिन झगड़ा होता था, जिसके कारण उसकी पत्नी अक्सर मायके चली जाती थी। करीब एक वर्ष पूर्व दोनों परिवारों के बीच विवाद को किसी तरह शांत कराया गया था, जिसके बाद वह दिल्ली चला गया।

ससुराल पक्ष को दोषी मानकर रची हत्या की साजिशः- अभियुक्त ने बताया कि उसके और पत्नी के बीच विवाद लगातार जारी रहा। उसे लगता था कि उसके ससुराल पक्ष की वजह से उसका वैवाहिक जीवन खराब हो रहा है। इसी कारण उसने ससुराल वालों को मारने की योजना बनाई। इसके तहत वह रामपुर (उत्तर प्रदेश) गया और वहां से चाकू खरीदा। 29 जनवरी को वह दिल्ली से सीधे अपने ससुराल ग्राम गम्हरिया पहुंचा। पत्नी द्वारा तवज्जो नहीं दिए जाने पर गुस्से में आकर उसने पहले पत्नी पर चाकू से वार किया। बीच-बचाव करने आए ससुर सुनील यादव, सास, साला और साली पर भी चाकू से हमला कर वह फरार हो गया।

जपला बाजार से हुई गिरफ्तारीः- घटना के बाद अभियुक्त किसी काम से घर आया था और वापस दिल्ली जाने के लिए जपला स्टेशन जा रहा था। इसी दौरान पुलिस ने उसे जपला बाजार के पास से गिरफ्तार कर लिया।

छापेमारी दल में शामिल अधिकारीः–इस कार्रवाई में छतरपुर थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, अनिल रजक, धर्मवीर कुमार यादव, राजीव कुमार सहित छतरपुर थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस ने अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है और मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

निमिया टुसरा तालाब पर आयोजित हुआ सतचंडी महायज्ञ, संग्राम सिंह ने दी सकारात्मक ऊर्जा की बात

संवाददाता

पलामू पाटन के ग्राम निमिया टुसरा स्थित रामसागर तालाब पर 1008 श्री जगदाचार्य, श्रीमदविष्वसेनाचार्य एवं त्रिदंडी स्वामी महाराज के तत्वाधान में भव्य सतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ का पहला दिन फ़ाल्गुन कृष्ण पक्ष के अनुसार 05 फरवरी को जलयात्रा के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य जयशंकर कुमार सिंह (संग्राम सिंह) ने जलयात्रा में भाग लिया। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों से न केवल मानसिक शांति मिलती है, बल्कि आसपास सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण बनता है। संग्राम सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में एकता और सौहार्द्र बढ़ाने में भी सहायक होते हैं। यज्ञ में निमिया, टुसरा, नगेसर, दुल्ही, सखुई, केल्हार, जोड़ कला, कजरमा, नावाडीह, उताकी समेत पाटन के विभिन्न क्षेत्रों के हजारों ग्रामीण उपस्थित हुए। इस दौरान यज्ञ समिति के अध्यक्ष विनोद सिंह, उपाध्यक्ष देवेन्द्र प्रसाद, सचिव प्रमोद साव, उपसचिव महेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार सिंह और उप कोषाध्यक्ष नागेंद्र कुमार सिंह ने आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। मौके पर राजपति प्रजापति, प्रदीप पांडे, प्रवीण पांडे, सतेंन सिंह, संजय सिंह और शक्ति गुप्ता सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद थे। यज्ञ स्थल पर भक्तों ने जल यात्रा में हिस्सा लिया और श्रद्धा भाव के साथ यज्ञ की विधियों का पालन किया। स्थानीय लोगों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत करते हैं बल्कि समाज में भाईचारा और एकता को भी बढ़ावा देते हैं। आयोजन स्थल पर साफ-सफाई, व्यवस्थापन और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया। सतचंडी महायज्ञ का यह आयोजन धार्मिक परंपरा को जीवित रखने के साथ-साथ ग्रामीण समाज में सकारात्मक सोच और मानसिक संतुलन को बढ़ावा देने वाला माना जा रहा है।

निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा, निकाय चुनाव 2026 की तैयारियों का जायजा

संवाददाता

पलामूः निकाय चुनाव-2026 के सफल आयोजन को लेकर पलामू पहुंचे प्रेक्षकों ने 5 फरवरी 2026 को समाहरणालय सभागार में बैठक कर जिले की निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त समीरा एस, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, जिले के सभी पांच नगर निकाय के निर्वाची पदाधिकारी एवं विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सभी नगर निकायों के प्रेक्षकों को उनके-उनके क्षेत्र में अब तक किए गए कार्यों की जानकारी देने से हुई। इसमें प्रत्येक प्रेक्षक को उनके क्षेत्र में बने मतदान केंद्रों, मतदान केंद्रों तक कर्मचारियों के आवागमन की सुविधा तथा अन्य जरूरी तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, वाहन व्यवस्था, प्रशिक्षण कार्यक्रम, निर्वाचन सामग्री की व्यवस्था, पोस्टल बैलेट तथा मीडिया सर्टिफिकेशन और मॉनीटरिंग की जानकारी भी साझा की। प्रेक्षकों को बताया गया कि जिले के पांच नगर निकाय में कुल 103 वार्डों के लिए चुनाव कराया जाएगा, जिसके लिए 246 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। शस्त्रों का सत्यापन चल रहा है और इसके लिए एफएसटी और एसएसटी का गठन भी किया गया है। बैठक में मेदिनिगर नगर निगम के सामान्य प्रेक्षक, विश्रामपुर नगर परिषद के सामान्य प्रेक्षक, छत्तरपुर नगर पंचायत के सामान्य प्रेक्षक, हुसैनाबाद नगर पंचायत के प्रेक्षक और हरिहरगंज नगर पंचायत के प्रेक्षक सहित विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारी भी मौजूद रहे। जिले में चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता और निर्बाध संचालन सुनिश्चित करने के लिए प्रेक्षकों ने संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की। बैठक में सभी पक्षों ने मतदान केंद्रों की तैयारियों को अंतिम रूप देने और चुनाव के सफल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष आयोजन के लिए साझा जिम्मेदारी निभाने पर जोर दिया।

शहिद सुरज दुबे के स्मृति में समर्पित तोरणद्वार-आलोक चौरसिया

संवाददाता

चैनपुर पलामू प्रखंड क्षेत्र के पुरबडीहा कोल्हुआ निवासी नौसेना शहिद सुरज दुबे श्रद्धांजलि सह भव्य द्वार का उद्घाटन किया गया।इस कार्यक्रम के संचालन मुखिया प्रत्याशी बिकास दुबे ने किया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने नौसेना जवान शहीद सूरज दुबे की पांचवीं पुण्यतिथि स्मृति तोरणद्वार का फीता काट कर व नारियल तोड़कर अनावरण कर समर्पित किया। वहीं कार्यक्रम को वैदिक मंत्रों के गांव के गुरू बाबा अगस्त बाबा के द्वारा सम्पन्न कराया गया। शहिद नौसेना जवान सुरज दुबे 5 फरवरी 2021 को शहीद नौसेना का शव मुंबई के पालघर में पूरी तरह जली अवस्था में मिला था, वे अपने घर से छुट्टी बिताकर अपनी ड्यूटी ज्वाइन करने जा रहे थे लेकिन 5 दिनों तक लापता रहने के बाद आखिरकार में मृत अवस्था में मिले थे ।इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने कहा कि शहिद नौसेना जवान सुरज दुबे का शहादत को भुलाया नहीं जा सकता हम शहिद व शहिद के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करता है। वहीं श्री विधायक ने शहिद के पिता मिथलेश दुबे व बड़े भाई नीरज दुबे को अंगवस्त्र व माला लेकर सम्मानित किया।इस दौरान उन्होंने कहा कि इस कम उम्र में सुरज दुबे का शहिद होना माता पिता परिजनों पर दुःख का पहाड़ टुटने के बराबर होता है।यह तोरणद्वार बाहर से आने जाने वाले को याद दिलाएगा कि इस गांव में भी शहिद गांव का बेटा है।आज कुछ राजनीतिक पार्टियां जाती धर्म उच्च नीच अगडा पिछड़ा के नाम पर बांट कर लोगों में मतभेद कराने की साज़िश रच रहे हैं जो कभी पुरा नही होगा।हमारी पार्टी जाता पात की नहीं जमात की बात करते हैं तब ही हमरा विधायक का तीसरा बार विधायक वन क्षेत्र का नेतृत्व कर रहे हैं।इस अवसर पर उतरी जिला पार्षद रामलव प्रसाद चौरसिया, पूर्व सैनिक ब्रजेश शुक्ल, कामाख्या नारायण सिंह, रामनाथ दुबे, पूर्व मुखिया भिष्म प्रसाद, ओमप्रकाश दुबे,पारस नाथ तिवारी, अविनाश देव, जितेन्द्र दुबे,सुरज पाण्डेय, अगस्त दुबे उपस्थित थे।

तीन पार्षद प्रत्याशियों के नामांकन रद्द, अध्यक्ष पद के सभी 10 फॉर्म सही

संवाददाता

हरिहरगंज नगर पंचायत चुनाव को लेकर गुरुवार को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी (जांच) की प्रक्रिया पूरी हुई. इस दौरान वार्ड पार्षद पद के तीन अभ्यर्थियों के नामांकन फॉर्म में त्रुटि पाए जाने पर उन्हें रद्द कर दिया गया. रद्द किए गए नामांकन में दो प्रत्याशी वार्ड संख्या 13 और एक वार्ड संख्या 14 से संबंधित हैं. सहायक निर्वाची पदाधिकारी मिथलेश कुमार ने बताया कि पार्षद पद के लिए नामांकन रद्द होने का मुख्य कारण वह घोषणा स्व घोषणा पत्र में दी गई संतानों की जानकारी है. नियमों के उल्लंघन के आधार पर निम्नलिखित कार्रवाई की गई. वार्ड 13 नाजमा खातून और बबन शर्मा का नामांकन रद्द हुआ. इनके स्व घोषणा पत्र के अनुसार 2013 के पहले एक और 2013 के बाद दो संतानें थीं. वार्ड 14 अंकिता देवी का नामांकन रद्द किया गया. इनके मामले में 2013 से पहले दो और 2013 के बाद एक संतान थी. कुल तीन या उससे अधिक संतान (कट-ऑफ तिथि के नियमों के अनुसार) होने के कारण इन तीनों की दावेदारी समाप्त कर दी गयी है. जांच प्रक्रिया के बाद अब चुनावी तस्वीर साफ होने लगी है. निर्वाची पदाधिकारी विजय केरकेट्टा ने बताया कि अध्यक्ष पद के सभी 10 प्रत्याशियों के नामांकन सही पाए गए हैं. पार्षद पद 16 वार्डों के लिए कुल 112 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र वैध मिले हैं. निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, शुक्रवार को नाम वापसी की अंतिम तिथि है. इसके उपरांत, शनिवार को सभी वैध प्रत्याशियों के बीच चुनाव चिह्नों का आवंटन कर दिया जाएगा. जांच प्रक्रिया के दौरान निर्वाची पदाधिकारी पारितोष प्रियदर्शी, सहायक निर्वाची पदाधिकारी परमेश्वर साहू सहित कई चुनाव कर्मी मुख्य रूप से उपस्थित थे.

पति-पत्नी के बीच विवाद सुलझा, साथ रहने पर हुए सहमत

संवाददाता

मेदिनीनगर :पति पत्नी के बीच चल रहा विवाद को अंततः महिला थाना मेदिनीनगर पीएलवी इंदु भगत के पहल पर थाना प्रभारी रूपा बाखला, एएसआई संजय कुमार के प्रयास से सुलझा लिया गया है। दोनों पति-पत्नी साथ रहने पर सहमत हो गए। विदित हो कि पड़वा थाना अंतर्गत मुड़कटवा निवासी आंतो देवी ने अपने पति अरविंद राम सास संनपतिया कुंवर ,ननद रूपा कुँवर के खिलाफ मारपीट कर घर से निकाल देने का आरोप लगाई थी। विदित हो कि अन्तो देवी की शादी पाँच वर्ष पूर्व अरविंद राम के साथ हुई थी ।दोनों के दाम्पत्य जीवन से एक लड़का और एक लड़की है ।अन्तो देवी एक वर्ष से अपने मायके में रह रही थी। 27 जनवरी 2026 को महिला थाना में अन्तो देवी ने आवेदन देकर अपने पति ,सास व ननद के द्वारा मारपीट करने व प्रताड़ित करने का आरोप लगाई थी। जिसके आलोक में चार फरवरी 2026 को दोनों पक्षों को थाना में बुलाया गया । दोनों पक्षों के बीच इंदु भगत के प्रयास से मध्यस्तता कराया गया ।दोनों साथ रहने पर सहमत हुए ।इस कार्य मे महिला थाना प्रभारी रूपा बाखला ,एएसआई संजय कुमार व पीएलवी इंदु भगत का पहल सराहनीय रहा। विदित हो कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा महिला थाना में इंदु भगत पीएलबी को नियुक्त किया गया है जो रविवार और बुधवार को लोगों को मदद के लिए लगाई गई है।इस तरह एक परिवार उजड़ने से बच गया।

नगर निगम क्षेत्र में है भाजपा का वोट, अरूणा शंकर बनेंगी पुनः मेयर : भानु प्रताप शाही

संवाददाता

मेदिनीनगर पलामू मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में भाजपा का वोट है। अरूणा शंकर पुनः मेयर बनेंगी। इसमे किसी को कोई संशय नहीं होना चाहिए। भाजपा किसी भी चुनाव को छोटा नहीं समझती है। नगर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता पूरी मेहनत से जी-जान लगाकर चुनाव जीतेंगे। उक्त बातें भाजपा मेदिनीनगर निगम के प्रभारी पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही ने कही। वे अरुणा शंकर के कार्यालय परिसर में भाजपा नगर मंडल की आयोजित बैठक में बोल रहे थे। भानु प्रताप शाही ने कहा कि हेमंत सरकार समझ रही है कि दलीय चुनाव होगा तो जिसे भी तीर कमान का सिंबल देंगे वह जीत नहीं पाएगा। अरुणा शंकर ही कमल को लेकर पुनः आ जाएंगी। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन जैसा डरपोक मुख्यमंत्री उन्होंने नहीं देखा। लेकिन गर्व इस बात का है कि बीजेपी के सिंबल, कार्यकर्ता व मेयर से सूबे के मुख्यमंत्री को डर लगता है। उन्होंने कहा कि किसी भी हाल में बैलेट पेपर से गड़बड़ी नहीं होने देंगे। चुनाव समाप्त होने तक वे डटे रहेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के भटके कार्यकर्ताओं व नेताओं को मनाएंगे। नहीं माने तो बाहर का रास्ता दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि हर हाल में भाजपा समर्थित प्रत्याशी अरुणा शंकर को जिताना है। इसके पूर्व पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशि भूषण मेहता ने कहा कि चुनाव को चुनौती के रूप में लेना है। 2 साल कोरोना में बीत गया। 3 साल में अरुणा शंकर ने नगर निगम क्षेत्र का बेहतर ढंग से विकास किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को हर बूथ पर लग जाने की सलाह दी। मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम नारायण दुबे ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता अरुणा शंकर को जिताने के लिए पूरी तरह संकल्पित है। अरूणा शंकर मेयर बनकर नगरवासियों की सेवा की है और आगे भी करेंगी। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा समर्थित प्रत्याशी अरुणा शंकर ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद प्रथम दो साल कोरोना में बीत गए। बचे हुए तीन सालों में नगर निगम क्षेत्र का बेहतर ढंग से विकास किया है। यही कारण है कि लोग उनके कार्य प्रणाली व विकास से काफी खुश हैं। उन्होंने कहा कि बदलते मेदिनीनगर एक झलक नाम से किताब में नगर निगम के विकास कार्यों को उल्लेखित किया गया है। इसे देखने पर पता चलेगा कि तब का नगर कैसा था। और अब नगर का किस तरह विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि शहर को सुंदर व साफ रखने के लिए अपनी पूरी शक्ति को लगा दिया है। आने वाले दिनों में और भी बेहतर ढंग से विकास किया जाएगा। कहा कि पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए 172 करोड रुपए की योजना का कार्य चल रहा है। चार जल मीनार का निर्माण हो रहा है। 60 प्रतिशत पाइपलाइन बिछ गई है। उन्होंने कहा कि पूरा शहरवासी भयमुक्त हैं। कहा कि आने वाले दिनों में शहर की रूपरेखा बदलेगी। नगर निगम में शामिल ग्रामीण क्षेत्र का विकास किया जाएगा। मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, विजयानंद पाठक, विपिन बिहारी सिंह, अविनाश वर्मा, विभाकर नारायण पांडेय, रूपा सिंह, ज्योति पांडेय ने संबोधित किया।

मेथी में मौजूद पोषक तत्व सेहत के लिए फायदेमंद हैं लेकिन...

मेथी के पत्तों और बीजों का इस्तेमाल हम खाने में करते हैं। सर्दियों में मेथी के साग खूब पसंद किए जाते हैं तो वहीं मेथी के दाने खाने का स्वाद बढ़ा देते हैं। लोग मेथी के दानों को भिगोकर उसका पानी पीते हैं, लेकिन मेथी खाने के कई नुकसान भी हैं। मेथी आपके हेल्थ पर कई साइड इफेक्ट डालता है।

सर्दियों के साथ ही मेथी के पराठे, मेथी के साग, आलू मेथी की सब्जियों का सीजन शुरू हो जाता है। मेथी के गरमा-गरम पराठे खाने में जितने टेस्टी लगते हैं, उतना ही बनाने में आसान है। मेथी के पत्ते हो या फिर उसके दाने इसमें मौजूद पोषक तत्व सेहत के लिए फायदेमंद है। मेथी सेहत से जुड़ी कई परेशानियों को दूर करने में मदद करता है तो वहीं मेथी खाने से कुछ नुकसान भी हो सकते हैं। आम तौर हम यही समझते हैं कि मेथी शरीर में शुगर लेवल को कंट्रोल रखता है, पाचन को ठीक रखता है। अक्सर आपने देखा होगा कि लोग पेट में गैस होने पर मेथी के दाने खा लेते हैं, लेकिन मेथी कई बार शरीर को नुकसान भी पहुंचाता है।

मेथी के साइड इफेक्ट

मेथी का सेवन वैसे तो पाचन के लिए फायदेमंद माना जाता है, लेकिन अगर उसकी जरूरत से ज्यादा सेवन किया जाए तो पेट खराब हो सकता है। वहीं मेथी शुगर के लेवल को कम करने में मदद करता है।

डायबिटीज के मरीज रात भर भिगोए मेथी के दानों का पानी पीते हैं। अगर इसे नियंत्रित इस्तेमाल किया जाए तब तो ठीक, वरना मेथी में मौजूद पोषक तत्व शुगर को बहुत कम कर सकते हैं। शरीर में शुगर लेवल जरूरत से ज्यादा नीचे जा सकता है, जो आपकी सेहत के लिए खतरनाक है।

हाई ब्लड प्रेशर

केवल शुगर ही नहीं मेथी ब्लड प्रेशर के मरीजों के लिए भी खतरनाक साबित हो सकता है। मेथी की पत्तियों में सोडियम की मात्रा कम होती है। मेथी के अधिक इस्तेमाल शरीर में सोडियम के लेवल को कम कर सकता है, जो हाई ब्लड प्रेशर की वजह बन सकता है। अगर आप हाई ब्लड प्रेशर के मरीज है तो आपको मेथी के सेवन से बचना चाहिए।

सांस लेने में दिक्कत

मेथी के अधिक इस्तेमाल से आपको सांस संबंधी समस्या हो सकती है। मेथी की तासीर गर्म होती है। इसमें मौजूद एंटी ऑक्सीडेंट्स और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण फेफड़ों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। अगर जरूरत से ज्यादा आप इसका इस्तेमाल करते हैं तो आपको सांस संबंधी दिक्कत हो सकती है।

प्रेगनेंसी में खतरनाक

चूंकि मेथी गर्म होता है, ऐसे में गर्भवती महिलाओं को इससे बचना चाहिए। मेथी के अत्यधिक सेवन से ब्लड क्लॉटिंग स्लो हो सकती है। गर्भवती महिलाओं को पाचन संबंधी दिक्कतें हो सकती है। मेथी के दाने पेट को गड़बड़ कर सकता है।

यूरीन की बदबू

अगर आप जरूरत से ज्यादा मेथी का खाने में इस्तेमाल करते हैं तो यूरीन में गंध की समस्या हो सकती है। ऐसे में सलाह दी जाती है कि मेथी का सीमित मात्रा में इस्तेमाल करें।

लिवर कैंसर से बचाने में मददगार है आंवला

आंवला लिवर कैंसर से बचाने में मददगार हो सकता है क्योंकि इसमें विटामिन सी होता है जो सेल्स को रिपेयर करता है और वजन घटाने में भी सहायक होता है। शोध से पता चला है कि आंवला का सेवन करने से लिवर कैंसर की ग्रोथ रोकी जा सकती है। इसके अलावा आंवला खाने से डायबिटीज और दिल की बीमारियों का खतरा भी कम हो सकता है।

लिवर कैंसर में जिगर के सारे हिस्से पुराने, डैमेज और बीमार हो जाते हैं। कैंसर का नाम सुनकर ही लोगों के हाथ-पांव फूल जाते हैं। इसका काफी देर से पता चलता है, जिसकी वजह से इलाज करना मुश्किल हो जाता है। आंवला एक चमत्कारी फल है, जो सालों से एशिया में रहने वाले लोगों को फायदा पहुंचा रहा है। लिवर के अलावा कई तरह के कैंसर से बचने के लिए आंवला फायदेमंद साबित हो सकता है। यह विटामिन सी जैसा बहुत आवश्यक पोषक तत्व देता है, जो पूरे शरीर के लिए जरूरी है। हमारे शरीर का हर एक हिस्सा सेल्स से बना है, जो खुद को रिपेयर करती रहती हैं। विटामिन सी इस पूरे काम में मदद करता है और खाली पेट आंवला खाने से वेट लॉस भी होता है।

लिवर कैंसर से प्रॉटेक्शन

एक शोध के मुताबिक, आंवला का सेवन करने से SW620 सेल्स की ग्रोथ रोकी जा सकती है। यह लिवर कैंसर के साथ स्किन कैंसर और पेट का कैंसर का प्रमुख कारण होता है। साइंस डायरेक्ट पर मौजूद यह स्टडी जानवरों पर बेस्ड है।

हाई नहीं होगा ब्लड शुगर

कई स्टडी के अंदर आंवला को डायबिटीज के मरीजों के लिए गुणकारी पाया गया है। यह फास्टिंग और पोस्ट मील ब्लड शुगर का लेवल कंट्रोल रखने में सपोर्ट करता है। टाइप 2 डायबिटीज मैनेज करने के साथ इसे बचाव के रूप में भी देखा जा सकता है।

आंवला जूस के फायदे

बुढ़ापा रोकने वाला फल

उम्र बढ़ने के साथ स्किन और बालों की हेल्थ गिरने लगती है। नजर कमजोर होने के कारण लोगों को देखने में भी परेशानी होने लगती है। लेकिन आंवला खाकर इन दिक्कतों को दूर रखकर बुढ़ापे का एहसास करने से बचा जा सकता है।

ठंड में क्यों खाना चाहिए आंवला?

सर्दी में इम्यून सिस्टम बहुत कमजोर हो जाता है और फ्लू व इंफेक्शन घेर लेते हैं। बच्चों व बुजुर्गों को इन बीमारियों का ज्यादा खतरा होता है। आंवला में विटामिन सी का भंडार है, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए जरूरी है।

खून से खींच लेगा चर्बी

कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड गंदे फैट होते हैं, जो खून की नसों में जम जाते हैं। हार्ट अटैक और स्ट्रोक के पीछे इन्हें जिम्मेदार पाया गया है। आंवला खाने से इन गंदे फैट्स को कम करके दिल की बीमारियों को दूर किया जा सकता है।

सर्दियों में फायदेमंद हो सकता है गुड़ के साथ तिल का सेवन

अगर आप सर्दियों की डाइट में कुछ हेल्दी चीजों का सेवन करना चाहती हैं तो गुड़ के साथ तिल का सेवन आपके लिए फायदेमंद हो सकता है।

क्या आपने कभी सोचा है कि सर्दियों में मुख्य रूप से खाई जाने वाली सामग्रियों का अपना अलग स्वाद और महत्व होता है। सर्दियों में जहां एक तरफ हरी सब्जियों को खाने का मजा अलग होता है वहीं हम खाने में मुख्य रूप से तिल और गुड़ का इस्तेमाल भी करते हैं। कई तरह के व्यंजनों में तिल और गुड़ का इस्तेमाल किया जाता है। जहां एक तरफ ये दोनों सामग्रियां सर्दी में शरीर को गर्मी प्रदान करते हैं वहीं इन दोनों सामग्रियों का मिश्रण सेहत के लिए कई अन्य फायदे भी प्रदान करता है। हमारे ह्रदय को स्वस्थ रखने से लेकर शरीर को ऊर्जा प्रदान करने तक गुड़ और तिल का सर्दियों में इस्तेमाल करना हमारे लिए फायदेमंद होता है।

भारत में तिल और गुड़ से लड्डू और तिल पापड़ी तक कई तरह की सामग्रियां तैयार की जाती हैं जो सेहत के लिए फायदेमंद साबित हो। इस तरह की खाद्य सामग्रियों को हमेशा आयुर्वेदिक ज्ञान के साथ जोड़ा जाता है। आइए फैट टू स्लिम ग्रुप की सेलिब्रिटी इंटरनेशनल डाइटीशियन और न्यूट्रिशनिष्ट शिखा ए शर्मा से जानें इसके फायदे और इसे क्यों डाइट में शामिल करना चाहिए।

अनसैचुरेटेड फैट का अच्छा स्रोत

सर्दियों में भरपूर मात्रा में पाए जाने वाले तिल में भरपूर मात्रा में अनसैचुरेटेड फैट पाया जाता है। इस तरह के फैट का सेवन सेहत के लिए बेहद फायदेमंद हो सकता है। जब हम इस तरह की किसी भी खाद्य सामग्री का इस्तेमाल करते हैं तब ये हमारी सेहत के लिए कई तरह से फायदेमंद हो सकता है। इसका इस्तेमाल शरीर के साथ ह्रदय को स्वस्थ बनाने में मदद करता है। जब लोग तिल और गुड़ का सेवन एक साथ करते हैं तो ये दिल से जुड़ी बीमारियों का खतरा कम हो जाता है।

डायबिटीज के लोग कर सकते हैं सेवन

डायबिटिक लोगों के लिए तिल और गुड़ का सेवन फायदेमंद हो सकता है। इसमें ज्यादा मात्रा में शुगर नहीं होता है इसलिए डायबिटिक लोग भी इन दोनों के मिश्रण का सेवन थोड़ी मात्रा में कर सकते हैं। हालांकि इसका बहुत ज्यादा सेवन आपको नहीं करना चाहिए क्योंकि ज्यादा सेवन शरीर के शर्करा लेवल को बढ़ा भी सकता है।

कोलेस्ट्रॉल कम करता है

जिन लोगों को बढे हुए कोलेस्ट्रॉल लेवल की समस्या है वो अपनी डाइट में तिल और गुड़ को जरूर शामिल करें। इस तरह की डाइट शरीर के कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में मदद करता है। हालांकि इसे एक औषधि के रूप में नहीं देखा जा सकता है लेकिन इसके इस्तेमाल से काफी हद तक वजन नियंत्रण में भी मदद मिलती है।

आयरन का अच्छा स्रोत

गुड़ और तिल का मिश्रण उन लोगों के लिए भी फायदेमंद है जिन्हें शरीर में खून की कमी या एनीमिया की समस्या है। ये आयरन का अच्छा स्रोत हैं, इसलिए इन्हें डाइट में जरूर शमिल करें जिससे शरीर का हीमोग्लोबिन बढ़ाया जा सके और एनीमिया से छुटकारा पाया जा सके। ये शरीर में ऑक्सीजन के लेवल को मेंटेन करने में भी मदद करता है।

बच्चों के लिए फायदेमंद

इन दोनों सामग्रियों का सेवन बच्चों के लिए भी बेहद फायदेमंद है और सर्दियों के मौसम में बच्चे भी इसका सेवन सीमित मात्रा में कर सकते हैं। हालांकि इसका ज्यादा सेवन करने से पहले विशेषज्ञ की सलाह जरूर लें।

वजन नियंत्रण में सहायक

गुड़ और तिल का एक साथ सेवन करना सेहत के लिए और वजन नियंत्रण करने में मदद करता है। इससे बने स्नैक्स का सेवन करने से ज्यादा देर तक भूख का एहसास नहीं होता है जिससे आप ज्यादा खाने से बचे रहते हैं और वजन नियंत्रित करने में मदद मिलती है। यदि आप बढ़ते वजन से परेशान हैं तो इसे अपनी डाइट का हिस्सा बना सकते हैं। कई विटामिन और पोषक तत्वों से भरपूर गुड़ और तिल का संयोजन आपकी सेहत के लिए कई तरह से फायदेमंद साबित हो सकता है, लेकिन इसका ज्यादा मात्रा में सेवन करने से पहले विशेषज्ञ की सलाह जरूर लें।

कई रोगों को दूर भगाता है सेब

सेब खाना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है, ये तो आप जानते ही होंगे लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसके कुछ प्रयोग से कई रोगों को भी दूर भगाया जा सकता है।

- जिन्हें सिरदर्द, चिड़चिड़ापन, बेहोशी, उन्माद या भूलने की शिकायत हो उन्हें भोजन से पहले दो ताजा मीठे सेबों का सेवन करना चाहिए। ऐसे रोगी को साधारण चाय-कॉफी छोड़कर केवल सेब की चाय ही पीनी चाहिए।
- दिल कमजोर हो या दिल की धड़कन कम या ज्यादा हो तो चांदी का वर्क लगाकर सेब के मुरब्बे का सेवन करना चाहिए। इससे मोटापा भी दूर होता है।
- अनिद्रा के उपचार में भी सेब बहुत उपयोगी है। नींद न आती हो या एक-दो बजे नींद खुलने पर दोबारा नींद न आती हो तो रोगी को सोने से पहले एक मीठे सेब का मुरब्बा खिलाइए तथा ऊपर से गुनगुना दूध पीने को दें। इससे अच्छी नींद आएगी।
- पेट के कीड़ों के निदान के लिए रोगी को प्रतिदिन दो मीठे सेब दें या प्रतिदिन एक गिलास ताजा सेब का रस दें। इससे कीड़े मर जाते हैं और मल के रास्ते निकल जाते हैं।
- कब्ज दूर करने के लिए प्रतिदिन सुबह उठकर खाली पेट दो सेब चबा-चबाकर खाएं। इससे पाचनशक्ति की कमी (अग्निमांद्य) दूर होता है और भूख भी बढ़ जाती है।

हार्मोन्स में थोड़ी सी भी गड़बड़ी होने पर उसका सीधा असर व्यक्ति की भूख, नींद और तनाव के स्तर पर दिखने लगता है। हार्मोन्स में गड़बड़ी या असंतुलन का मतलब है कि शरीर में या तो कोई हार्मोन ज्यादा बन रहा होता है या फिर बहुत कम।

होर्मोन इम्बैलेंस की समस्या में मदद कर सकता है शीर्षासन

हार्मोन्स के असंतुलन की वजह से मूड में उतार-चढ़ाव, सूजन, मेनोपॉज, नपुंसकता, छोटा कद, दुबलापन, मेटाबॉलिज्म में असंतुलन और मुंहासे आदि समस्याएं देखी जा सकती हैं। वास्तव में हार्मोन्स सभी शारीरिक एवं मानसिक गतिविधियों को नियंत्रित करने का कार्य करते हैं। यही वजह है कि इस समस्या को समय रहते ठीक करना जरूरी होता है। जिसमें शीर्षासन आपकी मदद कर सकता है। आइए जानते हैं क्या है शीर्षासन करने का सही तरीका और सावधानियां।

क्या होते हैं हार्मोन्स

हार्मोन्स एंडोक्राइन ग्रंथि से बनने वाले ऐसे रसायन होते हैं, जो खून के जरिए शरीर के अन्य हिस्सों में पहुंच कर उन्हें अलग-अलग कार्यों के लिए एक संदेशवाहक के रूप में निर्देश देते हैं। हार्मोन्स की छोटी सी मात्रा के घटने-बढ़ने भर से ही शरीर की कोशिकाओं का मेटाबॉलिज्म प्रभावित होने लगता है। मानव शरीर में कुल 230 हार्मोन्स होते हैं। कई हार्मोन, दूसरे हार्मोन्स के निर्माण और स्राव को भी काबू रखते हैं। उम्र, तनाव की अधिकता, अस्वस्थ जीवनशैली, स्टेरॉएड दवाओं का अधिक सेवन, ज्यादा वजन या कुछ खास दवाओं के कारण हार्मोन्स के स्तर में गड़बड़ी हो सकती है।

कैसे करें शीर्षासन

शीर्षासन करने के लिए आपको सबसे पहले किसी चद्दर या मेट को सपाट जगह पर बिछाकर वज्रासन में बैठना चाहिए। आप इस तरह से बैठें की आगे की ओर झुकने के लिए आपके पास भरपूर जगह हो। वज्रासन में बैठकर आप दोनों कोहनियों को जमीन पर टिकाकर दोनों हाथों की अंगुलियों को आपस में मिला लें। दोनों हाथों की अंगुलियों को मिलाकर आपकी हथेलियां ऊपर की ओर होनी चाहिए जिससे आप अपने सिर को हथेलियों का सहारा दे सकें। धीरे-धीरे आगे की ओर झुकते हए अपने सिर को हथेलियों पर रखें और सांस सामान्य रखें। फिर धीरे-धीरे अपने सिर पर शरीर का भार आने दें। इस स्थिति में आकर आपको अपने पैरों को आसमान की ओर उठाना है ठीक इस तरह से जैसे आप सीधें पैरों के बल खड़े होते हैं वैसे ही आप उल्टा सिर के बल खड़े हैं। कुछ देर इसी स्थिती में रहें और फिर सामान्य स्थिति में वापस आ जाएं। शीर्षासन करते हुए ध्यान रखें

ये सावधानियां

- शीर्षासन का अभ्यास पहली बार किसी योग विशेषज्ञ की देखरेख में ही करें।
- अस्वस्थ महसूस करने पर शीर्षासन करने से बचना चाहिए।
- शुरूआत में शीर्षासन का अभ्यास करते समय आप दीवार का सहारा भी ले सकते हैं।
- आपका रक्तचाप बहुत अधिक बढ़ा रहता है तो आपको शीर्षासन बिल्कुल भी नहीं करना चाहिए।
- आपको सर्वाइकल की समस्या है या फिर गर्दन में दर्द की समस्या है तो आपको शीर्षासन नहीं करना चाहिए।

संक्षिप्त समाचार

बांका में पति की पिटाई से पत्नी की मौत

बांका, एजेंसी। बांका में पति की पिटाई से महिला की मौत हो गई है। मामला कटोरिया थाना क्षेत्र के भोलाडीह गांव की है। बुधवार देर रात झारखंड के देवघर में इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। मृतका की पहचान भोलाडीह निवासी शंभू यादव की पत्नी बबीता देवी (24) के रूप में हुई है। मृतका के मायके वालों ने पति सहित ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। झुनझुनियां गांव के निवासी मृतका के पिता पप्पू यादव ने बताया कि उनकी बेटी बबीता देवी का पति शंभू यादव दूसरे बच्चे के जन्म के बाद से ही उसके साथ हिंसक तरीके से बर्ताव कर रहा था। शंभू यादव अक्सर बबीता पर गैर पुरुष से बातचीत करने का आरोप लगाकर मारपीट करता था। परिजनों ने कई बार पारिवारिक स्तर पर समझौता कराने का प्रयास किया, लेकिन मारपीट जारी रही। परिजनों के अनुसार, हाल ही में शंभू यादव ने इसी आरोप को लेकर बबीता देवी के साथ मारपीट की। पिटाई के कारण बबीता बेहोश हो गई, जिसके बाद उसे कटोरिया के एक प्राइवेट डॉक्टर के पास ले जाया गया। डॉक्टर ने उसे बेहतर इलाज के लिए झारखंड के देवघर रेफर कर दिया था। हालांकि, मंगलवार सुबह आरोपी पति उसे जबरन घर वापस ले आया। देर शाम बबीता की हालत फिर गंभीर होने पर परिजन उसे दोबारा प्राइवेट डॉक्टर के पास ले गए। वहां से उसे फिर झारखंड देवघर रेफर किया गया, जहां बुधवार रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बबीता की मौत की सूचना मिलते ही पिता पप्पू यादव अन्य परिजनों के साथ शव लेकर कटोरिया थाना पहुंचे। उन्होंने पति शंभू यादव और ससुराल पक्ष के अन्य पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद मायके वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बताया कि यह पति-पत्नी के बीच विवाद का मामला है। आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले की आगे की जांच की जा रही है।

ऑनलाइन गेम में उत्तर बिहार में भी जा चुकी जान, दोस्त की तरह बच्चों की निगरानी जरूरी

मुजफ्फरपुर, एजेंसी। ऑनलाइन गेम की लत कैंसर से भी खतरनाक बीमारी बनती जा रही है। गाजियाबाद में तीन सगी नाबालिग बहनों की नौवीं मंजिल से कूदकर खुदकुशी के बाद इसे लेकर एक्सपर्ट चिंता जता रहे हैं। उत्तर बिहार में भी इसे लेकर आत्महत्या के अलावा हत्या और दुर्घटना सामने आई है। इस संबंध में मनोविज्ञानी व टेक्निकल एक्सपर्ट का मानना है कि अभिभावकों को खुद सचेत होना होगा। बच्चों पर मित्र की तरह निगरानी रखनी होगी। ऑनलाइन मोबाइल गेम खेलने और मोबाइल इस्तेमाल पर कई देशों में प्रतिबंध या सख्त नियम हैं। चीन में 18 साल से कम उम्र के बच्चों को ऑनलाइन गेम केवल शुक्रवार, शनिवार, रविवार और पब्लिक हालीडे पर रात आठ से नौ बजे तक सिर्फ एक घंटा खेलने की अनुमति है। वीकडे पर पूरी तरह प्रतिबंध है। मनोविज्ञानी आरडीएस कॉलेज के शिक्षक डॉ. सौरभ राज का कहना है कि अगर आपका बच्चा ऑनलाइन गेमिंग कर रहा है तो इस पर शुरू से ही नजर रखनी चाहिए। सारा दोष बच्चों का नहीं है। अगर बच्चा गेम खेल रहा है तो कितनी देर तक खेल रहा है, कौन सा गेम खेल रहा है इसकी मॉनिटरिंग की जानी चाहिए। दूसरी चीज की बच्चों का जो दिमागी विकास है, उसमें सही और गलत का अंतर समझने में समय लगता है।

पटना में नवविवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत

पटना, एजेंसी। पटना के बेउर में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया है। युवती की शादी दो महीने पहले ही धूमधाम से हुई थी। बुधवार को घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पटना एम्स भेज दिया है। मामले की जांच के लिए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है। पुलिस ने ससुराल के कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। युवती के पिता भोला राय ने बताया कि उनकी बेटी निशा कुमारी (20) की शादी 20 नवंबर 2025 को गर्दनीबाग निवासी संतोष कुमार (24) से हुई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि शादी के समय उन्होंने दामाद को लगभग 8 लाख रुपये नकद, सोने की चेन और ढाई लाख रुपये से अधिक का सामान दिया था। इसके बावजूद, संतोष कुमार लगातार एक गाड़ी की मांग कर रहे थे। भोला राय ने आरोप लगाया कि बुधवार को उन्हें बेटी की मौत की सूचना मिली। जब वे ससुराल पहुंचे, तो उन्होंने पाया कि निशा कुमारी की गला दबाकर हत्या की गई थी और इसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई। फुलवारी शरीफ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी सुशील कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस को बेउर थाना क्षेत्र के सिपारा बखानी मोहल्ले में एक नवविवाहिता द्वारा आत्महत्या करने की सूचना मिली थी, जिसके बाद एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया गया।

अगर बाप-दादा के नाम पर है जमीन तो वंशावली के आधार पर बनेगी आईडी,

बिहार के किसानों को बड़ी राहत

भागलपुर, एजेंसी। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत ई-केवाईसी व फार्मर आईडी बनाने में कृषि व राजस्व विभाग की टीम हांफ रही है। नियमों में ढील मिलने की वजह से मंगलवार को जहां 25337 किसानों के फार्मर आईडी बनाए गए। वहीं, बुधवार को नियमों में फिर से सख्ती होने पर 4405 किसानों के ही फार्मर आईडी बनाए जा सके।

मंगलवार को फार्मर आईडी बनाने के मामले में भागलपुर नंबर वन पर था, वहीं बुधवार को यह जिले में पांचवें स्थान पर पहुंच गया। पीरपैंती में ई-केवाईसी व फार्मर रजिस्ट्री की स्थिति अच्छी नहीं है।

खराब परफॉर्मेंस के कारण खवासपुर पीरपैंती के किसान सलाहकार रामाशीष यादव, कोदवार कहलगांव के किसान सलाहकार सच्चिदानंद मंडल, महेशी अजगैवीनाथ के किसान सलाहकार रजनीकांत मिश्र व धर्मेंद्र कुमार को मुख्यालय बुला लिया गया है। उन्हें कारण बताओ नोटिस देकर 24 घंटे में उसका स्पष्टीकरण देने के लिए कहा गया है। जिले में अबतक दो लाख 74 हजार 158 के विरुद्ध एक लाख तीन हजार 745 किसानों के फार्मर आईडी बन चुके हैं।

कहलगांव के प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव रंजन ने बताया कि खतियान यदि पिता, दादा या पूर्वजों के नाम है तो संबंधित किसानों का फार्मर रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। संयुक्त जमाबंदी में भी अलग अलग परिवार के सदस्यों का रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। पहले जिन किसानों के नाम खतियान में थे सिर्फ उन्हीं के रजिस्ट्रेशन किए जा रहे थे।

जानकारी के अनुसार, मंगलवार को किसानों के एफआर बनने के कार्य में काफी तेजी आ गई थी।

इसकी मूल वजह मूल जमाबंदी में आवेदक का नाम नहीं रहने के बाद भी वंशावली के आधार पर लाभ ले रहे नामों को साफ्टवेयर स्वीकार करने लगा था। सूत्र के अनुसार, जमाबंदी दादा और पिता के नाम से होने के बाद भी आवेदक का एफआर बनने लगा था। इसका निर्देश मुख्यालय से प्राप्त हुआ था।

हालांकि, उसमें कुछ गलत एफआर बनने की सूचना मिलते ही बुधवार को इसे बंद कर दिया गया है। इससे फार्मर रजिस्ट्री का कार्य बुधवार को कम हुआ। सबौर के प्रखंड कृषि पदाधिकारी संजीव कुमार पाल ने बताया कि कल नाम में विसंगतियां होने के बाद भी किसानों का एफआर बन रहा था। बुधवार को पुनः पहले जैसी स्थिति हो गई है। नाम और जमाबंदी के नाम में अंतर होने पर सॉफ्टवेयर एक्सेप्ट नहीं कर रहा है।

उन्होंने बताया कि सबौर का एफआर 50 प्रतिशत होना चाहिए था, जो हो गया है। सबौर प्रखंड में टोटल 7271 पीएम किसान लाभार्थी हैं। उनमें से अबतक 6547 किसानों के केवाईसी हो चुके हैं। जबकि 3956 किसानों के एफआर कर लिए गए हैं।

इधर, जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी व उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह ई-केवाईसी व फार्मर रजिस्ट्री की लगातार मानीटरिंग कर रहे हैं। समीक्षा भवन में कृषि व राजस्व विभाग के अधिकारी लगातार इस कार्य पर नजर बनाए हुए हैं। बुधवार को छुट्टी के दिन भी जिलाधिकारी सहित सभी वरीय पदाधिकारी समीक्षा भवन में मौजूद रहे। इसमें लापरवाही बरतने वाले कर्मियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

पूर्णिया में शॉर्ट सर्किट से लगी आग :

2 गैस सिलेंडर फटा, घर मलबे में तब्दील

पूर्णिया, एजेंसी। पूर्णिया में शॉर्ट सर्किट से एक घर में आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि घर में रखे दो गैस सिलेंडर जोरदार धमाके के साथ फट गए। धमाके की आवाज सुनते ही पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग डर के मारे घरों से बाहर निकल आए। सब्जी बेचकर गुजारा करने वाले परमानंद सिंह का पूरा घर जलकर राख हो गया। विस्फोट के बाद हुई भीषण आगलगी में पूरा घर मलबे में तब्दील हो गया। गनीमत रही कि इस हादसे से पहले ही सभी सदस्य भाग निकले, जिससे उनकी जान बच सकी। सूचना मिलते ही मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची। काफी मशक्कत से आग बुझाई जा सकी, लेकिन तब तक सारा सामान पूरी तरह जलकर खाक हो चुका था। घटना के. नगर थाना क्षेत्र के गणेशपुर पंचायत के आदमपुर टोला की है।

पीड़ित परमानंद सिंह ने बताया कि रोज की तरह परोड़ा चौक पर सब्जी बेचने गए थे। इसी दौरान शॉर्ट सर्किट से घर में आग लग गई। घर में दो गैस सिलेंडर रखे थे। दोनों गैस सिलेंडर आग की चपेट में आ गए। गैस सिलेंडर फटने से जोरदार विस्फोट हुआ। उसी समय उन्हें फोन पर आग लगने की खबर मिली। जब वे वापस पहुंचे, तब तक सब कुछ खत्म हो चुका था। डेढ़ लाख कैश, अनाज, कपड़े, बर्तन, सब्जी के कैरेट, खाद की बोरियां और पूरा घर जलकर राख हो गया।

मैं सब्जी बेचकर किसी तरह परिवार चलाता हूं। घर बनाने के लिए पैसे जोड़े थे, सब जल गया। उनकी आठ बेटियां हैं। कल ही ग्रुप लोन की दस हजार रुपए की किस्त भी जमा की थी। अब घर और जमा की गई पूरी पूंजी खत्म हो चुकी है। परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है। खाने-पीने की भी भारी परेशानी हो गई है। अब बच्चों को कैसे पालूंगा, समझ नहीं आ रहा। सरकार से बस मदद चाहिए।घटना की जानकारी मिलते ही जिला परिषद सदस्य देशबंधु उर्फ बुलबुल पासवान, मुखिया अंजनी देवी, पूर्व प्रमुख मंजूर बैग, समाजसेवी आफताब आलम और पूर्व मुखिया सुरेंद्र चौधरी मौके पर पहुंचे। सभी ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को तुरंत सरकारी सहायता, मुआवजा और रहने की व्यवस्था देने की मांग की है।

प्रसव के बाद महिला की मौत से हड़कंप; परिजनों का हंगामा

मधेपुरा, एजेंसी। मधेपुरा सदर अस्पताल में बुधवार शाम प्रसव के कुछ घंटे बाद एक महिला की मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया। मृतका की पहचान भर्राही थाना क्षेत्र के गोढ़ैला गांव निवासी दिनेश साह की बेटी अनुपम कुमारी (23) के रूप में हुई है। उसकी शादी मई 2023 में कुमारखंड प्रखंड के रहटा वार्ड निवासी अमित कुमार साह से हुई थी। पति मजदूरी कर परिवार का खर्च चलाते हैं।

मृतका की मां बबली देवी ने बताया कि बुधवार सुबह करीब नौ बजे अनुपम कुमारी को प्रसव पीड़ा होने पर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सुबह करीब 10 बजे उसने एक बच्ची को जन्म दिया, जो पूरी तरह स्वस्थ है। लेकिन प्रसव के बाद अनुपम की हालत धीरे-धीरे बिगड़ने लगी। परिजनों ने जब इसकी जानकारी वहां मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों को दी, तो उन्होंने इसे गंभीरता से नहीं लिया।

शाम करीब 3.30 बजे जब उसकी हालत ज्यादा खराब हो गई, तो उसे जेएनकेटी मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया। परिजनों का आरोप है कि इस दौरान उन्हें एंबुलेंस भी उपलब्ध नहीं कराई गई। मजबूरी में उन्होंने ऑटो रिजर्व किया और प्रसूता को लेकर निकले, लेकिन अस्पताल गेट से बाहर निकलते ही अनुपम की मौत हो गई। इसके बाद गुस्साए परिजनों ने सदर अस्पताल में जमकर हंगामा किया।

परिजनों का कहना है कि अगर समय पर सही इलाज मिल जाता और लापरवाही नहीं बरती जाती, तो अनुपम कुमारी की जान बचाई जा सकती थी। उनका आरोप है कि ड्यूटी पर मौजूद महिला डॉक्टर कुमारी शिखा ने मरीज का ठीक से इलाज नहीं किया। परिजनों ने यह भी कहा कि अस्पताल में पहले से ही कई मरीज महिला डॉक्टर के व्यवहार को लेकर शिकायत कर चुके हैं।किसी ने डीएम को फोन कर घटना की जानकारी दी। इसके बाद रात करीब 9.30 बजे सदर एसडीएम संतोष कुमार सदर अस्पताल पहुंचे।

'बेटा कहकर, बेटी थमा दी', नवजात अदला-बदली के आरोप से मचा बवाल, सदर अस्पताल में हंगामा

वैशाली, एजेंसी। सदर अस्पताल के प्रसव वार्ड में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक प्रसूता के परिजनों ने बेटे की जगह बेटी सौंपे जाने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। नवजात के बदलने की बात सामने आते ही बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। हालात बिगड़ते देख ड्यूटी पर तैनात कर्मियों ने अस्पताल से बाहर निकलकर नगर थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई।

पीड़िता के भाई संजय कुमार ने बताया कि बुधवार सुबह उन्होंने अपनी बहन गुंजन को प्रसव के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया था। करीब 12 बजे डॉक्टर उसे प्रसव के लिए ले गए। कुछ देर बाद अस्पताल के एक कर्मी ने परिजनों को बताया कि बेटा हुआ है और नसबंदी करानी है। पहले से प्रसूता को चार बेटियां थीं, इसलिए बेटे के जन्म की जानकारी मिलने पर परिजनों ने नसबंदी करवा दी। लगभग एक घंटे बाद जब अस्पताल कर्मियों ने बेटे की जगह बेटी सौंपनी चाही, तो परिजनों ने बच्ची लेने से इनकार कर दिया और डॉक्टर व नर्स पर बच्चे की अदला-बदली का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया।

आक्रोशित परिजनों के हंगामे को देख ओटी वार्ड में तैनात सभी कर्मी वार्ड छोड़कर बाहर निकल गए। इधर, सूचना मिलते ही नगर थाना की पुलिस दल-बल के साथ अस्पताल पहुंची और परिजनों को समझाने-बुझाने में जुट गई, लेकिन वे मानने को तैयार नहीं थे और बेटे को सौंपने की मांग पर अड़े रहे। करीब दो घंटे तक चले हंगामे और उचित कार्रवाई के आश्वासन के बाद परिजन शांत हुए।

बताया जा रहा है कि इससे पहले भी सदर अस्पताल में नवजात की अदला-बदली का मामला सामने आ चुका है। बीते 30 अगस्त को नवजात शिशु चिकित्सा इकाई में गड़बड़ी के कारण बच्चे की अदला-बदली को लेकर परिजनों ने जमकर हंगामा किया था। बिदुपुर थाना क्षेत्र के दुगोली गांव निवासी दीपक ठाकुर की पत्नी प्रियंका कुमारी ने देर रात एक बच्चे को जन्म दिया था, जो लड़का था और इलाज के लिए नवजात शिशु चिकित्सा इकाई में रखा गया था। वहीं, एक अन्य महिला जिसका नाम भी प्रियंका कुमारी था, उसकी बच्ची का भी वहीं इलाज चल रहा था। दोनों माताओं का नाम एक होने के कारण अस्पताल कर्मियों से बच्चे की अदला-बदली हो गई थी, जिसके बाद परिजनों ने हंगामा किया था।

नालंदा में बजट 2026-27 से उम्मीदों का नया सवेरा

बौद्ध सर्किट से पर्यटन को नई पहचान मिलेगी

नालंदा, एजेंसी। बिहार बजट 2026-27 ने ऐतिहासिक नालंदा जिले के लिए विकास के नए द्वार खोल दिए हैं। 3.47 लाख करोड़ रुपए के इस महत्वाकांक्षी बजट में पर्यटन, शिक्षा और रोजगार पर विशेष जोर देते हुए जिले को बिहार के विकास की नई कहानी का केंद्र बनाने का प्रयास किया गया है।

बजट में राजगीर को बौद्ध सर्किट से मजबूती से जोड़ने और नालंदा विश्वविद्यालय के विस्तार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को शामिल किया गया है। जानकारों का मानना है कि इससे पर्यटन उद्योग में अभूतपूर्व वृद्धि होगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अनगिनत अवसर पैदा होंगे।

नालंदा की समृद्ध ऐतिहासिक विरासत को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने की इस पहल से होटल, परिवहन और हस्तशिल्प उद्योगों को भी गति मिलने की संभावना है।

बजट में कृषि क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता दी गई है। जिले के 1.74 लाख किसानों को कर्पूरी सम्मान निधि का लाभ मिलेगा। पीएम किसान सम्मान निधि के साथ मिलाकर अब प्रत्येक किसान को सालाना 9,000 रुपए की आर्थिक सहायता मिलेगी, जिससे खेती की बढ़ती लागत से जूझ रहे किसानों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत जिले के 4.21 लाख बिजली उपभोक्ताओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना से न केवल बिजली बिल में भारी कमी आएगी, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाया जा सकेगा।

बजट में शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव की परिकल्पना की गई है। जिले की 231 पंचायतों में एक-एक मॉडल स्कूल स्थापित किए जाएंगे, जहां स्मार्ट क्लासरूम और डिजिटल लाइब्रेरी की अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकती है। कौशल विकास मिशन के विस्तार और स्टार्टअप फंड में वृद्धि से युवाओं के सपनों को पंख लगेंगे। छोटे और मध्यम उद्योगों को आसान ऋण और तकनीकी सहायता प्रदान करने का प्रावधान किया गया है, जिससे स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा। कृषि आधारित उद्योगों और पर्यटन सेवाओं के विकास से क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था में नई जान आने की उम्मीद है।

बजट में ग्रामीण सड़कों को एक लेन से दो लेन में विकसित करने की योजना शामिल की गई है। यह पहल गांवों को शहरों से बेहतर तरीके से जोड़ेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगी।

जिले के उद्यमियों, युवाओं और प्रबुद्ध नागरिकों ने इस बजट को रोजगार और औद्योगिक विकास को नई दिशा देने वाला बताया है। कपड़ा व्यवसायियों, स्वर्ण कारोबारियों और स्थानीय निवासियों ने एकमत से माना कि यह बजट विकसित बिहार की मजबूत नींव रखेगा।

पटना में रेंट एग्रीमेंट के विवाद को लेकर फायरिंग

पटना, एजेंसी। पटना में दीघा इलाके के लोयला स्कूल के पास शंभू सिंह नाम के शख्स पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। हालांकि शंभू सिंह फायरिंग करने वाले बदमाश से भीड़ गए। हाथ पकड़कर ऊपर कर दिया। जिससे हवाई फायरिंग हो गई। वहां मौजूद लोगों ने इसी बीच उस शख्स को पकड़ लिया। बुरी तरह से मारने पीटने लगे। पीड़ित पक्ष ने पीटने के बाद पुलिस को खबर की। मौके पर पुलिस आई और आरोपी को लेकर थाने चली आई। गंभीर चोट होने के चलते पुलिस ने आरोपी का इलाज भी कराया। इधर, दो अन्य आरोपी फरार हो गए। बताया जा रहा कि 50 लाख की रंगदारी भी मांगी गई थी। वहीं, पीड़ित पर दोबारा हमला किया गया है। रेंट के पैसे को लेकर विवाद था। प्रभारी सेंट्रल एसपी भानु प्रताप ने बताया कि आरोपी की पहचान बिहटा के रहने वाले सिकंदर उर्फ राहुल के तौर पर हुई है। पूर्व से ही दोनों के बीच रेंट के रुपए को लेकर विवाद चल रहा है। आरोपी का कहना है कि शंभू सिंह के यहां रुपए बकाया है।वहीं, शंभू सिंह का कहना है कि कोई रुपए बकाया नहीं है। इसी बात के विवाद में सिकंदर ने शंभू को टारगेट कर के फायरिंग की थी। आरोपी के पास से एक पिस्टल, एक देशी कट्टा मिले हैं। फिलहाल और भी पूछताछ की जा रही है। इधर, पीड़ित शंभू सिंह ने दीघा थाने में सिकंदर उर्फ राहुल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस आस पास में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर छानबीन कर रही है।

क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 85वीं बैठक में महाप्रबंधक ने हिंदी में कार्य करने पर दिया जोर

हाजीपुर, एजेंसी। पूर्व मध्य रेल मुख्यालय/हाजीपुर में क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 85वीं बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह ने की। उन्होंने अधिकारियों को राजभाषा से संबंधित निर्देशों का दृढ़तापूर्वक पालन करने की आवश्यकता पर जोर दिया। श्री सिंह ने कहा कि पूर्व मध्य रेल 'क' क्षेत्र में स्थित होने के कारण अधिकांश कार्य हिंदी में होता है। उन्होंने अधिकारियों से छोटे आदेश और टिप्पणियाँ हिंदी में लिखने का आग्रह किया, जिससे हिंदी के प्रयोग-प्रसार के लिए सकारात्मक माहौल बनेगा और अधीनस्थ कर्मचारी भी प्रेरित होंगे। उन्होंने दैनिक कामकाज में सरल और सहज हिंदी के प्रयोग पर बल दिया।

इस अवसर पर, राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य के लिए कार्मिक विभाग को महाप्रबंधक द्वारा अंतर्विभागीय राजभाषा चल शील्ड प्रदान की गई। प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी सुरेश चंद्र श्रीवास्तव ने यह शील्ड प्राप्त की। महाप्रबंधक ने 'पूर्व मध्य रेल दर्पण' राजभाषा बुलेटिन के वर्तमान अंक और राजभाषा सहायिक के दूसरे संस्करण का भी लोकार्पण किया। इसके अतिरिक्त, रेलवे बोर्ड व्यक्तिगत नकद पुरस्कार योजना आधार वर्ष-2023 के पुरस्कृत अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इस महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में पूर्व मध्य रेल के मंडलों और कारखानों के उच्च अधिकारी उपस्थित थे, जिन्होंने अपने विभागों में राजभाषा के प्रचार-प्रसार की स्थिति से समिति को अवगत कराया।

क्षेत्रीय रेल राजभाषा
कार्यान्वयन समिति की बैठ

अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि ऐसी समीक्षा बैठकों से कई महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ और सुझाव सामने आते हैं। उन्होंने आपसी समन्वय और सकारात्मकता के माध्यम से लक्ष्यों को प्राप्त करने पर जोर दिया। उन्होंने सभी पुरस्कृत अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी और भविष्य की बैठकों में महत्वपूर्ण लक्ष्य प्राप्त करने का संकल्प लेने की उम्मीद जताई।

हमें प्रसन्नता है कि पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय/हाजीपुर में आप सभी के सहयोग से हम राजभाषा के प्रचार-प्रसार में निरंतर अग्रसर रहेंगे। प्रभात कुमार, मुख्य राजभाषा अधिकारी सह प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक ने अपने वक्तव्य में कहा कि पूर्व मध्य रेल 'क' क्षेत्र में स्थित है।

इसलिए यहां अधिकांश कार्य स्वाभाविक रूप से हिंदी में ही होना चाहिए, ऐसे बहुत से क्षेत्र हैं जहाँ और अधिक प्रयास करके हिंदी के प्रयोग-प्रसार को बढ़ाए जाने की आवश्यकता है इसलिए यहाँ अधिकांश कार्य स्वाभाविक रूप से हिंदी में ही होना चाहिए। आवश्यकता है दृढ़ इच्छाशक्ति की। ऐसे बहुत से क्षेत्र हैं जहाँ और अधिक प्रयास करके हिंदी के प्रयोग-प्रसार को बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। हमारा दायित्व है कि संघ की राजभाषा नीति के अनुरूप सभी कामकाज शत-प्रतिशत हिंदी में किए जाएं।

इसके लिए आप सबके सहयोग की आवश्यकता है। समय के अनुरूप अपेक्षा है कि हम अपना कार्य हिंदी में सरल और सहज रूप से करें ताकि यह सभी के लिए बोधगम्य हो। महाप्रबंधक महोदय के कुशल नेतृत्व में इस रेल पर राजभाषा के प्रचार-प्रसार के लिए हम निरंतर सचेष्ट हैं।

और हमारा प्रयास है कि विभिन्न माध्यमों से अधिकारियों/कर्मचारियों को हिंदी में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए एवं राजभाषा के विकास के लिए स्वस्थ वातावरण का निर्माण किया जाए। आज की बैठक में हम राजभाषा के प्रयोग-प्रसार से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेंगे तथा विचार-विमर्श के जरिए कार्यालयी कामकाज हिंदी में करने की दिशा में प्रयास करेंगे।

बैठक का संचालन करते हुए उप महाप्रबंधक (राजभाषा) श्री केशव त्रिपाठी ने कहा कि पूर्व मध्य रेल में हिंदी के प्रयोग-प्रसार में तेजी लाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने समिति को सूचित किया कि हमारे कार्यालय में राजभाषा कार्यान्वयन का कार्य गृह मंत्रालय के वार्षिक राजभाषा कार्यक्रम के अनुरूप ही किया जा रहा है। इसके साथ-साथ राजभाषा कार्यशाला, महत्वपूर्ण साहित्यकारों की जयंतियों जैसे कार्यक्रम भी मुख्यालय में नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं। संसदीय राजभाषा समिति के संभावित निरीक्षण दौरे को लेकर भी हमलोग गंभीरता से कार्य कर रहे हैं। बैठक के अंत में धन्यवाद ज्ञापन श्री अनिल कुमार शर्मा, राजभाषा अधिकारी द्वारा दिया गया।

संपादकीय

बजट में दिख रहा विकसित भारत का रोडमैप

अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर जिस तरह की वैश्विक चुनौतियां खड़ी हो रही हैं, नए समीकरण तैयार हो रहे हैं, उसमें सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए ऐसा बजट पेश करना एक चुनौती भरा काम है, जो संतुलित हो और जिसमें लोकलुभावन प्रस्तावों से बचने की कोशिश की जाए। सरकार का मानना है कि देश अब तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए दृढ़ संकल्पित है और 2026-27 का आम बजट भविष्य को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया। किसी भी बजट की उपादेयता इससे साबित होती है कि वह देश की आर्थिक मजबूती में कितना सहायक साबित हुआ और उसका आम जनता के जीवन पर क्या असर पड़ा। इस लिहाज से देखें तो रविवार को पेश बजट को व्यापार और पूंजी के क्षेत्र में बढ़ती जरूरतों के साथ-साथ भारत को अंतरराष्ट्रीय बाजारों के साथ तालमेल बिठाते हुए अधिक निर्यात और स्थिर दीर्घकालिक निवेश को आकर्षित करने वाला कहा जा सकता है। यों इस बजट को गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के हितों के संदर्भ में उम्मीद जगाने वाले प्रयास के तौर पर देखा जा सकता है, मगर कोई लोकलुभावन घोषणाओं से बचते हुए यथार्थवादी दृष्टिकोण पर जोर दिया गया। युवा वर्ग के सशक्तीकरण के मकसद से शिक्षा क्षेत्र में लगभग 1.35 लाख करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया गया है। इसके तहत पचास नए आइआइटी और मेडिकल कालेज खोले जाने की बात कही गई है। साथ ही कौशल के विकास के उद्देश्य से 'स्किल इंडिया' कार्यक्रम को जमीन पर उतारने के लिए दो लाख करोड़ रुपए और प्रशिक्षु योजना से पांच करोड़ युवाओं को छात्रवृत्ति की व्यवस्था की जाएगी। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों यानी एमएसएमई के क्षेत्र में मदद के साथ ही रोजगार केंद्रित विकास को प्रमुखता दी जाएगी। दरअसल, देश में आज भी विकास के सारे सवाल बढ़ती बेरोजगारी के सामने चुनौती की तरह लगने लगते हैं। इसके मद्देनजर बजट में बेरोजगारी दर को आठ फीसद से नीचे लाने का संकल्प जाहिर किया गया है। मगर सारे निवेश और कार्यक्रम की कामयाबी इस बात पर निर्भर करेगी कि शहरों-महानगरों के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी रोजगार के कितने अवसर सृजित हुए और उसमें हिस्सेदारी करने के लिए कौशल की कसौटी पर कितनी प्रशिक्षित युवा आबादी तैयार हुई। इसी तरह, लक्ष्मी वंदना योजना को विस्तार दिया गया है और स्वरोजगार ऋण के नियम शिथिल किए गए, ताकि महिला सशक्तीकरण की दिशा में ठोस नतीजे हासिल किए जा सकें। मगर यह देखने की बात होगी कि इससे जमीनी स्तर पर लैंगिक समानता की स्थितियों को सशक्त बनाने में कितनी मदद मिलेगी।

क्रोध प्रेम से ही हारेगा

जब मन में क्रोध की एक बड़ी तरंग आती है, तब उसे कैसे वश में लाया जाए? बहुत सरल सा जवाब है- उसके विपरीत एक तरंग उठाकर। उस समय प्रेम की बात मन में लाओ।कभी-कभी ऐसा होता है कि पत्नी अपने पति पर खूब गरम हो जाती है, लेकिन उसी समय उसका बच्चा वहां आ जाता है और वह उसे अपनी गोद में उठाकर चूम लेती है; इससे उसके मन में बच्चे के प्रति प्रेम-तरंग उठने लगती है और वह पहले तरंग को दबा देती है। प्रेम क्रोध के विपरीत है। इसी प्रकार, जब मन में किसी किस्म की चोरी का भाव उठे, तो उसके विपरीत भाव का चिंतन करना चाहिए। जब दान ग्रहण करने की इच्छा पैदा हो, तो उसके विपरीत भाव का चिंतन करना चाहिए। मैं स्वयं यदि कोई झूठ कहूं, तो उससे जो पाप होता है, उतना ही पाप तब भी होता है, जब दूसरे को झूठ कहने में लगाता हूं अथवा दूसरे की किसी झूठी बात का अनुमोदन करता हूं। वह झूठ भले ही जरा सा हो, फिर भी झूठ तो है ही। पर्वत की कंदरा में बैठकर भी यदि पाप चिंतन करो, किसी के प्रति घृणा का भाव पोषण करो, तो वह भी संचित रहेगा और कालान्तर में फिर से वह तुम्हारे पास किसी दुख के रूप में आकर तुम पर प्रबल आघात करेगा। यदि तुम अपने हृदय से ईर्ष्या और घृणा का भाव चारों ओर प्रसारित करते हो, तो वह चक्रवृद्धि ब्याज सहित तुम पर आकर गिरेगा। दुनिया की कोई भी ताकत उसको रोक न सकेगी। यदि तुमने एक बार उस शक्ति को बाहर निकाला, तो फिर निश्चित जानो, तुम्हें उसका प्रतिघात सहन करना ही पड़ेगा। यह स्मरण रहने पर तुम कुकर्मों से बचे रह सकोगे।

बजट का यह फैसला लड़कियों को कॉलेज और नौकरियों तक पहुंचाने में बहुत मददगार साबित होगा। मां-बाप भी बिना किसी डर के सरकारी हास्टलों में अपनी बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए भेज सकेंगे। इससे न केवल पढ़ाई बीच में छोड़ने वाली लड़कियों की संख्या कम होगी, बल्कि लड़कियां खुद को ज्यादा सुरक्षित और आत्मनिर्भर महसूस करेंगी। पढ़ाई के साथ-साथ जो अपना छोटा-मोटा काम करने या स्टार्टअप चलाने वाली महिलाओं के लिए भी बजट में घोषणा हुई है।

लोकलुभावन की बजाय आर्थिक सेहत ठीक करने वाला बजट

(उमेश चतुर्वेदी)

विदेशी समाचार माध्यमों और समाचार एजेंसियों की नजर में यह बजट एक तरह से क्रांतिकारी है। दुनिया की जानी-मानी आर्थिक समाचार एजेंसी ब्लूमबर्ग का कहना है कि भारत ने अपने बजट में .133 बिलियन का इंफ्रास्ट्रक्चर दांव लगाया है। इसके जरिए भारत अपने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को सुपरचार्ज करने की तैयारी में है। अंग्रेजी में एक मुहावरा है, टू रॉब पीटर टू पे पॉल। हिंदी में इसका मतलब होगा, पीटर से लेकर पॉल को देना। दुनिया की हर सरकारों के बजट के लिए इस मुहावरे का बखूबी इस्तेमाल होता है। मीडिया भी हर बजट के दिन एक खबर जरूर बनाता है, रूपया आएगा कहां से और जाएगा कहां। इसका भी मतलब इस मुहावरे जैसा ही। बजट प्रबंधन में दुनियाभर की सरकारें एक व्यक्ति या स्रोत से लेकर दूसरे को उपलब्ध कराती रही हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि हर बजट ऐसा ही होता है। लोकसभा में साल 2026-27 के लिए प्रस्तुत बजट को इस मुहावरे से कुछ हद तक दूर रखा जा सकता है। बजट प्रस्तावों की मीमांसा होती रहेगी, लेकिन फौरी तौर पर देखें तो कुछ चीजें साफ होती हैं। इस बजट के बारे में कह सकते हैं कि यह लोकलुभावन नहीं है। साल 2024-25 और 2025-26 के बजट को देखें तो उन दिनों मोदी सरकार पर जनता से किए गए वायदों को पूरा करने का दबाव था। इसलिए बीते दोनों बजट में लोकलुभावन घोषणाएं की गईं। वैसे भारतीय राजनीति की रवायत बन चुकी है कि ऐन चुनावों से पहले आने वाले बजट प्रस्तावों में उस राज्य विशेष जहां चुनाव होने हैं, के लिए लुभावनी घोषणाओं की बाढ़ आ जाती है। कुछ ही महीनों बाद पांच महत्वपूर्ण राज्यों में चुनाव होने वाले हैं। पश्चिम बंगाल पर बीजेपी जहां कब्जे की कोशिश में दिन-रात एक किए हुए हैं, वहीं प्रश्न प्रदेश बने तमिलनाडु में भी अपनी ताकतवर उपस्थिति जताने के लिए जोर लगाए हुई है। तमिलनाडु के पड़ोसी केंद्र शासित प्रदेश पुद्दचेरी में भी चुनाव होने हैं। इसी तरह बीजेपी की कोशिश गॉड'स ओन कंट्री यानी भगवान के अपने घर केरल में कमल का फूल खिलाने की है। जबकि असम में तीसरी बार सत्ता हासिल करने के लिए मुतमइन है। राजनीतिक रवायत के मुताबिक, मौजूदा बजट प्रस्तावों में इन राज्यों के लिए घोषणाओं की बाढ़ आनी चाहिए थी। लेकिन तमिलनाडु से आने वाली निर्मला सीतारमण ने अपने नौंवे बजट में ऐसा कुछ भी नहीं किया। इस लिहाज से यह बजट भारतीय राजनीति का नया चेहरा प्रस्तुत कर रहा है। इस बजट के बारे में कहा जा सकता है कि यह लोकलुभावन घोषणाओं की बजाय संरचनात्मक सुधारों, विनिर्माण और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई जैसे भविष्य के क्षेत्रों पर केंद्रित है। इस बजट में जिस तरह शी मार्ट के जरिए महिला उद्योगपतियों को प्रोत्साहन देने की बात है, बेकार और अनुपयोगी हो चुके कानूनों को बदलने के लिए समिति बनाने का का प्रस्ताव है या सात हाईस्पीड रेल कॉरीडोर बनाने की बात है या फिर ग्रामीण बजट को बढ़ावा दिया गया है, या फिर मनरेगा की जगह पर आए नए कानून जी राम जी को जबरदस्त प्रोत्साहन दिया गया है, उस वजह से यह बजट अलग स्वरूप लिए हुए दिख रहा है। शायद यही वजह है कि प्रधानमंत्री ने इसे वैश्विक स्तर पर भारत की भूमिका को सशक्त बनाने वाला बजट बताया है। हालांकि पूर्व वित्त मंत्री और अर्थशास्त्री पी चिदंबरम् मानते हैं कि इस बजट प्रस्ताव में सरकार चीन और अमेरिकी दबाव में दिख रही है। लेकिन विदेशी समाचार माध्यमों और समाचार एजेंसियों की नजर में यह बजट एक तरह से क्रांतिकारी है। दुनिया की जानी-मानी आर्थिक समाचार एजेंसी ब्लूमबर्ग का कहना है कि भारत ने अपने बजट में .133 बिलियन का इंफ्रास्ट्रक्चर दांव लगाया है। इसके जरिए भारत अपने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को सुपरचार्ज करने की तैयारी में है। इसके साथ ही ब्लूमबर्ग ने बजट में 12.2 लाख करोड़ के कैपेक्स को ग्लोबल सप्लाई चेन के लिए बड़ा संकेत माना है। दुनिया की सबसे बड़ी समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने इन बजट प्रस्तावों को लेकर कहा है कि भारत के इस बजट में वित्तीय अनुशासन बनाम विकास का द्वंद्व दिख रहा है। एजेंसी कहती है कि बजट प्रस्ताव में मोदी सरकार ने 4.3 प्रतिशत के राजकोषीय घाटे का लक्ष्य रखा है। इसी तरह उसने बुनियादी ढांचे पर खर्च बढ़ाया। मोदी सरकार के ये कदम नए बदलाव के प्रतीक हैं। ब्रिटेन से प्रकाशित होने वाले प्रसिद्ध आर्थिक अखबार फाइनेंशियल टाइम्स ने मोदी सरकार के बजट को लेकर कहा है कि यह ग्लोबल अनिश्चितता के बीच भारत का स्थिर कदम है। इस बजट के जरिए भारतीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने निवेश और राजकोषीय विवेक के बीच संतुलन साधने की कोशिश की है। दुनिया की जानी-मानी पत्रिका फोर्ब्स ने 2026 के बजटको लेकर एक तरह से हैरत जताते हुए सवाल पूछ लिया है कि क्या सेमीकंडक्टर और एआई के क्षेत्र मे निवेश भारत को टेक्निकल दुनिया का सुपरपावर बनाएगा? दुनिया की दूसरी बड़ी समाचार एजेंसी एएफपी ने भारत के बजट में बुनियादी ढांचे के लिए रिकॉर्ड 133 अरब डॉलर देने के वादे का स्वागत किया है। कुछ ऐसी ही प्रतिक्रियाएं दूसरी संस्थाओं की भी है। मशहूर रेटिंग एजेंसी मूडीज ने इस बजट को 'टैक्टिकल' यानी रणनीतिक करार दिया है। मूडीज का मानना है कि यह बजट क्रेडिट प्रोफाइल में तुरंत बदलाव नहीं करेगा, लेकिन भारत की आर्थिक स्थिरता के लिए अच्छा है। इन प्रतिक्रियाओं में प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिक्रिया को भी जोड़ सकते हैं, जिन्होंने इसे रिफॉर्म एक्सप्रेस बताया है। भारतीय मध्य वर्ग को हर बार बजट से बड़ी उम्मीद रहती है। देश का सबसे बड़ा आयकर दाता मध्य वर्ग ही है। उसे उम्मीद थी कि इस बार के बजट में आयकर पर किंचित ही सही, छूट मिलेगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इससे उसे थोड़ी निराशा तो जरूर हुई है। बीबीसी और अल जजीरा जैसे चैनलों ने इस मुद्दे को अपनी रवायत के मुताबिक अपनी समीक्षाओं में प्रमुखता दी है। दोनों ही समाचार संस्थानों ने भारतीय विपक्षी नेताओं और आर्थिक-तकनीकी विशेषज्ञों के हवाले से लिखा है कि आयकर स्लैब में बदलाव न होने से मध्यम वर्ग को उतनी राहत नहीं मिली, जितनी उम्मीद थी। सरकारी कर्मचारी उम्मीद कर रहे थे कि आठवें वेतन आयोग को लेकर भी बजट में कोई बड़ी चर्चा या ऐलान हो सकता है। लेकिन निर्मला सीतारमण ने इससे परहेज किया। इसका यह मतलब नहीं कि बजट में आम आदमी का ध्यान नहीं रखा गया है। बजट में कुछ बेहतरीन घोषणाएं भी हुई हैं। महिला उत्थान और सशक्तीकरण की बात खूब की जाती है, लेकिन गांवों या छोटे शहरों से बड़े शहरों में पढ़ाई या नौकरी के लिए आने वाली लड़कियों की सहूलियतों पर कम ही ध्यान दिया जाता रहा है। लेकिन इस बार बजट में उनका ध्यान रखा है। बजट में हर जिले में महिला छात्रावास बनाने का प्रस्ताव किया गया है।

देश को सही दिशा में बढ़ाएगा बजट

(एन के सिंह)

भारत के आम बजट 2026 को किसी भी दृष्टिकोण से देखिए, इसे विश्वसनीय, जिम्मेदार और दूरदर्शी बजट कहा जा सकता है। अव्वल तो बजट-चर्चा शुरू करने से पहले हमें दुनिया के हालात पर जरूर नजरें फेर लेनी चाहिए। उसके बाद ही यह सोचना चाहिए कि ऐसे क्या कदम उठाए जा सकते हैं, जिनसे हमारे सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि हो। वृद्धि भी कम नहीं, कम से कम उतनी हो, जितनी नए आर्थिक सर्वेक्षण में बताई गई है। रविवार को पेश केंद्रीय बजट में खास यह है कि व्यापार या उद्योग को विकास के एक प्रमुख चालक के रूप में देखा गया है। वित्त मंत्री ने दूरदर्शिता दिखाते हुए सहयोगी देशों के साथ तालमेल बिठाने के लिए सीमा शुल्क सुधार की बड़ी कोशिश की है। इससे निवेश दक्षता और व्यापार संबंधों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और लगातार उच्च विकास दर के अनुकूल स्थितियां बनेंगी। संक्षेप में कहें, तो इस वर्ष वित्त मंत्री का मूल मंत्र पूंजी, प्रौद्योगिकी और निर्यात प्रतिस्पर्धा है। सुखद है कि पहली बार विकास दर को बढ़ाकर 7 प्रतिशत का लक्ष्य रखा गया है। इस विकास दर को पाने के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट में बहुत ठोस कदम उठाए गए हैं। बजट के अनेक पहलू हैं, जिनसे उम्मीदों को बहुत बल मिलता है। अमेरिका के साथ जारी टैरिफ संबंधी तनाव के बावजूद भारत ने पिछले महीनों में कई मुक्त व्यापार समझौते किए हैं। यूरोपीय संघ से भी भारत का व्यापार समझौता हुआ है। भारत और यूरोप की आबादी को जोड़ लें, तो एक बहुत बड़ा बाजार हो जाता है। अतः यूरोपीय संघ के साथ भारत का व्यापार समझौता एक बड़ा कदम है। हालांकि, भारत को आत्मनिर्भरता को संरक्षित रखते हुए, विशेषकर बढ़ती एशियाई अर्थव्यवस्था में भी, विश्वसनीय साझेदारों के साथ संबंधों को मजबूत करना चाहिए। यह मानना चाहिए कि पुरानी व्यवस्था समाप्त हो चुकी है और नए बदलाव अव्यवस्थित हैं। इसे 'कार्नीवाद' कहा जा सकता है – एक स्पष्ट चेतावनी है कि हम बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहे हैं। व्यापार, ऊर्जा और सुरक्षा के क्षेत्र में बहुपक्षीय व लचीले गठबंधन बनाने में सक्षम देश ही बदलाव को राह दिखाएंगे। भारत के आर्थिक फैसले भी तय करेंगे कि दुनिया में नए गठबंधन कैसे आकार लेंगे? गठबंधन बनाने की चुनौतियों में वित्त, निवेश, ऊर्जा, जलवायु, जैव विविधता और सुरक्षा शामिल है। इस बजट में इन चुनौतियों से दो-दो हाथ करने का इरादा दिखता है। आज हम गौर कर सकते हैं कि नरेंद्र मोदी सरकार की यह एक बड़ी कामयाबी है, सरकार ने अपनी वित्तीय जिम्मेदारी को ठीक से निभाया है। वित्तीय संतुलन का यह मार्ग मैंने अपनी राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन के माध्यम से भी तैयार किया था, जिसे इस सरकार ने मंजूरी दी। सही राह पर हम बने हुए हैं। इसी के तहत हमने इस वर्ष भी वित्तीय घाटे का जो लक्ष्य था, उसे पाया है और तभी आगामी वर्ष में वित्तीय घाटे का लक्ष्य 4.3 प्रतिशत रखा गया है। बजट से पता चलता है कि देश के ऋण में गिरावट आई है। अगले वर्ष और गिरावट आएगी। हमारा लक्ष्य है कि 2030-31 में ऋण को जीडीपी के अनुपात में 51 प्रतिशत तक लाया जाए। हालांकि, हमें राज्यों के ऋण के बारे में भी सोचना चाहिए। राज्यों के ऋण और घाटे पर थोड़ी निगरानी रखनी पड़ेगी। केंद्र सरकार के ऋण अनुपात के अनुरूप ही राज्यों के ऋण को लाना होगा। रेअर अर्थ, कार्बन सीक्वेस्ट्रेशन , आई क्लाउड (सुरक्षित स्टोरेज सेवा), इन सभी नए क्षेत्रों को बजट ने बल देने के जरूरी प्रयास किए हैं।

सुडोकू पहेली क्रमांक- 5995

2	9			7	4			
	1					4		
6	7		9		5			
	8		2		6			
	6		8	4	7		2	
			5		1		8	
			7		8		9	2
		6					1	
			4	1			5	8

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 5994

1	8	5	7	4	9	2	3	6
7	9	4	2	6	3	8	5	1
3	6	2	8	1	5	7	4	9
9	4	7	1	3	8	5	6	2
5	2	1	9	7	6	3	8	4
8	3	6	5	2	4	1	9	7
6	1	3	4	5	2	9	7	8
2	5	8	6	9	7	4	1	3
4	7	9	3	8	1	6	2	5

वर्ग पहेली 5995

1	2	■	3		4	■	5
6		7		■	8	9	
10				■	11		
	■	■	■	12		■	■
13	14	■	■	15		16	17
18		19	■	20			
■	■		■		■		■
21			■	■	22		

संकेतः बाएं से दाएं
1. इस देश में फूल, रूमाल घड़ी आदि तोहफे देना गलत माना जाता है (2)
3. तमसा के तट पर इस महर्षि का आश्रम था, प्रख्यात ग्रंथ रामायण इन्हीं की कृति है (3)
6. विवाह तय होने के बाद वर को फल, रूपए देने आदि की रस्म (4)
8. शोध करने वाला (3)
10. मात्रा, तौल (4)
11. दौड़ने वाले को अंग्रेजी में यह कहत है (3)
12. कोन, रेखिक, मापी, खूंटा (2)
13. अध्ययन करने की क्रिया (2)
15. जयशंकर प्रसाद की प्रबंध काव्य (4)
18. दौड़पथ, धावनपथ (3)
20. कर या टैक्स देने वाला (4)
21. कार्यपूर्ति का माध्यम, उपकरण, जरिया (3)
22. भू पटल पर निचले और समतल क्षेत्र यह कहलाते है (3)

ऊपर से नीचे
1. मुख्यमंत्री को अंग्रेजी में यह कहत है (6)
2. शरीर की लंबी हड्डी को यह कहते हे (3)
3. कपि, वानर (3)
4. इस प्रसिद्ध पार्श्व गायक की बतौर संगीतकार पहली फिल्म झुमरू 1961 थी (6)
5. राजस्थान का एक शहर जो लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष (दिवंगत) बलराम जाखड़ का संसदीय क्षेत्र रहा है (3)
7. पिता का पिता, बाबा (2)
9. गणित के जोड़ का चिन्ह, रूपया-पैसा (2)
12. शंका करने वाला, शंकालु (4)
14. विश्वविद्यालय या महाविद्यालय का संकायध्यक्ष का मुख्य आचार्य (2)
16. जब-तब, कभी-कभी (4)
17. आनीत, नीत (2)
19. पगार, तनख्वाह (3)

वर्ग पहेली 5994 का हल

ब्रि	ट	न	■	अ	मे	ज	न
ज	ल	ज	■	ट	ह	ल	■
■	र	फ	बु	क	■	वा	क
सा	■	■	नि	ल	य	■	मा
ह	म	सा	या	■	म	ह	ल
सि	ल	■	द	■	द्वि	ज	■
क	मा	ई	■	य	ती	म	■
■	स	■	न	दि	या	■	■

आज का राशिफल

मेष

आज का दिन आपके लिए चुनौती पूर्ण रहेगा। सिंह राशि का चन्द्रमा आपके सामने ढेर सारी जिम्मेदारियां खड़ी करेगा। मंगल क्रियाशील और पुरुषार्थी ग्रह है इसलिए सुव्यवस्था करने में आपका कोई सानी नहीं है। सभी की उम्मीदों पर खरा उतरने की आपकी विशेषता आज भी आपको यश देगी। कहीं अच्छी खबर मिलेगी। घर पर मांगलिक कार्यक्रम की रुपरेखा बनेगी।

वृष

आज का दिन शुभ रहेगा। राजनीतिक प्रतिद्वंदी आज आपसे आगे निकलने का प्रयास करेंगे। लेकिन कोई नया कार्य शुरू करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। दिन का काम जल्दी खत्म करके सायंकाल कुछ समय परिवार के साथ बिताएंगे और मनोरंजन भ्रमण पर जाएंगे। सैर सपाटे पर सावधानी रखें नहीं अपना सामान चोरी होने की अंदेशा है।

मिथुन

आज का दिन आपके लिए सामान्य है। बौद्धिक तथा व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता कारक है। संतान पक्ष की ओर से हर्ष दायक समाचार से मनोबल बढ़ेगा। भाग्योदय का दिन है, सचेष्ट रहें। अपने कार्य आसानी से कर पाएँगे अगर इनकेगुप्त रखा जाएगा तो। अपनी योजना किसी के सामने नहीं बताए।

तुला

आज आपका राशि का स्वामी बुध आपके तरक्की करवाएगा। पर शत्रु चिंता भाव घर में संचार कर रहे हैं। फलस्वरूप वृद्धजनों की सेवा तथा पुण्य कार्यों पर धन व्यय होने से मन में हर्ष रहेगा। प्रतिद्वंद्वियों के लिए आप सिरदर्द बने रहेंगे। दाम्पत्य जीवन में सुखद स्थिति रहेगी। कहीं घूमने का कार्यक्रम बन सकता है।

वृश्चिक

आज का दिन चुनौती पूर्ण रहेगा। कोई महत्वपूर्ण व्यावसायिक अनुबंध आपके पक्ष में फाइनल हो सकता है। यदि आप आज अपनी बात दूसरों तक पहुंचाने में कामयाब हो जाए तो आने वाले दिनों में आपसे वरिष्ठ व्यक्ति भी आपकी प्रशंसा करेंगे। आज किसी के मामले हस्तक्षेप से बचे नहीं मानहानि के होने के मौका है।आप अपनी बुद्धि और चतुराई से लाभ ले पाएंगे।

धनु

आज शुभ कार्यों में आपकी दिलचस्पी बढ़ेगी। आप द्वारा लिया गया निर्णय आगे लाभप्रद रहेगा। संतान पक्ष के विवाह में आ रही अड़चनें समाप्त होंगी। यह व्यक्ति आपको आगे बढ़ कर देखना नहीं चाहता है। इसीलिए सावधान रहे। वस्त्र और गिफ्ट आइटम्स के कारोबार से जुड़े जातकों को कल विशेष रूप से लाभ मिल सकता है। आपको कल काफी समय से फंसा हुआ धन भी मिल सकता है।

कर्क

आज पूरे दिन आय के नए स्रोत सामने आएंगे। विरोध पक्ष पराजित होगा। आपके भाग्य का सितारा फिर से चमकने लगेगा। व्यवसाय में अधिक धन लगाना लाभकारी रहेगा। कोई मित्र आपका सहयोग करेगा जिससे आपकी समस्या काफी हद तक समाप्त हो जाएगी।अच्छी बात यह भी है कि आपको जीवनसाथी से भी पूरा सहयोग मिलेगा।

सिंह

आज का दिन घर परिवार के लिए अच्छा रहेगा। कर्मफल की सिद्धि कारक है। कहीं से कमा कमाया धन मिलने का योग है। किसी वृद्ध महिला का आशीर्वाद मिलने से उन्नति के विशेष अवसर प्राप्त होंगे। माता-पिता का स्वास्थ्य कुछ चिंता प्रदान करने वाला है। सर्तक रहें।आपको कल अपनी चतुर बुद्धि और कार्यकुशलता का लाभ मिलेगा।

कन्या

आज आपका भाग्य हर काम में आपका साथ देगा। विरोधियों का षड़यंत्र असफल रहेगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों पर शुभ व्यय होने से मन में हर्ष होगा। बहुत समय से चली आ रही कटुता आपसी समझौते से समाप्त हो जाएगी। नया परिचय मित्रता में परिवर्तित हो सकता है।

मकर

आज का आपका दिन शुभ रहेगा। राज्य कार्यों में सफलता, घर में धन धान्य की वृद्धि, कलत्र मित्रों से धन का लाभ, निरोगता शत्रुओं पर विजय और मनोरथ सिद्धि होगी। रात्रि में शुभ व्यय मंगलमय समारोह में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा। परिवार के सदस्यों के साथ आपका समय व्यतीत होगा जिससे आपको काफी कुछ संतोष प्राप्त होगा।

कुंभ

आज का दिन विजयकारक है। राशि आज सत्पुरुषों के मिलने से मन में प्रसन्नता होगी। उच्चाधिकारियों की कृपा से भूमि-जायदाद संबंधी विवाद का समाधान भी हो जाएगा। सायंकाल के समय स्वास्थ्य कुछ ढीला हो सकता है, ध्यान रखें। खानपान पर विशेष ध्यान दे और बाहरी चीजे खाने से परहेज करें। नहीं तो डाक्टरों के चक्कर लगाने पड़ सकते हैं। धर्म कर्म की ओर आपका रुझान रहने से पुण्य लाभ पाएंगे।

मीन

आज का दिन अत्यधिक श्रम करने पर भी आय कम और व्यय अधिक होगा। गुप्त शत्रु सक्रिय रहेंगे, व्यर्थ की भागदौड़ पारिवारिक अशान्ति विशेष रूप से रहेगी। सूर्यास्त होते समय कुछ राहत मिल जाएगी। कोई भी कार्य सावधानीपूर्वक करें नहीं तो आपके पछताना पड़ सकता है।आपको कल भाग्य आर्थिक लाभ के साथ ही साथ सुख साधन दिलाने में भी सहायक रहेगा।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा डी.बी. कॉर्पो. लि., के.जी. आश्रम के पास, बिफोर मंदिर, गोसाईंडीह, गोविंदपुर रोड, धनबाद, झारखण्ड – 828112 में मुद्रित एवं वार्ड नं. 8, बांधपाड़ा, दुमका, झारखंड – 814101 से प्रकाशित | संपादक- साकेत कुमार, मो.-9934957121, 7766886433 | E-mail : svvjh123@gmail.com | website : www.sonvarshavani.com

हम अच्छी फिल्में नहीं बना रहे

पिछले कुछ साल में इस बात पर बहस तेज हो गई है कि डूम स्क्रॉलिंग ने ध्यान केंद्रित करने की क्षमता को कैसे प्रभावित किया है। कई लोगों का मानना है कि अब लोगों में लंबे समय तक चलने वाले मनोरंजन के लिए धैर्य नहीं बचा है। कुछ लोग तो इसे बॉलीवुड के पतन का एक कारण भी बताते हैं, क्योंकि दर्शक फिल्में देखने में कम रुचि दिखा रहे हैं। अब अपनी आगामी फिल्म 'ओ रोमियो' के प्रमोशन में जुटे अभिनेता शाहिद कपूर ने इस मुद्दे पर बात की। साथ ही उन्होंने कहा कि सिर्फ कम ध्यान केंद्रित करने की क्षमता ही इंडस्ट्री के मौजूदा हालातों के लिए जिम्मेदार नहीं है। एक्टर ने बॉलीवुड में अच्छी फिल्मों की कमी पर भी बात की।

मेकर्स भी अपने काम पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पा रहे

बातचीत में शाहिद कपूर ने कम ध्यान केंद्रित करने के मुद्दे पर कहा देखिए, मोमबत्ती दोनों तरफ से जल रही है। दर्शक अपना धैर्य खो रहे हैं। उनका ध्यान केंद्रित नहीं हो पा रहा है। उन्हें उत्तेजना चाहिए, उन्हें ब्रेक चाहिए, क्योंकि इससे डोपामाइन का स्तर बढ़ता है। मेकर्स भी अपने साथ ऐसा ही कर रहे हैं, इसलिए जब वे ध्यान केंद्रित करके काम करने की कोशिश करते हैं, तो उनकी रचनात्मक क्षमता प्रभावित होती है। ऐसा नहीं है कि दर्शक फिल्में देखना नहीं चाहते; लेकिन हम उतनी अच्छी फिल्में नहीं बना पा रहे हैं जितनी बनानी चाहिए। इसलिए यह एक दोतरफा प्रक्रिया है। शाहिद ने मेन्यूफैक्टेट मार्केटिंग पर भी अपनी राय रखते हुए कहा कि लोग समझते नहीं हैं, लेकिन यह जीवन का एक चमत्कार है। जब लोगों से भरा एक कमरा ताली बजाता है, सीटी बजाता है और आपको पहचानता है, आपको अपने से ऊपर दर्जा देता है, तो यह बहुत खूबसूरत होता है। इसीलिए कला खास है। लेकिन जब वह पवित्रता भंग होने लगती है और उसमें बनावटीपन आ जाता है, तो उसका महत्व खत्म हो जाता है। मार्केटिंग तो हर किसी को करनी पड़ती है। लेकिन मार्केटिंग कब सही और गलत की सीमा पार कर जाती है? हद से ज्यादा क्या होता है? यह वास्तव में आपकी अपनी नैतिक समझ पर निर्भर करता है। अगर आप उस समझ के साथ काम करना चुनते हैं, तो बात अलग है। लेकिन अगर आप सिर्फ बिजनेस और आंकड़ों के लिए काम कर रहे हैं, तो वह सिर्फ बिजनेस और आंकड़े ही हैं और वही आपका जीवन का अनुभव है। अगर आप कुछ प्रामाणिक, मानवीय, सहज खोज रहे हैं, तो उसे होने दें। उसे कंट्रोल करने की कोशिश न करें। शाहिद कपूर जल्द ही विशाल भारद्वाज द्वारा निर्देशित 'ओ रोमियो' में नजर आएंगे। फिल्म 13 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

मेरी जिंदगी परफेक्ट नहीं, ईश्वर की कृपा है

पंजाबी सिनेमा से लेकर बॉलीवुड तक अपने अभिनय का परचम लहराने वाली अभिनेत्री सोनम बाजवा अपने पोस्ट के जरिए फैंस दिलों में राज करती हैं। अभिनेत्री ने गुरुवार को फैंस को एक खास संदेश दिया। अभिनेत्री सोनम बाजवा ने इंस्टाग्राम पर कुछ ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीरें शेयर कीं। अभिनेत्री की यह तस्वीरें काफी सादगी भरी और प्रभावशाली लग रही हैं, जो उनकी पर्सनैलिटी को गहराई से दर्शाती हैं, जिसे फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। उन्होंने फैंस को बताया है कि वे जिंदगी को परफेक्ट दिखाने की कोशिश कभी नहीं करतीं, बल्कि वे यह दिखाना चाहती हैं कि ईश्वर की कृपा से गुजर जाती हैं। वहीं, अभिनेत्री ने पोस्ट में लिखा, मैं कभी ऐसा न दिखूं कि मेरी जिंदगी बिल्कुल परफेक्ट है, बल्कि हमेशा यह दिखे कि ऊपरवाले ने मुझे अपने अनुग्रह से संभाला है। कमेंट सेक्शन में फैंस अभिनेत्री की तारीफ कर रहे हैं। वे उनकी इस बात को सच्ची और इंस्पायरिंग बता रहे हैं।

फिलहाल अभिनेत्री अपनी आने वाली फिल्मों में व्यस्त हैं। हाल ही में अभिनेत्री की फिल्म बॉर्डर 2 रिलीज हुई। फिल्म को 23 जनवरी को रिलीज किया गया था, जिसे दर्शकों से बेहद प्यार मिल रहा है। 1997 की बॉर्डर की अगली कड़ी में सोनम के अलावा, सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ, आन्या, मेधा राणा, मोना सिंह और अहान शेट्टी जैसे सितारे मुख्य भूमिका में थे। फिल्म ने ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 295 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है। फिल्म में कहानी को मजबूत तरीके से दिखाया गया है, जिसकी वजह से यह दर्शकों के दिलों को छू रही है। बताया जा रहा है कि फिल्म का आखिरी पार्ट देखना लाजवाब है, क्योंकि उसमें 1997 की बॉर्डर के मुख्य कलाकारों को भी दिखाया गया है। बॉर्डर 2 के निर्माता गुलशन कुमार और टी-सीरीज हैं। फिल्म के निर्देशक अनुराग सिंह हैं, जबकि भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, जेपी. दत्ता, और निधि दत्ता इसके निर्माण में शामिल हैं।

शुभांगी अत्रे ने मनोरंजन जगत का सच बताया

टेलीविजन की मशहूर शुभांगी अत्रे इन दिनों आगामी फिल्म भाबीजी घर पर हैं को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बीच अभिनेत्री ने इंडस्ट्री में फ्रेंडशिप को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। शुभांगी अत्रे ने कहा कि इस इंडस्ट्री में कोई भी बेस्ट फ्रेंड नहीं है। अभिनेत्री ने हाल ही में बालाजी टेलीफिल्म्स के पॉपुलर पॉडकास्ट ऑनेस्टली, व्हाई नॉट? में स्पेशल गेस्ट के तौर पर शिरकत की थी। इस शो में होस्ट ने अभिनेत्री से मनोरंजन जगत में दोस्ती को लेकर सवाल किए। होस्ट ने पूछा था कि क्या आपने कभी इंटरव्यू में अपने को-स्टार्स के साथ सबसे अच्छे दोस्त होने को लेकर झूठ बोला है? इस सवाल का जवाब देते हुए अभिनेत्री ने कहा, देखिए, यहां पर कोई भी बेस्ट फ्रेंड नहीं है, क्योंकि यहां पर लोगों में कॉम्पीटिशन और एक दूसरे को लेकर इंसीक्योरिटी बहुत ज्यादा है। जब एक शो चलता है, तब आप बहुत अच्छे दोस्त होते हैं, लेकिन जैसे ही आप उस शो से निकलते हैं, वो रिश्ते पीछे छूट जाते हैं। फिर आप अपनी जिंदगी की एक नई यात्रा शुरू करते हैं। मुझे लगता है कि एक एक्टर होने की सबसे अच्छी बात ये है कि आप खुद को लगातार खोजते और समझते रहते हैं। उन्होंने आगे कहा, इसलिए यहां बेस्ट फ्रेंड जैसा कोई कॉन्सेप्ट नहीं है। हां, इतना जरूर है कि जब तक हम साथ काम करते हैं, तब हम एक परिवार की तरह रहते हैं।

इसके बाद होस्ट ने पूछा, आपके साथ सेट पर कभी ऐसा हुआ है कि सीन करने के बाद आपकी किसी के साथ नोकझोंक या लड़ाई हो गई और फिर से उन्हीं के साथ सीन करना पड़ रहा है और आपको ऐसा लग रहा है कि मुझे करना ही नहीं है? इस सवाल का जवाब शुभांगी अत्रे ने हंसते हुए दिया। उन्होंने कहा कि वे अपने काम को काफी पसंद करती हैं और जब किरदार में रहती हैं तो वे सब भूल जाती हैं। उन्होंने कहा, नोकझोक तो हुई है पर काम ही नहीं करना ये कभी नहीं हुआ है और जब मैं अपने किरदार में रहती हूं तो मुझे कुछ याद नहीं रहता है। मुझे अपना काम बहुत पसंद है और मैं इसे पूरे मन से मजे लेकर करती हूं।

मेधा राणा ने बताया कैसे हुई 'बॉर्डर 2' में एंट्री

हालिया रिलीज फिल्म 'बॉर्डर 2' बॉक्स ऑफिस पर लगातार अच्छी कमाई कर रही है। फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स की तारीफ मिल रही है। इस फिल्म से अभिनेत्री मेधा राणा को भी एक अलग पहचान मिली है। वो फिल्म में वरुण धवन के साथ नजर आई हैं। अब अभिनेत्री ने वरुण के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा किया है।

फिल्म में कास्टिंग के दिन को किया याद

एएनआई से बातचीत के दौरान अपनी कास्टिंग की खबर मिलने के दिन को याद करते हुए मेधा ने कहा कि मैंने कई ऑडिशन दिए, पहले चरण में कम से कम दो या तीन। उसके बाद मुझे जाने-माने कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा सर और हमारे निर्देशक अनुराग सर से मिलने के लिए बुलाया गया। उस मुलाकात के दौरान दोनों ने मुझे बधाई दी और बताया कि मेरा चयन फिल्म के लिए हो गया है। मुझे वह दिन आज भी अच्छे से याद है। जब मैं उनसे मिलने गई तो मुझे मुश्किल से ही विश्वास हो रहा था। मैं बहुत भावुक हो गई और उनके सामने रोने लगी क्योंकि यह सब कुछ अवास्तविक लग रहा था।

सेट पर सपोर्टिव थे वरुण धवन

अपने बारे में बताते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि मैं एक सैन्य परिवार से आती हूं। मेरे परिवार की तीन पीढ़ियां सेना में सेवा कर चुकी हैं। हमारे परिवार के लिए यह बहुत बड़ी बात है कि मुझे इस तरह के प्रोजेक्ट में भूमिका निभाने का मौका मिला। यह फिल्म मेरे लिए बहुत मायने रखती है। यह मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान है। मैं हमेशा आभारी रहूंगी। वरुण धवन के साथ स्क्रीन शेयर करने के अपने अनुभव के बारे में मेधा राणा ने कहा कि वरुण बहुत ही प्यारे, दयालु और सहयोगी को-स्टार हैं। मुझे याद है जब मैं पहली बार सेट पर गई थी, तो मैं बहुत घबराई हुई और डरी हुई थी। लेकिन उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि मैं सहज महसूस करूं। उनकी एक खासियत है कि आपको कभी यह महसूस नहीं होगा कि वो एक स्टार हैं क्योंकि वो अपने आस-पास के सभी लोगों को सहज और सामान्य महसूस कराते हैं।

तेलुगु फिल्म श्रीनिवास मंगापुरम में नजर आने वाली हैं राशा थडानी

बॉलीवुड में फिल्म आजाद से डेब्यू कर चुकी अभिनेत्री राशा थडानी अब तेलुगु सिनेमा में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। वह फिल्म श्रीनिवास मंगापुरम में नजर आने वाली हैं। उनकी अपकमिंग फिल्म का मोशन पोस्टर सामने आ चुका है। सोशल मीडिया पर अपनी फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर करते हुए राशा थडानी ने खुशी जाहिर की है। इसके साथ उन्होंने एक पोस्ट लिखी है।

इंस्टाग्राम पर राशा थडानी ने जो पोस्टर शेयर किया है, उसमें देखा जा सकता है कि उन्होंने हल्की बैंगनी रंग की ड्रेस पहनी है। उन्होंने अपने बाल खोले हैं। इसके बैकग्राउंड में गुड़हल के फूल लगे हैं। मोशन पोस्टर शेयर करते हुए राशा थडानी ने लिखा है श्रीनिवास मंगापुरम की मंगा से मिलिए। आभार और उम्मीद से भरे दिल के साथ, मैं तेलुगु सिनेमा में अपना पहला कदम रख रही हूं। यह एक ऐसी दुनिया है, जहां जमीन से जुड़ी कहानियां होती हैं। इस सफर ने मुझे अपने ऊपर यकीन करना और सब्र करना सिखाया है। उन लोगों का शुक्रिया जिन्होंने मुझ पर शुरुआत में भरोसा किया। फिल्म श्रीनिवास मंगापुरम के निर्देशक अजय भूपति हैं। राशा थडानी इस फिल्म में मंगा का किरदार निभाएंगी। यह फिल्म कब रिलीज होगी इसके बारे में जानकारी नहीं है।

रानी मुखर्जी से लेकर प्रियंका चोपड़ा तक, इन अभिनेत्रियों ने निभाया पुलिस का दमदार किरदार

सिनेमाघरों में रानी मुखर्जी की अदाकारी वाली फिल्म मर्दानी 3 रिलीज हो चुकी है। दर्शक फिल्म पर मिलीजुली प्रतिक्रिया दे रहे हैं। इस फिल्म में रानी मुखर्जी ने पुलिस ऑफिसर का दमदार किरदार निभाया है। फिल्म में वह मानव तस्करी गिरोह का पर्दा फाश करती हैं। आज हम उन अभिनेत्रियों के बारे में बताने वाले हैं जिन्होंने फिल्मों में पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाया है।

मर्दानी, मर्दानी 2

मर्दानी फ्रेंचाइजी की सबसे पहली फिल्म मर्दानी (2014) में रानी मुखर्जी ने शिवानी शिवाजी नाम की पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाया था। इसमें वह एक लापता लड़की की तलाश करती हैं। केस को हल करते हुए वह चाइल्ड ट्रैफिकिंग की दुनिया में पहुंचती हैं। इसी तरह से मर्दानी 2 (2019) में भी रानी मुखर्जी ने एक पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाया। इसमें वह एक ऐसे व्यक्ति को पकड़ने की कोशिश करती हैं जो मासूम महिलाओं के साथ दुष्कर्म करता है और उनका कत्ल कर देता है। दोनों फिल्मों की कामयाबी के बाद मर्दानी 3 (2026) बनी है।

दृश्यम, दृश्यम 2

फिल्म दृश्यम (2013) में तब्बू ने एक पुलिस ऑफिसर मीरा देशमुख का किरदार निभाया है। इसमें वह अपने बेटे को ढूंढती हैं। उनका बेटा अजय देवगन की बेटी के साथ कुछ गलत करना चाहता है लेकिन धोखे से उसकी मौत हो जाती है। फिल्म में तब्बू का सामना अजय देवगन से होता है। दृश्यम 2 (2022) में यही कहानी आगे बढ़ती है। पुलिस के किरदार में तब्बू अपने बेटे को ढूंढने के लिए अक्षय खन्ना को लेकर आती हैं। इस बार भी वह अजय देवगन से मात खा जाती हैं।

जय गंगाजल

प्रकाश झा के निर्देशन में बनी फिल्म जय गंगाजल (2016) में प्रियंका चोपड़ा ने आभा माथुर नाम की पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाया है। फिल्म में वह ताकतवर गुंडों का सामना करती हैं। पुलिस के किरदार में प्रियंका चोपड़ा को खूब सराहा गया।

सोनी

फिल्म सोनी (2018) में गीतिका विद्या ओल्यान ने सोनी नाम की पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाया था। फिल्म में दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों से लड़ने की कहानी दिखाई गई है। इसके अलावा फिल्म पुलिस विभाग में पितृसत्तात्मक चुनौतियों को चित्रित करती है। फिल्म में गीतिका के किरदार को पसंद किया गया।

कटहल

फिल्म कटहल (2023) में सान्या मल्होत्रा ने महिमा बोर्से नाम की पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाया है। फिल्म में दिखाया गया है कि एक विधायक के घर से दो कीमती कटहल गायब हो जाते हैं। यह केस गरीब माली की लापता बेटी के अपहरण से जुड़ा होता है। फिल्म में सान्या के पुलिस वाले किरदार को खूब पसंद किया गया।

संक्षिप्त समाचार

हाईकोर्ट ने खारिज की मंदिर के गार्ड की मौत आरोपी की जमानत याचिका

चैन्नई, एजेंसी। मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै पीठ ने मंदिर सुरक्षा गार्ड अजित कुमार की हिरासत में हुई मौत के मामले में कड़ा रुख अपनाया है। हाईकोर्ट ने कहा कि अदालत ने इस घटना को हिरासत में हत्या का मामला करार देते हुए कहा कि एक बिना किसी कारण चोरी के आरोप में बर्बरतापूर्वक पीट-पीटकर मार डाला गया। न्यायपालिका पुलिस को सबक सिखाएगी। दरअसल, यह मामला तिरुप्पुवनम के पास मदपुरम भद्रकाली अम्मन मंदिर में सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करने वाले अजित कुमार की मौत से जुड़ा हुआ है। जिसे पिछले साल 27 जून को गहने गायब होने की शिकायत के बाद हिरासत में लिया गया था। कथित तौर पर हिरासत में यातना देने के बाद अगले दिन अजित की मौत हो गई। हमले का वीडियो फुटेज पहले ही सामने आ चुका था। पोस्टमॉर्टम में अजित के शरीर पर लगभग 40 चोटें पाई गईं, जिससे गंभीर शारीरिक शोषण की पुष्टि हुई। मामले की जांच कर रही केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबी) ने अदालत को बताया था कि उसकी जांच में अजीत कुमार की मौत हिरासत में हत्या होने की पुष्टि हुई है। सीबी ने यह भी कहा कि उसके खिलाफ दर्ज आभूषण चोरी की शिकायत निराधार थी और उसे बंद कर दिया गया था। गिरफ्तार किए गए पांच विशेष पुलिस दल के सदस्यों- आनंद, कन्नन, राजा, प्रभु और शंकर मणिकंदन - में से कुछ द्वारा दायर जमानत याचिकाओं की सुनवाई करते हुए, न्यायमूर्ति श्रीमाथी ने मृत्यु की परिस्थितियों पर दुख व्यक्त किया। प्रारंभिक शिकायत के आधार पर सवाल उठाते हुए, न्यायाधीश ने पूछा कि क्या शिकायतकर्ता के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, यह देखते हुए कि एक निर्दोष व्यक्ति पर एक गैर-मौजूद मामले को लेकर बेरहमी से हमला किया गया था।

रामकथा में शिक्षकों की ड्यूटी वाला आदेश चंद घंटों में वापस

जयपुर, एजेंसी। राजस्थान में बूंदी जिले के बांसी के अंबिका माता मंदिर में पिछले तीन दिन से जारी रामकथा में व्यवस्था संभालने को जिम्मा सरकारी स्कूल के पांच शिक्षकों को सौंपा गया तो बवाल हो गया। शिक्षकों संगठनों ने इस आदेश पर आपत्ति जताई। वहीं, कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने मंगलवार को यह मुद्दा विधानसभा में उठाया। स्कूलों में पढ़ाना छोड़कर रामकथा में शिक्षकों को तैनात करने पर बवाल हुआ तो बुधवार को आदेश वापस ले लिया गया। मालूम हो कि बांसी के अंबिका माता मंदिर में 31 जनवरी से सात फरवरी तक नौ दिवसीय महायज्ञ धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम रामकथा का आयोजन किया जा रहा है। रामकथा के लिए शिक्षकों की ड्यूटी दो से सात फरवरी तक के लिए लगाई गई थी। इससे पहले जनवरी माह में शिक्षा विभाग की ओर से सभी सरकारी स्कूलों के शिक्षकों की स्कूलों के आसपास आवारा कुत्तों को भगाने का जिम्मा सौंपने का आदेश जारी किया गया था। रामकथा में शिक्षकों की ड्यूटी लगाने का आदेश शिक्षामंत्री मदन दिलावर के निर्देश पर बूंदी में समग्र शिक्षा विभाग के मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी ने जारी किया था। शिक्षा अधिकारी ने पांचों शिक्षकों को शैक्षिक कार्य से मुक्त कर रामकथा में व्यवस्था संभालने के लिए भेजने के आदेश लिखित में जारी किए थे। एक ही स्कूल के पांच शिक्षकों की रामकथा में व्यवस्था कायम करने के लिए ड्यूटी लगाई गई तो स्कूल बंद होने की स्थिति में आ गया। अभिभावकों ने भी इस आदेश पर आपत्ति जताई। इस मामले में बूंदी जिला शिक्षा अधिकारी कुंजबिहारी भारद्वाज ने कहा कि गलती हुई थी। पूरे मामले में संशोधित आदेश जारी किया गया है। पूरे आदेश को निरस्त किया गया है।

एक ही कुत्ते ने 11 लोगों को काटा

बच्ची का गाल नोंचकर किया गंभीर रूप से घायल, रेफर

बाराबंकी , एजेंसी।
यूपी में बाराबंकी के हैदरगढ़ क्षेत्र में करीब दो घंटे में एक पागल कुत्ते ने 11 लोगों को काट लिया। उसके रास्ते पर जो भी मिला उसे काटता रहा। एक के बाद एक कर के 11 लोगों को निशाना बनाया। कोठी क्षेत्र की बच्ची के गाल को कुत्ते ने नोंच लिया है। गहरा घाव होने के कारण बच्ची को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पागल कुत्ते के काटने से इलाके में हड़कंप मचा रहा। लोगों ने इन कुत्तों से निजात दिलाने की मांग की।

हैदरगढ़ कस्बे में बुधवार की शाम कहीं से आवारा पागल कुत्ता पहुंच गया था। कुत्ते ने हैदरगढ़-भिटरिया मार्ग पर रेलवे क्रासिंग पर अपने घर मालिनपुर से हैदरगढ़ आ रहे बाइक सवार अंकुश (22) के पैर में काट लिया। उन्होंने पैर झटक कर उससे छुड़ाया। इसके बाद कुत्ता हैदरगढ़ कस्बे में सड़क पार कर रहे लिल्हौरा वार्ड निवासी कुंदन कुमार (21) एवं इसके आगे बिमला देवी (35) को नोंच डाला।

मुख्य चौराहे के समीप स्थित रनापुर गांव निवासी दयाशंकर मिश्र (55) बस स्टेशन अपनी पान की दुकान पर पैदल जा रहे थे। सामने से आ रहे कुत्ते ने अचानक झपट्टा मारकर एक पैर अपने मुंह में भर लिया। आसपास के लोगों ने दौड़कर कुत्ते को खदेड़कर उनकी जान बचाई। इसके बाद कुत्ता रायबरेली मार्ग पर आगे बढ़ गया।

आगे पहुंचकर मस्जिद में नमाज के लिए पैदल जा रहे सुभाष वार्ड निवासी हनीफ (60) के एक पैर को मुंह में भर लिया। लोगों ने उनकी भी जान बचाई।सुभाष वार्ड निवासी मो दाउद (20), अनवर (52), निसार अहमद (36), ब्रह्मनान वार्ड की

अल फिजा (9), हनीफ (61) को अपना शिकार बनाया। पागल कुत्ते ने सड़क के किनारे आगे बढ़ते हुए शाम चार से छह बजे तक 11 लोगों को काट कर आतंक मचा दिया। लोग लाठी डण्डा लेकर निकले तो कुत्ता पास के जंगल की ओर भाग निकला। ग्रामीणों ने बीडीओ व नगर पंचायत अध्यक्ष को सूचना देकर आवारा कुत्तों को पकड़वाने की मांग की। सीएचसी हैदरगढ़ में एक-एक करके दो घंटे में 11 लोग एक ही कुत्ते का शिकार होकर पहुंचे। डाक्टरों ने इलाज करने के साथ ही सभी को एंटी रैबीज इंजेक्शन लगवाए। मासूम को जिला अस्पताल किया गया रेफर सिद्धौर ब्लॉक के टिकरिया गांव में बुधवार को आवारा कुत्ते ने घर के बाहर खेल रही एक तीन वर्षीय मासूम बच्ची पर हमला कर घायल कर दिया। रिंकू ने बताया कि उसकी तीन वर्षीय मासूम बच्ची अपनी पांच साल की बड़ी बहन के साथ दोपहर में घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान गांव में घूम रहे कुत्ते ने अचानक छोटी बच्ची पर हमला बोल दिया। कुत्ते ने सीधे बच्ची के चेहरे पर हमला उसके गाल को बुरी तरह नोंच डाला। बच्चियों की चीख-पुकार सुनकर दौड़े परिजनों और ग्रामीणों ने किसी तरह बच्ची को कुत्ते के चंगुल से छुड़ा लिया। परिजनों ने खून से लथपथ बच्ची को तुरंत स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने बच्ची को रेबीज का इंजेक्शन लगाया और घाव की गंभीरता को देखते हुए विशेष उपचार किया है।

यमुना सिटी का दिखेगा स्मार्ट अवतार, नोएडा एयरपोर्ट के पास एआई सिटी की तैयारी

ग्रेटर नोएडा , एजेंसी। ग्रेटर नोएडा की यमुना सिटी का स्मार्ट अवतार दिखेगा। नोएडा एयरपोर्ट के पास आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) हब (सिटी) बनाने की तैयारी है। इसके लिए हैदराबाद की एएम ग्रीन कंपनी ने नोएडा एयरपोर्ट के पास 250 एकड़ जमीन की मांग की। कंपनी के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को क्षेत्र का दौरा भी किया। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के सीईओ ने यह जानकारी दी।

यीडा के सीईओ आरके सिंह ने बताया कि यमुना सिटी में एआई हब की नींव बीते दिनों दावोस में आयोजित वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की बैठक के दौरान पड़ी थी। इस दौरान एएम ग्रीन कंपनी ने उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना से मुलाकात कर राज्य में एआई हब विकसित करने की इच्छा जताई थी।

इसके चलते बुधवार को कंपनी के ईवीपी एवं सीईओ नवजीत गिल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल यीडा पहुंचा। यहां उन्होंने सीईओ आरके सिंह से मुलाकात की। इस दौरान सीईओ ने प्रतिनिधिमंडल को यमुना सिटी के औद्योगिक सेक्टरों, बेहतर कनेक्टिविटी, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और क्षेत्र से गुजरने वाले विभिन्न एक्सप्रेसवे की जानकारी दी।

कंपनी को बताया गया कि यमुना सिटी निवेश के लिए उपयुक्त स्थान है। बैठक के बाद प्रतिनिधिमंडल ने यमुना सिटी का भ्रमण कर सेक्टर-8 और 28 के आसपास की भूमि को देखा और क्षेत्र का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल का यह दौरा काफी सकारात्मक बताया गया। कंपनी एआई हब के लिए करीब साढ़े तीन लाख करोड़ से अधिक का निवेश करेगी।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) हब में एआई डाटा सेंटर, रिसर्च लैब, स्टूडियो, स्टार्टअप और अन्य बड़ी एआई कंपनियों के कार्यालय स्थापित किए जाएंगे। यहां एआई मॉडल डेवलपमेंट, डाटा एनालिटिक्स, मशीन लर्निंग, रिसर्च एंड इनोवेशन और विभिन्न उद्योगों के लिए एआई आधारित समाधान विकसित किए जाएंगे। उत्तर प्रदेश में लखनऊ के बाद यह दूसरा एआई हब होगा। यीडा के सीईओ आरके सिंह ने कहा कि कंपनी के प्रतिनिधिमंडल को एआई सिटी के लिए क्षेत्र पसंद आया। वह यहां अपनी यूनिट स्थापित करने की दिशा में कदम बढ़ाएगी। प्रतिनिधिमंडल को क्षेत्र में निवेश के लिए सरकार से मिलने वाली छूट के बारे में बताया गया।

इस बार केंद्रीय बजट में डाटा सेंटर स्थापित करने वाली कंपनियों के लिए क्लाउड सेवाओं में कर छूट 2047 तक देने की घोषणा की गई है। इससे नोएडा, ग्रेनो और यमुना सिटी में भी क्षेत्र से जुड़ी और कंपनियां शुरू हो सकेंगी। नोएडा-ग्रेटर नोएडा में अभी करीब 11 डाटा सेंटर के लिए भूखंड आवंटित हैं। इनमें डाटा सेंटर संचालित हैं। आने वाले दिनों में और भूखंड आवंटित किए जाने हैं। एआई सिटी में भी डाटा आधारित कंपनियों को आमंत्रित किया जाएगा।

एहसान अली ने दुर्गा मंदिर और मरी माई धाम के लिए दान की 50 लाख रुपये की जमीन

सुलतानपुर, एजेंसी। जहां एक ओर दुनिया भर से धर्म और जमीन के नाम पर झगड़ा-फसाद की खबरें आती हैं, वहीं सुलतानपुर के एक मुस्लिम समाजसेवी ने अपनी दरियादिली से भाईचारे की नई इबारत लिख दी है। शहर से सटे वल्लीपुर कस्बे में समाजसेवी सैयद एहसान अली उर्फ मुन्ना ने अपनी करीब 50 लाख रुपये मूल्य की 1960 वर्गफुट जमीन मंदिर और आम रास्ते के लिए दान कर दी है। नगर क्षेत्र के घरहां खुर्द निवासी एहसान अली मुन्ना ने सदर तहसील के वल्लीपुर में गाटा संख्या 274 में यह भूमि खरीदी थी। घनी आबादी के बीच स्थित इस बेशकीमती जमीन का उपयोग उन्होंने किसी व्यावसायिक लाभ के बजाय जनहित में करने का फैसला किया।

एहसान अली मुन्ना क्षेत्र के जाने-माने चेहरे हैं। वे वर्ष 2004 से 2009 तक पूर्व सांसद मो. ताहिर खां और 2009 से 2012 तक पूर्व पर्यटन मंत्री विनोद सिंह के जनसम्पर्क अधिकारी (क्कह्र) के रूप में कार्य कर चुके हैं। जनसेवा के अनुभव ने ही उन्हें इस नेक कार्य के लिए प्रेरित किया। इस पहल पर 'हिन्दुस्तान' से विशेष बातचीत में एहसान अली ने कहा, 'इंसान खाली हाथ आता है और खाली हाथ ही चला जाता है। पीछे सिर्फ उसका मान-सम्मान और समाज के लिए किए गए कार्य ही रह जाते हैं।' उन्होंने मंदिर ट्रस्ट से आग्रह किया है कि इस भूमि को नियमानुसार मंदिर के नाम दर्ज कराकर निर्माण कार्य को आगे बढ़ाया जाए। 400 वर्गफुटः दुर्गा माता मंदिर के लिए। 400 वर्गफुटः निषाद समाज की पूजनीय 'मरी माई धाम' के लिए।

एनसीपी विलय की चर्चा के बीच सुनेत्रा पवार के घर पहुंचे शरद पवार, पार्थ और जय संग हुई गुफ्तगू

बारामती, एजेंसी। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के संस्थापक शरद पवार बारामती पहुँचे, जहां उन्होंने अपने दिवंगत भतीजे और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री रहे अजित पवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। यह दौरा ऐसे समय में हुआ है, जब एनसीपी के दोनों गुटों के संभावित पुनर्मिलन को लेकर अटकलें तेज हैं। शरद पवार ने बारामती में सहयोग सोसायटी स्थित सुनेत्रा पवार के आवास पर जाकर अजित पवार को पुष्पांजलि दी। इस दौरान पवार परिवार के कई सदस्य भी वहां मौजूद थे, जिनमें अजित पवार के दोनों बेटे पार्थ और जय पवार और भतीजे विधायक रोहित पवार भी शामिल हैं। उन्होंने शहर में आयोजित शोक सभा में भी हिस्सा लिया। हालांकि, इस बात की कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई कि उनकी सुनेत्रा पवार से अलग से कोई राजनीतिक बातचीत हुई या नहीं। यह दौरा इसलिए भी अहम माना जा रहा है क्योंकि कुछ ही दिन पहले सुनेत्रा पवार ने महाराष्ट्र की पहली महिला उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। शपथग्रहण के बाद शरद पवार ने सार्वजनिक रूप से खुशी जताते हुए कहा था कि यह एक महत्वपूर्ण और सकारात्मक कदम है। इसी दौरान एक बंद कमरे में शरद पवार की अजित पवार के दोनों बेटों पार्थ और जय के साथ बैठक भी हुई। यह बैठक बारामती के विद्या प्रतिष्ठान परिसर में करीब डेढ़ घंटे तक चली। बैठक के एजेंडे को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया, लेकिन सूत्रों का कहना है कि बातचीत में एनसीपी के दोनों गुटों के संभावित विलय और आगामी जिला परिषद चुनावों पर चर्चा हो सकती है। अजित पवार की मृत्यु के बाद शरद पवार गुट के नेताओं ने दावा किया है कि एनसीपी के पुनर्मिलन की बातचीत अंतिम चरण में थी, और अजित पवार ने 12 फरवरी को इसके ऐलान की तारीख भी तय कर ली थी।

स्कूटी से छह किमी पीछा कर पुलिस ने सपा नेता को पकड़ा, इलाके में जुलूस भी निकाला

कानपुर, एजेंसी। कानपुर में घाटमपुर थाना क्षेत्र में कई आरोपों में घिसे सपा नेता आमिर जैदी को बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस कार्रवाई की भनक लगते ही आमिर फरार होने लगा, लेकिन इंस्पेक्टर दिनेश सिंह बिष्ट ने स्कूटी से करीब छह किलोमीटर तक पीछा कर उसे दबोच लिया। पकड़ने के बाद सपा नेता का जुलूस भी निकाला। पुलिस के अनुसार एक युवती ने आमिर पर दुष्कर्म और धर्मांतरण के दबाव के मामले में कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता ने बताया कि वर्ष 2013 में पिता के निधन के बाद आमिर जैदी ने उसे प्रेमजाल में फंसाया और वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने लगा। इसके बाद वह लगातार उसके साथ गलत कार्य करता रहा। पीड़िता ने आरोप लगाया कि बीते वर्ष सितंबर में जब परिजनों ने उसकी शादी तय की, तो आमिर ने अपने सहयोगियों शनि उर्फ सनी अब्बास, रिजवी और राजा उर्फ अख्तर अंसारी के साथ मिलकर उसे परेशान करना शुरू कर दिया। आरोपी उस पर मुस्लिम धर्म अपनाने का दबाव भी बनाने लगा। पीड़िता के अनुसार, मना करने पर आमिर ने इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर उसकी फोटो और वीडियो उसके होने वाले ससुराल पक्ष को भेजने शुरू कर दिए। अक्टूबर में युवती की सगाई होने के बाद आरोपी ने उसके मंगेतर, ननद सहित अन्य परिजनों को भी धमकियां दीं। इतना ही नहीं, आरोपी ने मंगेतर को कानपुर की गल्लामंडी बुलाकर जान से मारने की धमकी भी दी। युवती की शिकायत पर पुलिस ने आमिर जैदी समेत चार आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। इंस्पेक्टर दिनेश सिंह बिष्ट ने बताया कि मुकदमा दर्ज होने की जानकारी मिलते ही आमिर रात में बाइक से भागने की कोशिश कर रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस ने पीछा कर उसे जहांगीराबाद गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को उसे न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक, आमिर जैदी पर पहले से भी कई मुकदमे दर्ज हैं। वर्ष 2020 में घाटमपुर आए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को काले झंडे दिखाने, मारपीट, जुआ सहित अन्य मामलों में भी उसके खिलाफ केस दर्ज हैं।

फरीदाबाद में भीषण आग, जान बचाने के लिए छत से कूदे तीन युवक; हाथ-पैर टूटे

फरीदाबाद, एजेंसी। फरीदाबाद के नहरपार वजीरपुर रोड साई कॉम्प्लेक्स कॉलोनी में मंगलवार देर रात एक घर और दुकान में भीषण आग लग गई। आग लगने पर धुएं में कुछ न दिखने से घबराए तीन किराएदार युवक छत से कूद गए, जिससे उनके हाथ-पैर टूट गए। पूरे मोहल्ले के लोगों ने इकट्ठे होकर आग पर काबू पाया। आग का कारण शॉर्ट-सर्किट माना जा रहा है।

दुकान के शटर से निकल रहा था धुआं

साई कॉम्प्लेक्स निवासी डॉ. सुंदर सैनी घर में किराने की दुकान चलाते हैं। इस दुकान को उनकी पत्नी संभालती हैं। उनके घर की ऊपरी मंजिल पर पांच-छह किराएदार भी रहते हैं। मंगलवार रात को वह अपने परिवार के साथ सोए हुए थे। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले अरमान ने तेज धमाके की आवाज सुनी। धमाके की आवाज सुनकर वह घर से बाहर निकला तो देखा कि डॉ. सुंदर सैनी के घर में बनी दुकान के शटर से धुआं निकल रहा है। आग लगते देख उसने शोर मचा दिया। शोर सुनकर आस-पड़ोस के लोग जमा हो गए।

पड़ोस की छत से कूदकर बचाई जान

लोगों ने खिड़की तोड़कर परिवार को बाहर निकाला। जैसे ही आग का धुआं ऊपरी मंजिल पर पहुंचा तो दिखना बंद हो गया। कुछ किराएदार युवकों ने तो पड़ोस की छतों पर कूदकर अपनी जान बचाई । आग लगने का पता चलने पर मौके पर पहुंचे वजीरपुर गांव निवासी बालकिशन वशिष्ठ ने बताया कि धुआं में कुछ न नजर न आने पर किराएदार विक्की, विशाल और गोलू अपनी जान बचाने के लिए छत से नीचे गली में कूद गए थे। इससे विक्की का एक पैर टूट गया। विशाल के दोनों पैर और गोलू का एक हाथ टूट गया।

एक्सप्रेसवे पर आग का गोला बनी कार: उधर, डीएनडी-केएमपी एक्सप्रेसवे के सेक्टर-17 फ्लाईओवर के सामने एक कार आग का गोला बन गई। हालांकि, कार सवार बचने में कामयाब हो गए। यह हादसा बुधवार शाम का है। कार मालिक महेंद्र मलिक सेक्टर-17 के पास से गुजर रहे थे।

सरकार बनते ही मणिपुर में बवाल, कुकी समूहों ने दी चेतावनी

इंफाल, एजेंसी। मणिपुर में नई सरकार के गठन के साथ ही राज्य में एक बार फिर तनावपूर्ण स्थिति पैदा हो गई है। लंबे समय से जारी राष्ट्रपति शासन के हटने और भाजपा नेता युमनाम खेमचंद सिंह के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद कुकी समुदाय के संगठनों ने तीखा विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

नई सरकार का गठन और नेतृत्वः बुधवार को भाजपा विधायक युमनाम खेमचंद सिंह ने मणिपुर के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। गौरतलब है कि एन. बीरेन सिंह के इस्तीफे और राज्य में महीनों तक चली जातीय हिंसा के बाद राष्ट्रपति शासन लागू था, जिसे अब हटा लिया गया है।

सरकार में संतुलन बनाने के लिए दो उपमुख्यमंत्री बनाए गए हैंः नेमचा किपजेनः भाजपा विधायक (कुकी समुदाय से)। एल. दिखोः नगा पीपुल्स फ्रंटके विधायक कुकी समुदाय के संगठनों में भारी आक्रोश है।

'टोटल शटडाउन' का आह्वानः चुराचांदपुर स्थित जनजातीय संगठन 'ज्वाइंट फोरम ऑफ सेवन' ने शुक्रवार सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक कुकी-जो बहुल इलाकों में पूर्ण बंद का आह्वान किया है। संगठन ने मांग की है कि कुकी समुदाय के लिए एक अलग प्रशासन की व्यवस्था की जाए। कुकी जो काउंसिल और कई उग्रवादी समूहों ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि समुदाय का कोई भी विधायक अगर अपनी मर्जी से सरकार में शामिल होता है, तो वह उसकी व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी। संगठनों ने चेतावनी दी है कि इस 'एकतरफा निर्णय' के बाद पैदा होने वाले किसी भी परिणाम के लिए वे जिम्मेदार नहीं होंगे।

सड़कों पर प्रदर्शन

सरकार के शपथ ग्रहण के तुरंत बाद कांगपोकपी जिले के लीमाखोंग जैसे इलाकों में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर टायर जलाकर और बांस लगाकर रास्ता जाम कर दिया। विशेष रूप से नेमचा किपजेन के उपमुख्यमंत्री बनने का विरोध किया जा रहा है। मणिपुर में जातीय हिंसा की शुरुआत 3 मई, 2023 को हुई थी। यह विवाद तब शुरू हुआ जब बहुसंख्यक मैतेई समुदाय द्वारा 'अनुसूचित जनजाति' के दर्जे की मांग के विरोध में कुकी समुदायों ने 'आदिवासी एकजुटता मार्च' निकाला था।

मौतेंः कम से कम 260 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं (मैतेई, कुकी और सुरक्षाकर्मी)।

विस्थापनः हजारों लोग बेघर हो चुके हैं और अब भी राहत शिविरों में रहने को मजबूर हैं। जहां एक तरफ केंद्र और राज्य सरकार लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बहाल कर शांति स्थापित करने की कोशिश कर रही है, वहीं दूसरी ओर कुकी संगठनों का यह कड़ा रुख बताता है कि मणिपुर में विश्वास की कमी अब भी बरकरार है। अलग प्रशासन की मांग और विधायकों पर दबाव राज्य की स्थिरता के लिए एक बड़ी चुनौती बना हुआ है।

रोनाल्डो ने फीफा वर्ल्ड कप को लेकर की भविष्यवाणी, एक बार फिर ब्राजील खिताब जितेगी



रियो डी जेनेरो (एजेंसी)। पूर्व स्ट्राइकर रोनाल्डो ने कहा कि उन्हें इस साल के फीफा वर्ल्ड कप में एक नई ऊर्जा से भरी ब्राजील टीम देखने की उम्मीद है, और उन्होंने मैनेजर कार्लो एंसेलोटी के सकारात्मक प्रभाव की तारीफ की। पांच बार की वर्ल्ड कप विजेता ब्राज़ील क्वालीफायर में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से काफी पीछे थी, 10 टीमों के दक्षिण अमेरिकी ग्रुप में पांचवें स्थान पर रही, जो लीडर और मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना से 10 अंक पीछे थी। लेकिन रोनाल्डो ने कहा कि पिछले साल मई में अपनी नियुक्ति के बाद से एंसेलोटी ने राष्ट्रीय टीम में नया आत्मविश्वास जगाया है। दो बार के वर्ल्ड कप विजेता ने पत्रकारों से कहा, मैं बहुत आशावादी हूं।हमने कुछ बार मुलाकात की है और छठे खिताब पर विश्वास करने के लिए ब्राजीलियाई फैंस से अपील करते हुए एक मजेदार विज्ञापन भी फिल्माया है। मैं उन्हें जानता हूं, मैं उनके काम करने का तरीका जानता हूं, इसलिए जब वह राष्ट्रीय टीम में शामिल हुए थे, उससे कहीं ज्यादा मैं अब उत्साहित हूं। वर्ल्ड कप 11 जून से 19 जुलाई तक संयुक्त राज्य अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में खेला जाएगा। ब्राजील 13 जून को मोरक्को के खिलाफ ग्रुप सी अभियान शुरू करेगा, जिसके बाद 19 जून को हैती और 24 जून को स्कॉटलैंड का सामना करेगा। रोनाल्डो, जिन्होंने 2002 में ब्राजील को आखिरी वर्ल्ड कप जीत दिलाई थी, जब उन्होंने आठ गोल किए थे, जिसमें जर्मनी के खिलाफ फाइनल में दो गोल शामिल थे, उन्होंने कहा कि यह टूर्नामेंट देश को एकजुट करेगा। पूर्व बार्सिलोना और रियल मैड्रिड स्टार ने कहा, यह (वर्ल्ड कप) एक ब्राजीलियाई के लिए सबसे बड़ी खुशी है। यह एक ऐसा आयोजन है जो हमारे छठे खिताब की तलाश में ब्राज़ीलियाई लोगों को एक साथ लाएगा। मुझे लगता है कि हमें इस मौके का फायदा उठाना चाहिए। रोनाल्डो ने कहा कि उन्होंने 2024 और 2025 में क्रमशः ब्राजील के क्रूजेरो और स्पेन के वलाडोलिड में अपनी अधिकांश हिस्सेदारी बेचने के बाद फुटबॉल क्लब के स्वामित्व से एक कदम पीछे हटने का फैसला किया है। 49 वर्षीय ने कहा, फुटबॉल टीमों से जुड़े प्रोजेक्ट्स के साथ मेरा कोई वित्तीय लक्ष्य नहीं था। मैं खुद का एक प्रोजेक्ट लीड करने का अनुभव लेना चाहता था, जिसमें मैं इंचार्ज रहूं, और यह बहुत बढ़िया था।

रणजी ट्रॉफी

क्वार्टर फाइनल मैच से पहले मुंबई को बड़ा झटका, सरफराज खान अस्पताल में भर्ती

मुंबई (एजेंसी)। कर्नाटक के खिलाफ रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल से पहले मुंबई को एक बड़ा झटका लगा है, क्योंकि मिडिल ऑर्डर के बल्लेबाज सरफराज खान बुखार के कारण अस्पताल में भर्ती हो गए हैं और वह इस अहम नॉकआउट मुकाबले से बाहर हो गए हैं। सरफराज को बुधवार को तेज बुखार की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। टीम सूत्रों ने बताया कि उनकी हालत स्थिर है, लेकिन ठीक होने में कुछ दिन लगेंगे जिससे क्वार्टर फाइनल में उनके खेलने की संभावना बहुत कम है। यह 28 वर्षीय क्रिकेटर इस रणजी सीजन में मुंबई के सबसे लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से एक रहे हैं, उन्होंने मिडिल ऑर्डर में काफी रन बनाए हैं और बल्लेबाजी लाइनअप को स्थिरता दी है। उम्मीद है कि उनकी गैरमौजूदगी से मजबूत कर्नाटक टीम के खिलाफ मुंबई की बल्लेबाजी कमजोर होगी। मुंबई शुक्रवार से बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में शुरू होने वाले क्वार्टर फाइनल में कर्नाटक का सामना करेगा। टीम मैनेजमेंट ने अभी तक किसी रिप्लेसमेंट खिलाड़ी का नाम नहीं बताया है, हालांकि टीम में लौटने वाले सीनियर खिलाड़ियों से अतिरिक्त जिम्मेदारी उठाने की उम्मीद है। कई अनुभवी खिलाड़ियों वाली कर्नाटक की टीम मुंबई की इस परेशानी का फायदा उठाने की कोशिश करेगी, क्योंकि दोनों टीमें सेमीफाइनल में जगह बनाने पर नजर गड़ाए हुए हैं।

ईशान को बैटर्स रैंकिंग में 32 स्थान का फायदा

ऑलराउंडर्स में पाकिस्तान के सईम अयूब नंबर-1, शिवम दुबे टॉप-10 में आए

दुबई (एजेंसी)। भारतीय बैटर ईशान किशन को आईसीसी रैंकिंग में 32 स्थान का फायदा हुआ है। बुधवार को जारी प्लेयर्स रैंकिंग में ईशान 584 रेटिंग पॉइंट्स के साथ 32वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में पाकिस्तान के सईम अयूब ने पहला स्थान हासिल कर लिया है। उन्होंने जिम्बाब्वे के अनुभवी खिलाड़ी सिकंदर रजा को पीछे छोड़ा।

भारत के शिवम दुबे को भी ऑलराउंडर्स में दो स्थान का फायदा हुआ। वे अब 186 रेटिंग पॉइंट्स के साथ 11वें से नौवें पायदान पर पहुंच गए हैं।

अभिषेक शर्मा टॉप पर काबिज

टी-20 बल्लेबाजों की टॉप-10 रैंकिंग में भारत के अभिषेक शर्मा पहले स्थान पर बने हुए हैं। इंग्लैंड के जोस बटलर, श्रीलंका के पथुम निसांका, भारत के सूर्यकुमार यादव और न्यूजीलैंड के टिम साइफर्ट को एक-एक स्थान का फायदा हुआ है। वहीं चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ एक भी मैच नहीं खेलने वाले तिलक वर्मा को एक स्थान का नुकसान उठाना पड़ा है।

विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया। वे पांच मैचों की सीरीज में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। ईशान ने चार मैचों में कुल 215 रन बनाए।

नवाज को 8 स्थान का फायदा- पाकिस्तान के स्पिनर अबरार अहमद टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग में दो स्थान की बढ़त के साथ दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। वह अब भारत के वरुण चक्रवर्ती से सिर्फ 28 रेटिंग पॉइंट्स पीछे हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों में उन्होंने छह विकेट चटकाए।

वहीं बाएं हाथ के स्पिनर मोहम्मद नवाज ने भी बड़ी छलांग लगाई है। वे आठ स्थान ऊपर चढ़कर सातवें नंबर पर पहुंच गए हैं। सीरीज के आखिरी मैच में उनके पांच विकेट काफी अहम साबित हुए।

अयूब ने सीरीज में 119 रन बनाए

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज में सईम अयूब ने 119 रन बनाने के साथ तीन विकेट भी लिए। इसी प्रदर्शन के दम पर उन्होंने एक स्थान की बढ़त हासिल की और ऑलराउंडर्स रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंच गए।

उनके बाद 289 रेटिंग पॉइंट्स के साथ सिकंदर रजा दूसरे नंबर पर हैं। भारत के हार्दिक पांड्या 247 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर मौजूद हैं। पाकिस्तान के मोहम्मद नवाज चौथे और वेस्टइंडीज के रोस्टन चेज पांचवें स्थान पर हैं।

अंडर 19 वर्ल्डकप में आज

छठा खिताब जीतने उतरेगी युवा बिग्रेड

भारत का सामना अपराजेय इंग्लैंड से

हरारे (एजेंसी)। छठा खिताब जीतने की कोशिश में जुटी भारत की अंडर 19 क्रिकेट टीम जब आईसीसी अंडर 19 विश्व कप के फाइनल में शुक्रवार को इंग्लैंड से खेलेगी तो उसकी उम्मीदें शानदार फॉर्म में चल रहे अपने बल्लेबाजों पर टिकी होंगी। अफगानिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल में विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने जीत दर्ज की जिसमें कप्तान आयुष म्हात्रे और सलामी बल्लेबाज आरोन जॉर्ज ने यादगार पारियां खेली। इस जीत से पांच बार की चैम्पियन भारतीय टीम का हौसला बढ़ा है जिसने पिछली बार 2022 में खिताब जीता था।

भारतीय टीम ने अपराजेय रिकॉर्ड कायम रखा

भारत ने अमेरिका के खिलाफ पहले ग्रुप मैच से ही बेहतरीन खेल दिखाया है। सेमीफाइनल में 300 से अधिक के लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान को हराकर भारतीय टीम ने अपराजेय रिकॉर्ड कायम रखा। अब उसका सामना एक और अपराजेय टीम इंग्लैंड से होना है। भारत को बखूबी पता है कि गत चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया को हराकर इंग्लैंड के हौसले बुलंद है और उसे हराना आसान नहीं होगा। भारत को एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन करना होगा और नजरें वैभव सूर्यवंशी पर भी लगी होंगी जिनके बल्ले से हो रही आतिशबाजी का जवाब तलाशने के लिए विरोधी गेंदबाज जूझते नजर आए हैं। अगले महीने 15 वर्ष के हो रहे सूर्यवंशी तीन अर्धशतक और एक शतक लगा चुके हैं। इंग्लैंड के सामने उन्हें हालांकि संयम से खेलना होगा क्योंकि मैत्री लुम्सडेन की अगुवाई में उसके पास मजबूत तेज गेंदबाजी आक्रमण है।

ENGLAND
INDIA

10वीं बार फाइनल में भारत

भारत का अंडर 19 विश्व कप फाइनल में रिकॉर्ड अच्छा रहा है और 10वीं बार टीम फाइनल में पहुंची है। पिछली बार 2022 में वेस्टइंडीज में हुए टूर्नामेंट में भारत ने इंग्लैंड को ही हराया था। अफगानिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल में म्हात्रे के फॉर्म में लौटने से बल्लेबाजी और मजबूत हुई है। मध्यक्रम में विहान मल्होत्रा ने कई अच्छी पारियां खेली हैं जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू भी दो अर्धशतक लगा चुके हैं। दीपेश देवेंद्रन, हेनिल पटेल और आर एस अम्बरीश की मौजूदगी में भारतीय तेज आक्रमण भी अच्छा रहा है लेकिन इंग्लैंड के बल्लेबाज तेज गेंदबाजों को खेलने में माहिर हैं।

भारत को मैत्री लुम्सडेन से बचना होगा

ऐसे में स्पिनर कनिष्क चौहान और खिलन पटेल की भूमिका अहम हो जाएगा हालांकि टीम संयोजन पिच की स्थिति पर निर्भर करेगा। टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले शीर्ष पांच गेंदबाजों में कोई भारतीय नहीं है। इंग्लैंड के मैत्री लुम्सडेन 15 विकेट लेकर शीर्ष पर है। लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया है। इंग्लैंड के लिए बेन मायेस ने एक शतक और दो अर्धशतक समेत 399 रन बनाए हैं। कप्तान थॉमस रियू भी अच्छे फॉर्म में हैं और सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ शतक समेत 299 रन बना चुके हैं।

टीमें

भारत – आरोन जॉर्ज, अभिज्ञान कुंडू, हरवंश पंगालिया, वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी, आयुष म्हात्रे (कप्तान), विहान मल्होत्रा, आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, दीपेश देवेंद्रन, हेनिल पटेल, मोहम्मद एनान, उद्धव मोहन और किशन सिंह।

इंग्लैंड – थॉमस रियू (कप्तान), राल्फी अलबर्ट, अली फारूक, बेन डॉकिंस, कालेब फाकनेर, फरहान अहमद, एलेक्स फ्रेंच, एलेक्स ग्रीन, ल्यूक हैंड्स, इसाक मोहम्मद, मैत्री लुम्सडेन, बेन मायेस, जेम्स मिंटो, जोसेफ मूरेस, सेबेस्टियन मोर्गन

मैच का समय – दोपहर एक बजे से।

एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में भारत की शानदार शुरुआत, ईशा सिंह ने जीते दो स्वर्ण

नई दिल्ली (एजेंसी)। ओलंपियन ईशा सिंह ने एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप (पिस्टल/राइफल) के पहले ही दिन भारत को दो स्वर्ण पदक दिलाकर शानदार आगाज़ किया। महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा के साथ-साथ टीम इवेंट में भी ईशा की अगुवाई में भारत ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

पिछड़ने के बाद ईशा की जोरदार वापसी – 21 वर्षीय ईशा सिंह ने फाइनल में शुरुआती पिछड़न के बावजूद जबरदस्त संयम दिखाया और 239.8 अंक हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने चीनी ताइपे की चेंग येन चिंग (235.4) और यू ऐ वेन (217.7) को पीछे छोड़ा। यह ईशा का सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में दूसरा स्वर्ण है।

सुरुचि और मनु का प्रदर्शन – भारत की युवा निशानेबाज सुरुचि सिंह फाइनल में चौथे स्थान पर रहीं, जबकि पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीत चुकी मनु भाकर सातवें स्थान पर रहीं। क्वालीफाइंग राउंड में सुरुचि ने 576 अंक, जबकि ईशा और मनु ने 575-575 अंक हासिल कर फाइनल में जगह बनाई।

टीम इवेंट में भी भारत को स्वर्ण – महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में सुरुचि (576), मनु (575) और ईशा (575) की तिकड़ी ने कुल 1726 अंक जुटाकर भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। वियतनाम और चीनी ताइपे क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

सम्राट राणा को कांस्य से संतोष – पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में विश्व चैंपियन सम्राट राणा से स्वर्ण की उम्मीद थी, लेकिन फाइनल में वे अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर सके और 220.3 अंक के साथ कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। उज्बेकिस्तान के व्लादिमीर स्वेचनिकोव ने स्वर्ण पदक जीता।

पुरुष टीम को रजत पदक – पुरुष टीम स्पर्धा में सम्राट राणा (581), श्रवण कुमार (578) और वरुण तोमर (573) ने कुल 1732 अंक जुटाए। हालांकि 'इनर 10' के आधार पर उज्बेकिस्तान ने स्वर्ण और भारत को रजत पदक मिला।

सबसे बड़ा दल भारत का – इस चैंपियनशिप में भारत ने 118 निशानेबाजों का सबसे बड़ा दल उतारा है, जबकि कजाकिस्तान के 35 खिलाड़ी टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं।

फेड कप 2026 चयन विवाद

विनेश फोगाट ने हरियाणा कुश्ती संघ पर साधा निशाना

नईदिल्ली (एजेंसी)। स्टार भारतीय पहलवान विनेश फोगाट ने फेडरेशन कप 2026 के चयन को लेकर हरियाणा कुश्ती संघ के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने चयन मानदंडों को 'अनुचित' बताते हुए कहा कि मौजूदा नियम न सिर्फ भेदभावपूर्ण हैं, बल्कि कई प्रतिभाशाली पहलवानों के करियर पर भी खतरा बन सकते हैं। विनेश का मानना है कि सीमित ट्रायल नीति भारतीय कुश्ती में निष्पक्षता और नए टैलेंट के विकास दोनों के खिलाफ है।

- **चयन मानदंडों पर विनेश की कड़ी आपत्ति-** विनेश फोगाट ने हरियाणा कुश्ती संघ के उस फैसले पर सवाल उठाए, जिसमें फेड कप 2026 के ट्रायल केवल 2025 के सीनियर राज्य पदक विजेताओं और 2025 में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले पहलवानों तक सीमित कर दिए गए हैं। उनका कहना है कि इस नीति ने हजारों मेहनती खिलाड़ियों को बिना किसी ठोस कारण के बाहर कर दिया है।

2024 के राष्ट्रीय पदक विजेताओं को बाहर क्यों?

विनेश ने खास तौर पर इस बात पर नाराजगी जताई कि 2024 के राष्ट्रीय पदक विजेताओं को चयन प्रक्रिया से बाहर रखा गया है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या एक साल पहले देश के लिए पदक जीतने वाले पहलवान अचानक अयोग्य हो जाते हैं। उनके मुताबिक, यह फैसला प्रदर्शन आधारित चयन की मूल भावना के खिलाफ है।

- **उम्र सीमा और चोट से जूझ रहे पहलवानों की अनदेखी-** फोगाट ने यह भी कहा कि उम्र सीमा के कारण 2025 सीनियर नेशनल में हिस्सा न ले पाने वाले पहलवान 2026 में पूरी तरह योग्य हैं, फिर भी उन्हें मौका नहीं दिया जा रहा। इसके अलावा, चोटिल खिलाड़ियों को भी चयन से बाहर कर दिया गया है, जो उनके अनुसार अन्यायपूर्ण है क्योंकि चोट खेल का हिस्सा होती है, अपराध नहीं।
- **ये टूर्नामेंट हर खिलाड़ी का सपना होते हैं-** विनेश ने जोर देकर कहा कि एशियाई खेल, विश्व चैंपियनशिप और फेडरेशन कप जैसे इवेंट हर पहलवान के करियर के लिए बेहद अहम होते हैं। उनका मानना है कि मौजूदा चयन नीति खिलाड़ियों के भविष्य पर समय से पहले ब्रेक लगाने जैसा है और सालों की मेहनत को बेकार कर देती है।
- **निष्पक्ष ट्रायल की कमी से रुक रहा नया टैलेंट-** स्टार पहलवान ने राज्य स्तर पर निष्पक्ष ट्रायल न होने को भारतीय कुश्ती की सबसे बड़ी समस्या बताया।

न्यूज बाइट्स

हनवारा थाना पुलिस ने तीन गैर-जमानती वारंटी पकड़े

महागामा (गोड्डा) (नि. सं.)। समकालीन अभियान के तहत हनवारा थाना पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए तीन गैर-जमानती वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। यह कार्रवाई लंबित वारंटों के निष्पादन और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से की गई। थाना प्रभारी ध्रुव कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने गुप्त सूचना और पूर्व सत्यापन के आधार पर अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान विश्वासखानी गांव निवासी दिलीप तांती, पिता डोपी तांती तथा देवर तांती, पिता पूरण तांती को उनके आवास से गिरफ्तार किया गया। वहीं तीसरे वारंटी बासु पासवान, पिता प्रवण पासवान, निवासी ग्राम मिल्की को भी पुलिस ने दबिश देकर हिरासत में लिया। पुलिस के अनुसार तीनों अभियुक्तों के विरुद्ध न्यायालय द्वारा नॉन-बेलेबल वारंट जारी किया गया था। ये सभी काफी समय से फरार चल रहे थे और न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे थे, जिसके कारण उनके विरुद्ध वारंट लंबित था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए तीनों को न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि समकालीन अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और फरार वारंटियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे कानून का पालन करें और किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या सूचना पुलिस को उपलब्ध कराएं, ताकि अपराध और फरारी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

महिलाओं के सपनों को नई उड़ान देगा 'नैंसी नायक मेक ओवर

गोड्डा (नि. सं.)। शहर में पहली बार 'नैंसी नायक मेक ओवर' के रूप में ऐसा मंच तैयार किया जा रहा है, जो केवल मेकअप स्टूडियो या प्रशिक्षण केंद्र तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि महिलाओं के हुनर को पहचान दिलाने और उन्हें स्वावलंबी बनाने का सशक्त माध्यम बनेगा। गोड्डा की धरती पर शुरू हो रही यह पहल महिलाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेगी। यहां आधुनिक मेकअप, ब्यूटी और ग्रूमिंग से जुड़ी प्रोफेशनल ट्रेनिंग दी जाएगी, जिससे महिलाएं अपने कौशल को निखारकर रोजगार और स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ सकेंगी। प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने का व्यावहारिक ज्ञान और आत्मविश्वास भी मिलेगा। खास बात यह है कि यह केंद्र केवल प्रशिक्षण तक सीमित न रहकर शहर की सोच और दिशा को बदलने का भी काम करेगा। यहां आने वाली महिलाएं अपने सपनों को हकीकत में बदलने की प्रेरणा और हौसला पाएंगी। 'नैंसी नायक मेक ओवर' का उद्देश्य केवल सौंदर्य सेवाएं प्रदान करना नहीं है, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उनकी एक अलग पहचान स्थापित करना है। यहां प्रशिक्षण लेने वाली महिलाएं भविष्य में अपना खुद का व्यवसाय शुरू कर सकेंगी या इस क्षेत्र में बेहतर करियर का निर्माण कर सकेंगी। कुल मिलाकर, यह पहल गोड्डा की महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनने के साथ-साथ समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक मजबूत और सराहनीय कदम साबित होगी।

नगरपालिका चुनाव की तैयारियां तेज, उपायुक्त ने दिए सख्त निर्देश

निज संवाददाता | दुमका

जिला निर्वाचन पदाधिकारी नगरपालिका सह उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने गुरुवार को नगरपालिका आम निर्वाचन-2026 की तैयारियों को लेकर विभिन्न कोषांगों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान मतदान कर्मियों को मतपेटिका खोलने और बंद करने की प्रक्रिया की गहन जानकारी देने पर जोर दिया गया है।

निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार, मतदान कर्मियों और संसाधनों का पहला रेंडमाइजेशन 9 फरवरी, दूसरा 11 फरवरी और तीसरा रेंडमाइजेशन 21 फरवरी 2026 को किया जाएगा। जिले में स्टेटिक सर्विलांस टीम ने काम करना शुरू कर दिया है।

इसके साथ ही वाहन कोषांग को जरूरत के अनुसार गाड़ियों का आकलन करने और संबंधित विभागों को चुनावी सामग्री की मांग समय पर पूरी करने का निर्देश दिया गया है। प्रत्याशियों के चुनावी खर्च पर पैनी नजर रखने के लिए मीडिया सेल को पेड न्यूज और विज्ञापनों की निगरानी करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी रूप से लागू कर दी गई है। चुनाव से जुड़ी किसी भी गड़बड़ी या आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत के लिए जिला प्रशासन ने नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। आम नागरिक अपनी शिकायतें या सूचनाएं हेल्पलाइन नंबर 9508250080 पर दर्ज करा सकते हैं।

नगर निकाय चुनाव को लेकर डिस्पैच सेंटर और स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

निज संवाददाता | दुमका

नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहा है। गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)–सह–उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने डिस्पैच सेंटर एवं स्ट्रांग रूम का व्यापक निरीक्षण कर चुनावी तैयारियों की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने हर स्तर पर सुरक्षा, सुविधा और व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए ताकि मतदान प्रक्रिया निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न हो सके। नगरपालिका चुनाव के लिए इंडोर स्टेडियम, दुमका को डिस्पैच सेंटर और दुमका इंजीनियरिंग कॉलेज को स्ट्रांग रूम के रूप में चिन्हित किया गया है। उपायुक्त ने दोनों स्थलों पर बुनियादी सुविधाओं, लॉजिस्टिक व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों का जायजा लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरतने की हिदायत दी। उन्होंने बताया कि बासुकीनाथ नगर पंचायत के मतदान कर्मियों के लिए वाहन आयुक्त कार्यालय परिसर से तथा दुमका नगर परिषद के कर्मियों के लिए गांधी मैदान से उपलब्ध कराए जाएंगे। सभी वाहनों की समय पर उपलब्धता और सुचारू संचालन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

स्ट्रांग रूम निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने बैरिकेडिंग, प्रवेश-निकास नियंत्रण, सीसीटीवी निगरानी, कर्मियों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल, बिजली, शौचालय और मीडिया सेंटर जैसी जरूरी सुविधाओं को पूरी तरह व्यवस्थित रखने का निर्देश दिया। साथ ही मत पेटिकाओं के सुरक्षित भंडारण और मानकों के अनुरूप रख-रखाव पर भी विशेष ध्यान देने को कहा। उपायुक्त ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि निर्वाचन की हर प्रक्रिया में पारदर्शिता, सुरक्षा और समयबद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। सभी पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

नकली अंग्रेजी शराब बनाने वाली फैक्ट्री का पुलिस ने किया भंडाफोड़, सात अभियुक्त गिरफ्तार

8640 बोतल नकली शराब के साथ 40 किलो गांजा भी बरामद

निज संवाददाता | गोड्डा

नगर निकाय चुनाव 2026 को लेकर जिले में सख्ती बढ़ाते हुए पुलिस की अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। वहीं जिले के देवडाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत सियरकटिया गांव स्थित बंद पड़े खदान के पास संचालित नकली अंग्रेजी शराब बनाने वाली फैक्ट्री का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। छापामारी के दौरान पुलिस ने 8640 बोतल नकली विदेशी शराब (180 एमएल) और 40 किलो गांजा बरामद किया है। इस मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि देवडाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत सियरकटिया गांव में एक बंद खदान के समीप स्थित एलवेस्टर के घर में लंबे समय से नकली विदेशी शराब तैयार की जा रही थी तथा वहीं से गांजा की खरीद–फरोख्त भी की जा रही थी। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी के नेतृत्व में देवडाड़, पोड़ैयाहाट, सुंदरपहाड़ी, मुफस्सिल एवं गोड्डा नगर थाना की संयुक्त छापामारी टीम गठित की गई।

संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर घर की घेराबंदी कर तलाशी ली जहां से बड़े पैमाने पर नकली शराब निर्माण के लिए उपयोग किए जाते वाला सारा सामान पाया गया। पुलिस ने मौके से करीब 40 लीटर तैयार की हुई नकली शराब, शराब बनाने में प्रयुक्त ड्रम, सिंटेक्स टैंक, सीलर मशीन, मिक्सर, खाली बोतल, ढक्कन, लेबल, होलोग्राम तथा गांजा तौलने की मशीन बरामद की। इसके अलावा पुलिस ने एक अल्टो कार, एक ग्लैमर मोटरसाइकिल एवं एक मोबाइल फोन भी जब्त किया है। पुलिस के अनुसार जब्त नकली शराब को बाजार में खपाने की तैयारी थी। गिरफ्तार आरोपियों का नाम विजय भगत, प्रीतम कुमार यादव, मुन्ना यादव, रविन्द्र कुमार, फुलसर कुमार, जोगेन्द्र कुमार और शहबाज अंसारी है।

सभी आरोपी गोड्डा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के निवासी हैं। इस संबंध में देवदाड़ थाना कांड संख्या 04/26 दर्ज कर सभी गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में लगातार छापामारी अभियान जारी है।

दीप प्रज्वलन से शुरू हुआ संपूर्णता अभियान 2.0 उपायुक्त ने दिलाई शत-प्रतिशत लक्ष्य की शपथ

निज संवाददाता | दुमका

समाहरणालय सभागार में दीप प्रज्वलन के साथ संपूर्णता अभियान 2.0 का विधिवत शुभारंभ गुरुवार को हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को अभियान के तहत बेहतर, प्रभावी और परिणामोन्मुखी कार्य करने की शपथ दिलाई। शपथ के दौरान सभी विभागों ने यह संकल्प लिया कि निर्धारित सभी इंडिकेटरों को प्राथमिकता देते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूर्ण निष्ठा और आपसी समन्वय के साथ कार्य किया जाएगा। इसके बाद उपायुक्त ने हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की और अभियान के प्रति प्रतिबद्धता दर्शाते हुए अधिकारियों व कर्मियों के साथ सेल्फी लेकर उनका उत्साहवर्धन किया।

उपायुक्त ने बताया कि संपूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत रामगढ़ और जरमुंडी प्रखंड को आकांक्षी प्रखंड के रूप में चुना गया है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि सभी इंडिकेटरों पर गंभीरता से काम करते हुए लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य एवं पोषण से जुड़े इंडिकेटर पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने कहा कि जिले में जन्म लेने वाले प्रत्येक जीवित शिशु का जन्म के तुरंत बाद अनिवार्य रूप से वजन किया जाए और उसका विवरण एमसीपी कार्ड, रजिस्टर एवं पोर्टल पर दर्ज किया जाए, ताकि कम जन्म वजन वाले शिशुओं की समय पर पहचान हो सके।

इसके साथ ही पशु टीकाकरण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने रामगढ़ एवं जरमुंडी के लिए स्पष्ट एक्शन प्लान तैयार कर कार्य करने और जिले के सभी 10 प्रखंडों में मिशन मोड में टीकाकरण अभियान चलाने को कहा। उन्होंने 1962 मोबाइल वैन के प्रभावी संचालन के लिए रोड मैप बनाने, व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने, भीएचएनडी का 100 प्रतिशत आयोजन करने तथा एडीपी और एबीपी के तहत सभी इंडिकेटरों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी विभागों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए संपूर्णता अभियान 2.0 को सफल बनाने और इसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन सहित विभिन्न विभागों के वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

बजरंगबली की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कार्यक्रम आयोजित

निज संवाददाता | मेहरमा (गोड्डा)

प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास नवनिर्मित मंदिर में भगवान बजरंगबली के प्राण प्रतिष्ठा को ले कई प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान किए जा रहे हैं। जिससे यहां का माहौल भक्तिमय बना हुआ है। तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम बुधवार को जलाधिवास से शुरू हुआ। गुरुवार को अन्नाधिवास, पुष्पाधिवास व फलाधिवास तथा शुक्रवार को वस्त्राधिवास एवं मंत्रोच्चारण के साथ भगवान बजरंगबली का प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा। उस दिन 24 घंटे का अखंड संकीर्तन भी प्रारंभ होगा। धार्मिक अनुष्ठान के साथ सुबह- शाम आरती और भजन से माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया है।

इस अवसर पर आचार्य के रूप में धनंजय मिश्रा, उप आचार्य दिवाकर मिश्रा व छोटू झा तथा यजमान के रूप में प्रकाश साह, उनकी पत्नी शांति देवी, पुत्र राजन कुमार व उनकी पत्नी आंचल कुमारी ने पूरे धर्म निष्ठा से अपना कर्तव्य निभाया।कार्यक्रम को सफल बनाने में पुजारी क्रांति गोस्वामी, मंतोष पासवान, चुन्नाराम, अनिरुद्ध कुमार अनुज, मनोज साह, चंदन कुमार, आनंद मिश्रा, मुकेश कुमार, गुड्डू कुमार की अहम भूमिका रही।

इस प्रक्रिया का उद्देश्य निर्वाचन कार्य में ना रहे पक्षपात की संभावना : डीसी

मतदान कर्मियों के नियुक्ति पत्र हेतु प्रथम रैंडमाइजेशन संपन्न

निज संवाददाता | गोड्डा

जिला में नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 के तहत मतदान कर्मियों की नियुक्ति प्रक्रिया को पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त के द्वारा मतदान कर्मियों के नियुक्ति पत्र हेतु प्रथम रैंडमाइजेशन की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। यह रैंडमाइजेशन जिला निर्वाचन कार्यालय के निर्धारित सॉफ्टवेयर के माध्यम से एनआईसी कक्ष में किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों से प्रतिनियुक्त कर्मियों का चयन पूर्णतः यादृच्छिक (रैंडम) आधार पर किया गया। उपायुक्त ने बताया कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि निर्वाचन कार्य में किसी प्रकार की पक्षपात की संभावना न रहे तथा सभी मतदान कर्मियों की तैनाती निष्पक्ष रूप से हो। प्रथम रैंडमाइजेशन के उपरांत चयनित कर्मियों की सूची संबंधित कार्यालयों को भेजी जाएगी, ताकि आगे की निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण एवं अन्य आवश्यक तैयारियां समयबद्ध रूप से पूरी की जा सकें।

उपायुक्त ने सभी चयनित कर्मियों से निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का गंभीरता से पालन करने एवं अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की अपील की। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त दीपक कुमार दूबे, अपर समाहर्ता अंजली यादव, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पूर्णेन्दु, जिला सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी अभय कुमार झा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी फैजान सरवर, जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथिला टुडू, जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक कुमार, सूचना विज्ञान पदाधिकारी प्रमोद कुमार, संबंधित कोषांग के पदाधिकारीगण एवं जिला निर्वाचन कार्यालय अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

कृषि प्रौद्योगिकी अभिकरण के तहत सुखाड़ी में कृषक गोष्ठी आयोजित

किसानों को दी गई योजनाओं की जानकारी

निज संवाददाता | मेहरमा (गोड्डा)

प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सुखाड़ी पंचायत के सुखाड़ी गांव में कृषि प्रौद्योगिकी अभिकरण के तहत एक दिवसीय कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों एवं सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें जागरूक करना था।

कार्यक्रम में बीटीएम मनोज कुमार ठाकुर एवं पंचायत समिति सदस्य प्रमोद कुमार कर्ण मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान किसानों को प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अंतर्गत सोलर पंप की सुविधा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा इसके लाभ एवं आवेदन प्रक्रिया को समझाया गया। साथ ही किसानों को मिट्टी जांच कराने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि फसलों की उत्पादकता बढ़ाई जा सके। गोष्ठी में कृषक मित्र संतोष साह, मो. बदरूल, किसान इंदल साह, कटकी साह सहित सुखाड़ी पंचायत के सभी किसान उपस्थित रहे। सभी किसानों ने योजनाओं के प्रति रुचि दिखाई और कृषि विभाग से सहयोग की अपेक्षा जताई।

अधिकारियों ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से किसानों को नई तकनीक अपनाने में मदद मिलती है, जिससे उनकी आय में वृद्धि संभव हो।

गोड्डा नगर परिषद चुनाव 2026

वार्ड 09 से लक्ष्मी कुमारी ने ठोका दावा, कहा सुंदर, स्वच्छ और हरा-भरा वार्ड मेरा सपना

निज संवाददाता | गोड्डा

नगर निकाय चुनाव 2026 को लेकर गोड्डा नगर परिषद क्षेत्र में सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। इसी कड़ी में वार्ड नंबर 09 से लक्ष्मी कुमारी ने वार्ड पार्षद पद के लिए अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। नामांकन के साथ ही वार्ड की राजनीति में नई हलचल देखने को मिल रही है।

नामांकन के बाद लक्ष्मी कुमारी ने वार्ड नंबर 09 के मोहल्ला वासियों से आशीर्वाद की अपील करते हुए कहा कि उनका लक्ष्य गोड्डा नगर परिषद को सुंदर, स्वच्छ और हरा भरा बनाना है। उन्होंने चरणबद्ध प्रणाम करते हुए जनता से समर्थन मांगा और भरोसा दिलाया कि वार्ड की हर छोटी-बड़ी समस्या उनकी प्राथमिकता होगी। लक्ष्मी कुमारी ने कहा कि वार्ड नंबर 09 में साफ-सफाई, नाली-जलजमाव, सड़क, स्ट्रीट लाइट, पेयजल और हरियाली जैसी मूलभूत समस्याओं को लेकर वे लगातार लोगों के बीच रही हैं।

अब पार्षद बनकर इन समस्याओं का स्थायी समाधान कराना उनका संकल्प लिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लक्ष्मी कुमारी एक जमीनी उम्मीदवार हैं और वार्ड की समस्याओं को नजदीक से समझती हैं। ऐसे में उनके नामांकन से चुनावी मुकाबला और दिलचस्प हो गया है। अब देखना यह होगा कि वार्ड नंबर 09 की जनता किसे अपना प्रतिनिधि चुनकर नगर परिषद भेजती है। फिलहाल लक्ष्मी कुमारी के नामांकन के साथ ही चुनावी माहौल पूरी तरह गरमा चुका है।

नगर निकाय चुनाव को लेकर गोड्डा व महागामा के लिए बनाए गए सामान्य प्रेक्षक

निज संवाददाता | गोड्डा

नगरपालिका आम चुनाव हेतु IX-गोड्डा/06 गोड्डा नगर परिषद् क्षेत्र (वर्ग-ख) के लिए सामान्य प्रेक्षक के लिए अनन्त कुमार को नामित किया गया है।

वहीं कहा गया है कि नगरपालिका आम चुनाव, 2026 से संबंधित शिकायत के लिए निम्नांकित पता एवं समय पर (रविवार को छोड़कर) सम्पर्क करें। सम्पर्क स्थल :- गेस्ट हाउस, गोड्डा (पेट्रोल पम्प के सामने) समय- अपराह्न 4 बजे से 5 बजे तक प्रतिदिन (रविवार को छोड़कर) मेल या मोबाइल नंबर : 7050417245 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती हैं।

वहीं महागामा : नगरपालिका आम चुनाव हेतु IX-गोड्डा/11 महागामा नगर पंचायत क्षेत्र के लिए सामान्य प्रेक्षक के लिए महेंद्र कुमार को नामित किया गया है। नगरपालिका आम चुनाव, 2026 से संबंधित शिकायत के लिए - एक्सपर्ट गेस्ट हाउस, महागामा, समय- अपराह्न 3 बजे से 4 बजे तक प्रतिदिन (रविवार छोड़कर) मेल- मोबाइल नंबर- 9973950971 पर किया जा सकता है।

दुमका के गांवों में समाज कार्य की जीवंत पाठशाला

सेंट जेवियर्स यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने दस दिनों तक रचा सामाजिक बदलाव का मॉडल

निज संवाददाता | दुमका

सेंट जेवियर्स यूनिवर्सिटी, कोलकाता के समाज कार्य विभाग के मास्टर ऑफ सोशल वर्क के विद्यार्थियों ने जामा प्रखंड की नवाडीह पंचायत अंतर्गत धावाडीह और कुकुरथोपा गांवों में दस दिवसीय ग्रामीण शिविर 2026 का सफल आयोजन कर ग्रामीण विकास और सामाजिक सशक्तिकरण की नई मिसाल पेश की। 27 जनवरी से 5 फरवरी तक चले इस शिविर का उद्देश्य समावेशी, मजबूत और जागरूक ग्रामीण समुदाय के निर्माण की व्यवहारिक समझ विकसित करना रहा। शिविर स्थल का चयन विद्यार्थियों ने संकाय सदस्यों के मार्गदर्शन में किया, जो उनके पाठ्यक्रम की अनिवार्य शैक्षणिक प्रक्रिया का हिस्सा है। इस दौरान विद्यार्थियों ने ग्रामीणों के साथ सहभागी दृष्टिकोण अपनाते हुए घर-घर सर्वेक्षण, समुदाय एवं स्वयं सहायता समूहों के साथ बैठकें, जन-सक्रियता कार्यक्रम, बच्चों, महिलाओं और युवाओं के लिए खेल एवं जागरूकता गतिविधियाँ तथा जैविक पोषण उद्यान पर कार्यशालाएँ आयोजित कीं।

विद्यार्थियों ने आंगनवाड़ी केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, जनजातीय स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों और विद्यालयों का दौरा कर स्थानीय सेवाओं, समस्याओं और चुनौतियों को नज़दीक से समझा। साथ ही जेएसएलपीएस, आर एस ई टी आई इंडियन बैंक, एक नई दिशा संस्था और बिरसा विकलांग संघ जैसे विकास संगठनों के भ्रमण से उन्हें झारखंड के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य की व्यापक समझ मिली।

समापन अवसर पर एक नई दिशा संस्था के प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों की प्रतिबद्धता, सीखने की ललक और समुदाय के प्रति संवेदनशील व्यवहार की सराहना करते हुए इसे ग्रामीण समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।